| 82 | मो.सा. स्कुटी प्लेजर लाल रंग | - | - | JF16EBAGM1007 |
| 83 | मो.सा. हिरोहोण्डा काला रंग | - | 00E20F14031 | 00E18E14032 |
| 84 | मो.सा. यामहा क्रक्स | - | 0205KA104317 | SKA104317 |
| 85 | मो.सा. टीवीएस विक्टर लाल रंग | MP04MJ6035 | MD625KF5371D91265 | AF5D71861800 |
| 86 | मो.सा. हीरोहोण्डा स्पेलंडर प्लस काला रंग | - | O5L16C22339 | - |
| 87 | मो.सा. हीरोहोण्डा मेहरून कलर | - | - | HA10AGJHM23181 |
| 88 | मो.सा. हीरोहोण्डा स्पेलंडर | MP50B4770 | - | 01D20F25885 |
| 89 | मो.सा. हीरोहोण्डा साईन ग्रे कलर | MH35AF1486 | ME4JC73HT027073 | JC73EJL064214 |
| 90 | मो.सा. हीरोहोण्डा स्पेलंडर प्लस काला रंग | - | MBLHA09J8HA14052 | 99E17F |
| 91 | सायकल हीरो नियान नीले रंग | - | - | - |
| 92 | सायकल हीरो स्प्रिंट काले रंग | - | - | - |
| 93 | सायकल गोल्ड कम्पनी | - | - | - |
| 94 | सायकलं स्पोर्ट कम्पनी लाल रंग | - | - | - |
| 95 | सायकल गैंग नीला रंग | - | - | - |
| 96 | सायकल हीरो नियोन कम्पनी लाल रंग | - | - | - |
| 97 | सायकल रेजो वैक सिल्वर रंग | - | - | - |
| 98 | सायकल (02) बड़ी सायकल | - | - | - |
| 99 | सायकल हीरो इंडिया गोल्ड जामुनी रंग | - | - | - |
| 100 | सायकल हीरो हरे रंग | - | - | - |
| 101 | सायकल रेंजर ब्राउन रंग | - | - | - |
| 102 | सायकल एवन ब्लैक रंग रेंजर | - | - | - |
| 103 | सायकल क्रास बोल्ट रेंजर काले रंग | - | - | - |

उपरोक्त वाहनों के स्वामित्वधारियों को आम ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 21/01/24 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बालाघाट में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें । नियत तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर उक्त जप्तशुदा वाहनों की निलामी की कार्यवाही की जावेगी । नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी ।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

**कलेक्टर**
**जिला बालाघाट (म.प्र.)**

G-17704/23

## खजुराहो सहित 27 स्टेशनों का होगा उन्नयन

**प्रधानमंत्री और रेल मंत्री 6 को करेंगे भूमिपूजन**

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सहित प्रदेश के 27 रेलवे स्टेशनों का उन्नयन किया जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 6 अगस्त को सुबह 9 बजे अमृत भारत योजना के तहत देश के 506 स्टेशनों के उन्नयन कार्य का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। आयोजन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो स्टेशन पर मौजूद रहेंगे और इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत योजना के तहत देश के 506 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है। खजुराहो स्टेशन को भी भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की तरह ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर स्टेशन बनाया जाएगा।


### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.15 सुहागी नगर निगम, जबलपुर

प्र.क्र. :संभा.अधि./राजस्व/एम-66
दिनांक 02/08/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल पाण्डे पिता श्री राम पाण्डे एवं श्रीमति किरण पाण्डे पति श्री अनिल पाण्डे के द्वारा वार्ड क्र. 73 भगवान परशुराम वार्ड के निगम सम्पत्ति आईडी क्र. 1002748484 के पंजीकृत स्वामी जय मां कंस्ट्रक्शन पार्टनर नीरज जिंदल पिता स्व. श्री सुदर्शन कुमार जिंदल के नाम से दर्ज खसरा नं. 532/1, 2, 533, 534, 535, 536 अनमोल बाटिका का दर्ज शेष रकवा 1765 वर्गफुट जिसका मौजा करमेता का ले-आउट प्लाट क्रं. एफ-8 का विक्रय प्लाट रकवा 800 वर्गफुट खसरा नं. 534 का भाग की विक्रय/क्रय की गई संपत्ति पर वर्ष 2023-24 में किये गये निर्माण तल मंजिल 700 वर्गफुट, प्रथम मंजिल 800 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्ति लेजर रिपोर्ट एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 15 सुहागी में दस्तावेज/प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं. 15 सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 2707385K, GDR YASHWENDRA SINGH CHAUHAN UNIT- 14 GRENADIERS निवासी VILLAGE-PILUWA, POST- DEVLANE, TEH- TODABHIM, DISTT- KARAULI, SATE- (RAJ.) PIN- 322254 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम VEERAVATI DEVI एवं मेरे पिताजी का नाम SHIVRAJ SINGH CHAUHAN एवं मेरी पत्नी का नाम MEENAKSHI NAROOKA एवं मेरे पुत्र का नाम ABHISHEK RAJPUT दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही नाम VEERMATI एवं मेरे पिताजी का सही नाम SHIVRAJ एवं मेरी पत्नी का सही नाम MEENAKSHI NARUKA एवं मेरे पुत्र का नाम ABHISHEK RAJPOOT है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता जी एवं मेरे पिताजी एवं मेरी पत्नी एवं मेरे पुत्र के इन नामों को को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

### मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम इकाई का नाम कल्चुरी रेसीडेंसी जबलपुर

फोन नंबर- 0761-2678491, 2678492
क्रमांक. 03 दिनांक 02/8/23

**नीलामी सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम होटल कलचुरी रेसीडेंसी जबलपुर के अनुपयोगी सामग्री को नीलाम किया जाना है। निविदा के नियम व शर्ते तथा निविदा फार्म इकाई कलचुरी रेसीडेंसी जबलपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं एवं जो सामान जिस स्थिति में जहाँ है, वैसे ही नीलाम किया जावेगा एवं नीलामी में समिति का ही निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा तथा नीलामी उपरांत जो भी राशि निर्धारित होगी उसमें 18 प्रतिशत टैक्स अतिरिक्त होगा।

नीलामी की तारीख 08/08/2023 समय दोपहर 02.00 बजे निर्धारित की गई।

**प्रबंधक**
**कलचुरी रेसीडेंसी जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय
2023/24/एम/18 दिनांक 02.08.23

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल सेन पिता स्व. श्री डॉ. जयनारायण सेन 2. श्रीमती डॉ. सुखदा सेन पति स्व. श्री डॉ. जयनारायण सेन 3. श्रीमती रश्मि सेन पति श्री अभिलाष सेन ने मकान नं. 115 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1500 व.फु. भूतल 874+483 व.फु. प्रथम तल 1403 व.फु. द्वितीय तल 1472+304 व.फु. तृतीय तल 596 व.फु. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय**
**नगर निगम , जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय
2023/24/एम/119 दिनांक 02.08.23

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल सेन पिता स्व. श्री डॉ. जयनारायण सेन 2. श्रीमती डॉ. सुखदा सेन पति स्व. श्री डॉ. जयनारायण सेन 3. श्रीमती रश्मि सेन पति श्री अभिलाष सेन ने मकान नं. प्लाट नं. 208 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1160 व.फु. भूतल 500 व.फु. प्रथम तल 500 व.फु. द्वितीय तल 200 व.फु. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय**
**नगर निगम , जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय
2023/24/एम/120 दिनांक 02.08.23

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेश कुकरेजा पिता श्री हासानंद कुकरेजा ने मकान नं. 2897 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल.. भूतल ... प्रथम तल 462 व.फु.,द्वितीय तल 462 व.फु., तृतीय तल 462 व.फु. दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय**
**नगर निगम , जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.31/07/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति किरन कुशवाहा पति श्री बाबू कुशवाहा ने वार्ड क्र. 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द्र बेनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 606/220 आरती डायस अपार्टमेंट तीसरी मंजिल फ्लेट नं. 405 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000398282 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ..... व.फु. जिस पर निर्मित तृतीय तल 800 व.फु. आर.सी.सी. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दान पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वयीसतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/बंटवारानामा, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री मैथ्यू जार्ज पिता श्री ए.के. जार्ज का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

### समक्ष-न्यायालय श्री रुपेश सिंघई अनुविभागीय अधिकारी, रांझी जबलपुर

**आम इश्तहार**

क्रमांक/460/प्रवा./एस.डी.एम.रां./23
राजस्व प्रकरण क्रमांक/0063/अ-6 (अ)/2023-24
जबलपुर, दिनांक 31/07/2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि:- अपीलार्थी श्री नफीस बेग पिता स्व. श्री मिर्जा हमीद बेग निवासी छोटी ओमती जबलपुर (म.प्र.)

**विरुद्ध**

गैर अपीलार्थीगण क्रमांक 1- श्रीमती रेहाना, 2- अफजल, 3-अब्दुल समद, 4- असलम, 5-फरजाना रेहाना, 7-अफसाना सभी के पिता स्व. श्री अहमद बेग सभी निवासी छोटी ओमती जबलपुर (म.प्र.)

अपीलार्थी के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवेदन में लेख किया है कि ब्लाक नंबर 94 प्लाट नंबर 21/3 रकवा 466 वर्गफुट है। आवेदक एवं अनावेदकगण की दादी की मृत्यु उपरांत फौती दुरूस्ती हेतु न्यायालय तहसीलदार नजूल रांझी(ओमती) के राजस्व प्रकरण क्रमांक 46/अ-6/2011-12 में पारित आदेश दिनांक 18/05/2012 के अनुसार अभिलेख दुरूस्ती किया गया, जिसमें त्रुटिवश आवेदक के पिता का नाम हमीद खान दर्ज कर दिया गया है। नजूल खसरे में आवेदक के पिता का नाम मिर्जा हमीद बेग के स्थान पर हमीद खान दर्ज हो गया है। जिसको राजस्व अभिलेखों में सही नाम मिर्जा हमीद बेग किया जाना है।

अत: जिस किसी व्यक्ति/संस्था/अनावेदकगण, को आपत्ति हो तो समस्त दस्तावेजों सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के साथ कक्ष 22 अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग रांझी जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट जबलपुर में कार्यालयीन समय 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करने पर मान्य नही की जावेगी। मेरे न्यायालय की मुहर एवं पदमुद्रा तथा हस्ताक्षर से आज दिनांक 31/07/2023 को जारी।

**जारी दिनांक 31/07/2023**
**पेशी दिनांक 18/08/2023**

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रांझी, जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 857

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मनोज रजक, दुर्गेश रजक एवं विमल रजक सभी निवासी म.नं. 1036 सीताराम बिल्डिंग, आई.टी.आई. के पीछे जबलपुर द्वारा श्री ओम प्रकाश मतानी निवासी म.नं. 441 मनोहर नगर, दीन दयाल चौक, कृषि उपज मंडी के पास जबलपुर से नं.बं. 497 प.ह.नं. पुराना 26/23 नया 78 रा.नि.म. महाराजपुर भगवान परशुराम वार्ड क्र. 73 तहसील आधारताल जिला जबलपुर में स्थित भूमि डायवर्सन एवं पी-2 खसरा नंबर 489/3 एवं खसरा नंबर 490/3 कुल रकबा 0.2536 हेक्टे. का भाग प्रा.ले. आउट प्लॉट नंबर 27 का भाग रकबा 10X50=500 वर्गफुट प्लॉट नंबर 28 का रकबा 15X50=750 वर्गफुट प्लॉट नंबर 29 का रकबा 5X50=250 वर्गफुट कुल प्लॉट रकबा 30X50=1500 वर्गफुट (139.40 वर्ग मीटर) उपरोक्त प्लॉट का सौंदा तय हुआ है। किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक वित्तीय संस्थान, सरकारी एवं निजी संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर आपत्ति दस्तावेजो के साथ मेरे ऑफिस में प्रस्तुत करें। समय अवधि व्यतीत हो जाने के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार्य नही होगी एवं मेरे पक्षकार विक्रय पत्र अपने पक्ष में करानें हेतु पूर्व रूप से स्वतंत्र होगें।

**विजयंत मिश्र (एडवोकेट)**
**कार्यालय फ्लेट नं. 301 रूपम टावर्स, इंडियन आइल पेट्रोल पंप के पास, राईट टाऊन, जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं.- 9981402197**

र.नं. 858

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

प्रकरण क्रमांक/0722/अ-6/2023-2024

**आम इश्तहार**

आम और खास को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती/कु. नीना भट्टाचार्य पत्नी/पुत्री आलोक भट्टाचार्य के द्वारा के आधार पर स्वयं का नाम मौजा पुरवा प.ह.नं. 28/33 खसरा नं. 69/2/2 प्लाट नं. 02 रकवा 1186.29 वर्गफुट भूमि पर शासकीय रिकार्ड में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज सहित न्यायालय में प्रस्तुत किया है । अत: उक्त उपरोक्त का नाम दर्ज करने में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आम इश्तहार जारी होने के 15 दिवस के भीतर ही आपत्ति स्वीकार की जावेगी। आज दिनांक 31/07/2023 को पदमुद्रा से इश्तहार जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**गोरखपुर जबलपुर**

र.नं. 856

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर -जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0631/अ -6/2023-24

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रेमशील भटनागर पिता स्व. श्री व्ही.एस. भटनागर निवासी पंचशील नगर ग्वारीघाट जबलपुर के द्वारा पंजीकृत वसीयत नामा दिनांक 18/10/2010 के माध्यम से मौजा ग्वारीघाट प.ह.नं. 45 खसरा नं 78/4/2/1/4 शीट नं. ... प्लाट नं. ... रकवा ... वर्गफुट, वसीयतकर्ता श्रीमती स्व. कमला भटनागर पत्नी स्व. व्ही.एस. भटनागर से भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 17/8/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/8/2023 को जारी।

**जारी दिनांक 03/08/2023**
**पेशी दिनांक 17/08/2023**

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर जबलपुर**

र.नं. 860

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर -जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0646/अ -6/2023-24

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रेमशील भटनागर पिता स्व. श्री व्ही.एस. भटनागर निवासी पंचशील नगर ग्वारीघाट जबलपुर के द्वारा पंजीकृत वसीयत /इच्छा पत्र दिनांक 18/10/2010 के माध्यम से मौजा ग्वारीघाट प.ह.नं. 45 खसरा नं 77/9, 78/7, 78/3क शीट नं. ... प्लाट नं. 99,100 रकवा 17200 वर्गफुट, वसीयतकर्ता स्व. श्रीमती कमला भटनागर पत्नी स्व. व्ही.एस. भटनागर ने वसीयत की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 17/8/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/8/2023 को जारी।

**जारी दिनांक 03/08/2023**
**पेशी दिनांक 17/08/2023**

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर जबलपुर**

र.नं. 859

जबलपुर, शुक्रवार 04 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि 'सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।' प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि 'इसके लिए, हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।' वे तो यहां तक कह गये कि 'किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है।' वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है।

मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवत: भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा-सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढे से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता। भरी गर्मी में होने वाली आम सभाओं में दर्जनों लू से मर जाएं या बीमार हो जायें तो भी किसी व्यक्ति, अफसर, विधायक मंत्री या सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यदि ऐसा किया भी गया तो बचाव में पूरी ट्रोल आर्मी उतर आती है। एक नहीं, सैकड़ों ऐसे मामले हो चुके हैं जिनमें दोषी या अपराधी सामने दिखता है परन्तु वह महफूज़ रहता है। इसका कारण यही है- उत्तरदायित्वहीनता।

हाल की कुछ घटनाएं भी इसी गैर जिम्मेदाराना रवैये की मिसालें हैं। मणिपुर की बात करें तो यहां पिछले कुछ वर्षों से आग सुलग रही थी। कुकी एवं मैतेइयों के बीच चल रही हिंसक झड़पों को पूरी तरह से वहां की सरकार और केन्द्र ने नज़रंदाज़ ही नहीं किया वरन एक पक्ष के साथ खड़े होकर आग को भड़कने दिया। वहां अल्पसंख्यक कुकी लोगों को मारा गया, चर्च जलाये गये परन्तु डबल इंजन की सरकार चुप रही। मामला पहले तो विदेश तक पहुंचा और जब अमेरिका में बड़ी मजबूरी में प्रेस के सामने गये मोदी से इस बाबत प्रश्न किये गये तो उन्होंने यह बताने की बजाय कि उनकी सरकार स्थिति को सुधारने के लिये क्या कर रही है, यह समझाते रहे कि 'लोकतंत्र भारत के डीएनए में है।' उन्हें तो यह बतलाना चाहिये था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व विकास के लिये क्या कर रहा है। देश के इतिहास के भीषणतम दंगों में से एक कहे जाने वाले घटनाक्रम के दौरान का 4 मई का वह वीभत्स वीडियो जब देश-दुनिया के सामने आया तो भी राज्य या सरकार का कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने वैसे ही दिखावे का प्रकटीकरण करते हुए सार्वजनिक तौर पर अपना इस्तीफा दिया व प्रायोजित तरीके से एक समर्थक द्वारा फड़वाकर जेब में रख लिया, जैसे मोदी जी ने चलते सत्र में संसद के भीतर बयान देने की बजाय बाहर आकर 36 सेकंड का वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने अपने क्रोध व पीड़ा का इज़हार किया था। उसके बाद से आज तक संसद बार-बार विपक्ष की इस मांग को लेकर ठहर रही है कि पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत चर्चा हो, लेकिन सत्ता दल इंकार कर रहा है और प्रधानमंत्री राजस्थान में सभाएं कर रहे हैं। तो गृह मंत्री अमित शाह भी बराबरी के जिम्मेदार हैं वे कानून-व्यवस्था सुधारने की बजाय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में अगले चुनाव की तैयारी बैठकें कर रहे हैं। उलटे, संसद में गतिरोध के लिये भी वे मानते हैं कि विपक्ष ही जिम्मेदार है।

अलबत्ता, जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां एक चींटी भी मरे तो पूरी भाजपा, उनके समर्थक, मीडिया को क्षण भर में पता चल जाता है। तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें- उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वासपात्र लोगों में से एक हैं जो पीएम बनने के पहले कहते थे कि 'मैं हर बात के लिये एकाउंटेबल रहूंगा। एक बच्चा भी मुझसे सवाल कर सकता है और मैं जवाब दूंगा'

# हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं

कबीले के सरदार ने अपने एक लड़ाके को दुश्मन कबीले के भीतर दाखिल होकर एक आदमी को जान से मारने के लिए भेजा। उसे बताया गया था कि उस आदमी के पास हमारे कबीले को तबाह करने की ताकत है और जो उसे मार दिया तो हम हर खतरे से मुक्त हो जाएंगे। उसे बताया गया कि उस कबीले में हमारा एक आदमी पहले से खुफ़िया ढंग से मौजूद है जो वहां पहुंचते ही कैसे और किसे मारना है, इसकी योजना समझा देगा। अपने कबीले को बचाने का जोशीला भाषण सुन लड़ाका तुरंत तैयार हो गया और चल पड़ा अपना भाला और तीर-धनुष लेकर। रास्ते में घना जंगल था। अंधेरा होने पर वह सतर्क था लेकिन एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। होश आया तो वह एक मचान पर दो लोगों से घिरा हुआ था। उनमें से एक युवा था और दूसरा कुछ उम्रदराज़। पास में कुछ खाना और पानी रखा हुआ था। लड़ाके को होश में आया देख दोनों के चेहरे पर ख़ुशी और तसल्ली का भाव था। उम्र में बड़े व्यक्ति ने फख्र से अपनी जड़ी-बूटी की ओर इशारा करते हुए बताया कि तुम पर तो एक बाघ ने हमला कर दिया था, वो तो सही समय पर तुम्हें इसने देख लिया वरना तुम्हारा बचना नामुमकिन था। लड़ाके की आंखों में विनम्रता और धन्यवाद का भाव था। दोनों ने मिलकर लड़ाके के साथ भोजन किया और शिकार से जुड़े अपने कई अनुभव भी साझा किये। अगले दिन सुबह लड़ाका विदा हुआ तो उसे लगा जैसे किसी मित्र से जुदा हो रहा है। अनुभवी व्यक्ति से उसने हाथ जोड़कर विदा ली, मानों जान बचाने का आभार व्यक्त कर रहा हो। जिस उद्वेलित मन से वह घर से चला था अब वह कमोबेश शांत और खुश था। दो दिन के सफर के बाद वह उस कबीले के अड्डे पर पहुंचा। पहुंचते ही उसके खुफ़िया साथी ने जिस आदमी को उसे मारना था उसका चेहरा दिखाया। वह हैरान रह गया क्योंकि वह जंगल में उसकी जान बचाने वाला वही उम्रदराज़ व्यक्ति था। लड़ाके के हाथ जैसे भारी हो गए थे। भाला उठता ही न था और अचानक से उसने फ़ैसला लिया। चाहे कुछ भी हो जाए वह उन पर हाथ नहीं उठाएगा। आख़िर क्यों मारना चाहिए मुझे इन्हें? ये भी मेरे जैसे हैं, मेरी ही तरह जीवन की चुनौतियों को जी रहे हैं। मैं इन्हें नहीं मार सकता।

इस छोटी सी कहानी को यहां लिखने का मकसद केवल इतना है कि मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है और उनके जरिये अनजान लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सड़कों पर लोगों के वाहन फूंके जा रहे हैं। उनकी अलग पहचान स्थापित की जा रही है ताकि दूरियां बन सके। समूचा प्रचारतंत्र इस काम में झोंक दिया गया है। उसके बाद एक संविधान से चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में घृणित अपराधों को अंजाम देने वालों को कवच भी दिया जाता है। हमने सुना था कि पहले दंगा भड़काने के लिए मंदिरों के सामने गाय और मस्जिद के सामने सूअर काटकर फेंक दिए जाते थे। बलवा करवाने वालों का काम हो जाता था। हाल ही में अनुभव सिन्हा ने 'अफ़वाह' नाम की बढ़िया फिल्म बनाई है। भीड़ जिस ट्रक को गौमाता का समझकर पीछा करती है उसमें से गधे बाहर आते हैं। इस नए ज़माने में अब खुद को गौरक्षक बताने वाला वीडियो भेजकर चुनौती देता है, उकसाता है और फिर ब्रज अंचल से लगे हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा कई लोगों की जान ले लेती है। व्यवस्था इन दंगों को किसी साज़िश का नतीजा बताकर मुंह पर चादर लपेट कर सो जाती है। ये दंगाई कई सालों से कभी लोगों के फ्रिज में गौमांस ढूंढते हैं तो कभी जानवरों से भरी गाड़ियों को कसाईखाने ले जाई जा रही बताकर भीड़ द्वारा हमला करा देते हैं। चालक को मार देते हैं और जहरीली गैस से भरे गुब्बारे इकट्ठा कर फ़साद करा दिए जाते हैं। ये गुब्बारे 2017 से ट्रेन में भी चढ़ रहे हैं। तब 17 साल के एक बच्चे को ट्रेन में सीट साझा करने के विवाद में मार दिया गया था। अब ये गुब्बारे वर्दी में भी होते हैं। ये यात्रियों की रक्षा के लिए दी गई बन्दूक का इस्तेमाल उन्हें ही मौत के घाट उतारने में कर रहे हैं। देशवासियों में ऐसा डर बैठ गया है कि वे अब यात्रा से डरने लगे हैं। बेरोज़गारी और बेहिसाब मंहगाई से जूझते इंसान बड़ी आसानी से ऐसे गुब्बारों में तब्दील हो रहे हैं। भारत के एक फीसदी अमीरों के पास देश की चालीस फ़ीसदी समृद्धि पर कब्ज़ा हो और पचास प्रतिशत के पास केवल तीन फ़ीसदी संसाधन हो तो इस अभाव में ज़हर भरना कौन सा मुश्किल काम है?


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है।**


तब क्या कोई उम्मीद नहीं है? मणिपुर, नूंह और ट्रेन में हत्याएं होती रहेंगी और महावीर, बुद्ध और गांधी का यह देश इसी तरह खून से सना रहेगा? कभी अंग्रेज़ों के आगे अपने बलिदान का लहू बहाने वाले देश में अब बेवजह बेगुनाहों का खून बहता रहेगा? क्या हुक्मरान इस खून को अपने वोटों की फसल के लिए खाद की तरह देख रहे हैं? अगर नहीं तो खुलेआम नरसंहार की बात करने वाले क्यों अब तक आज़ाद घूम रहे हैं? क्यों धार्मिक जुलूसों को वही रास्ता चुनना है जहां दंगा भड़क सकता है और क्यों पुलिस उन्हें यह अनुमति भी देती है? उम्मीद की किरण उत्तर प्रदेश के बरेली से आती दिखाई देती है जहां के पुलिस कमिश्नर प्रभाकर चौधरी ने कावंड़ियों की उस ज़िद को नहीं माना जिसमें वे अपना निर्धारित रास्ता बदलना चाहते थे। नतीजतन चंद घंटों में प्रभाकर का तबादला कर दिया गया। 2010 बैच के इन आईपीएस अधिकारी के अब तक 21 बार तबादले हो चुके हैं। अधिकारी जिसकी वजह से बवाल होने से बच गया उसे सम्मान की जगह ट्रांसफर मिलता है। अधिकारी के पिता का साफ़ कहना है कि उनका बेटा बेहद ईमानदार ऑफिसर है और नेताओं से ज़रूरी दूरी बनाए रखता है। इसी का नतीजा है कि बार-बार उसका तबादला कर दिया जाता है। उम्मीद से भरी टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की है जब मणिपुर की हिंसा को लेकर न्यायाधीश ने पूछा कि कितने लोग गिरफ्तार हुए, कितनी एफआईआर दर्ज़ हुई और क्या दो महीने हालत ऐसे थे कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने वह किया है जो सरकार या फिर केंद्र सरकार को करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के डीजीपी को जानकारी देने के लिए हाज़िर होने के लिए कहा है। यदि कोर्ट द्वारा जनता के लिए अधिकारी को यूं तलब करना पड़े, तो यह वही परिस्थिति है कि कार्यपालिका अपने कर्तव्य में नाकाम रही है। एक बात और है। जो पक्ष-विपक्ष की बहस में उलझेंगे तो नुकसान और ज़्यादा होगा। अभी नूंह से गरीब मजदूरों का पलायन हो रहा है। बाद में पूरे देश से होगा। उद्योग चौपट होंगे। आग में सबसे पहले घर बचाना ज़रूरी है। ये नेता लोग सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए कभी भी किसी भी छतरी के नीचे चले आते हैं और आप इनके लिए लड़ने मरने को तैयार रहते हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है-'चार बातें ध्यान में रखने लायक हैं: आज का नारा- जय जगत, हमेशा का नारा- जय जगत, हमारा नारा- जय जगत, सबका नारा- जय जगत। आज का, कल का, परसों का नारा यही है। इसी से उद्धार होने वाला है। ऐसा तभी होगा जब सोच में एकरूपता आएगी अन्यथा अनेक कारणों दरारें पड़ेंगी, धर्मभेद, जातिभेद, पंथभेद, भाषाभेद, ऐसे टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। समाज की गाड़ी यहीं रुकी हुई है। सब एक दूसरे का हित देखें। इसी में सबका कल्याण है।

**( लेखिका स्वतन्त्र पत्रकार हैं )**

# इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है?

पिछले नौ सालों से भाजपा हमारे देश पर शासन कर रही है। विपक्षी पार्टियों को धीरे-धीरे यह समझ में आया कि भाजपा सरकार न तो संविधान की मंशा के अनुरूप शासन कर रही है और न ही उसकी रूचि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित समावेशी भारत के निर्माण में है। भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों को कमज़ोर करने के लिए कर रही है। इसके अलावा, उसकी नीतियां सरकार के साथ सांठगांठ कर अपना उल्लू सीधा करने वाले पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाली हैं। वह प्रजातांत्रिक अधिकारों को भी कुचल रही है। उसकी राजनीति राममंदिर, लवजिहाद और अन्य अनेक किस्मों के जिहादों, गाय, गौमांस और पहचान से जुड़े मुद्दों के अलावा, हमारे एक पड़ोसी देश पर अति-राष्ट्रवादी कटु हमले करने पर केन्द्रित है। उसकी नीतियों से आम लोगों, और विशेषकर गरीब और कमज़ोर वर्गों, की परेशानियां बढ़ीं हैं। चाहे वह नोटबंदी हो, कुछ घंटों के नोटिस पर देशव्यापी कड़ा लॉकडाउन लगाने का निर्णय हो, बढ़ती हुई बेरोजग़ारी और महंगाई हो या दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों के दमन में बढ़ोतरी हो- इन सबसे आम लोगों को ढेर सारी परेशानियां भुगतनी पड़ रही हैं।

भाजपा इस देश की सबसे धनी पार्टी है। उसने इलेक्ट्रोरल बांड्स के ज़रिये अकूत धन इकट्ठा कर लिया है। पीएम केयर फण्ड भी पार्टी की तिजोरी भरने का साधन बन गया है। इसके अलावा, पार्टी को आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों के लाखों कार्यकर्ताओं के रूप में प्रचारकों की एक विशाल फ़ौज उपलब्ध है। ये सभी चुनाव के दौरान और वैसे भी भाजपा के लिए काम करते हैं।


राम पुनियानी

**विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है।**

इस पृष्ठभूमि में गैर-भाजपा पार्टियों ने 'इंडिया' (भारतीय राष्ट्रीय विकास और समावेशिता गठबंधन) का गठन किया है। इस गठबंधन को बैंगलोर में इन पार्टियों के दूसरे सम्मलेन में आकार दिया गया। बैंगलोर में 26 राजनैतिक दलों ने प्रजातंत्र और संविधान को बचाने और भाजपा, जिसका संगठन मतदान केंद्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है और जो एक बढ़िया मशीन की तरह काम करता है, से मुकाबला करने के लिए एक साथ मिल कर काम करने का निर्णय लिया है।

इस संगठन के ठोस स्वरूप लेने से भाजपा चौंकन्ना और परेशान हो गई। सबसे पहले उसने एनडीए (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन) को डीप फ्रीजर से बाहर निकाला। इसमें 38 पार्टियां शामिल हैं, जिनमें से कुछ को छोड़कर सभी अनजान हैं। एनडीए के सम्मलेन में जो बैनर लगाया गया था उसमें केवल शीर्ष नेता का चित्र था और बाकी पार्टियों के नेता उनके आगे दंडवत कर रहे थे।

विपक्षी गठबंधन को इंडिया का नाम देने का निर्णय सचमुच बेहतरीन था और इससे भाजपा और उसके साथी बहुत घबरा गए। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को भला-बुरा कहने के अलावा यह भी कहा कि इस नाम का इस्तेमाल अनुचित है। उनके अनुसार इससे चुनाव में मतदाता भ्रमित हो सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने खबर दी है कि इस सिलसिले में दिल्ली के बाराखम्बा पुलिस थाने में एक शिकायत भी भाजपा नेताओं ने दर्ज करवाई है।

भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा इस बहस को एक कदम और आगे ले गए। उनके अनुसार इंडिया और भारत शब्द दो अलग-अलग सभ्यताओं के प्रतीक हैं। अंग्रेजों ने हमारे देश को इंडिया का नाम दिया था और हमें इस औपनिवेशिक विरासत से स्वयं को मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने 'भारत' के लिए संघर्ष किया था और हमें भारत के निर्माण के लिए काम करना चाहिए।

सरमा पर तीखा पलटवार करते हुए कांग्रेस के जयराम रमेश ने ट्वीट किया:'उनके (सरमा) गुरूजी, श्री मोदी ने पहले से चली आ रही योजनाओं को नए नाम दिए- स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से 'टीम इंडिया' के रूप में काम करने को कहा। यहां तक कि उन्होंने 'वोट इंडिया' की अपील भी की। ज्योंही 26 पार्टियों ने अपने गठबंधन को इंडिया का नाम दिया, उन्हें फिट आ गया और वे इंडिया शब्द के इस्तेमाल को 'औपनिवेशिक मानसिकता' का प्रतीक बताने लगे।'

प्रधानमंत्री इससे इतने परेशान हो गये कि उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल को 'बीजेपी फॉर इंडिया' से 'बीजेपी फॉर भारत' में बदल दिया। प्रधानमंत्री के सभ्यताओं और मूल्यों के टकराव की बात करते ही हिन्दुत्ववादी लेखकों में इस मुद्दे पर लिखने की होड़ मच गयी। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित ने लिखा, 'भारत को मात्र संविधान से बंधे एक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना उसके इतिहास, उसकी प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता की उपेक्षा करना है।' इसी गुट के अन्य लेखक तर्क दे रहे हैं कि सभ्यतागत मूल्यों को भारतीय संविधान के मूल्यों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

भारतीय सभ्यता की इन लेखकों की व्याख्या संकीर्ण है और केवल हिन्दू धर्म की ब्राह्मणवादी परंपरा पर केन्द्रित है। वे भारतीय सभ्यता की हूण और यूनानी सभ्यता से अंत:क्रिया को नजरअंदाज़ कर रहे हैं और भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म के आगमन को नीची निगाहों से देखते हुए उसे हमारी सभ्यता पर 'विदेशी आक्रमण' ठहरा रहे हैं। यह आख्यान, जवाहरलाल नेहरु की भारतीय सभ्यता की समझ से एकदम उलट है। नेहरु ने लिखा है, 'भारत एक ऐसी स्लेट है जिस पर एक के बाद अनेकानेक परतों में नए-नए विचार लिखे गए परन्तु कोई भी नयी परत, पिछली परत को पूरी तरह छुपा या मिटा न सकी।'

हेमंत सरमा एंड कंपनी के लिए भारतीय संस्कृति का अर्थ है वह कथित गौरवशाली काल जब ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला था। वे तो चार्वाक, बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक और भक्ति-सूफी संतों जैसे विशुद्ध भारतीयों की परंपरा को भी स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वे रोमिला थापर, इरफ़ान हबीब, रामशरण शर्मा और हरबंस मुखिया जैसे 'वामपंथी' इतिहासकारों से नफरत करते हैं क्योंकि उनकी दृष्टि में भारतीय सभ्यता का अर्थ है जाति और लिंग आधारित ऊंच-नीच। इन मेधावी इतिहासविदों ने समाज के गहरे सच को उजागर किया। उन्हें केवल 'शासक के धर्म' से मतलब नहीं था। उन्होंने दलितों, महिलाओं और आदिवासियों सहित समाज के सभी वर्गों की बात की और भारतीय सभ्यता की असली विविधता को हमारे सामने रखा।

दरअसल, दक्षिणपंथी विचारधारा ही औपिनिवेशिक विरासत की असली वाहक है। वह इतिहास को उसी चश्मे से देखती है जिस चश्मे को हमारे औपनिवेशिक आकाओं ने हमें दिया था। हमारे विदेशी शासक समाज को धर्म के आधार पर बांटना चाहते थे और इसलिए उन्होंने सांप्रदायिक इतिहास लेखन को प्रोत्साहन दिया जो इतिहास को तत्कालीन राजा के चश्मे से देखता है। हेमंत सरमा जैसे लोग इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। हां, इसमें उन्होंने उच्च जातियों और पितृसत्तात्मक व्यवस्था के मूल्यों को भी जोड़ लिया है और यही मिक्सचर बहिष्करण पर आधारित उनकी राजनीति का आधार है।

उनकी राह में मुख्य बाधा है भारत का संविधान। जैसे-जैसे भारतीय राष्ट्रवाद की ताकत और प्रभाव बढ़ने लगा, इन लोगों ने मनुस्मृति और उसके कानूनों का महिमामंडन शुरू कर दिया और वे मुसलमानों, ईसाईयों और साम्यवादियों को देश का 'आतंरिक शत्रु' बताने लगे। भारत के संविधान का विरोध उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है जिसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति पूर्व आरएसएस सरसंघचालक के। सुदर्शन ने की थी। उन्होंने कहा था कि संविधान देश के लोगों के लिए किसी काम का नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है। हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि इंडिया, हेमंत सरमा जैसे लोगों की विघटनकारी राजनीति पर भारी पड़ेगा।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

## पावन प्रसंग

# सबसे सर्वोपरि है स्थिर मन

हम असुरक्षित क्यों रहते हैं? अनिश्चित क्यों रहते हैं? क्योंकि हमने मान लिया है कि हमारे साथ सब कुछ बुरा होगा, लोग अपने सुरक्षित भविष्य के लिए पैसा जोड़ते हैं, उसे संग्रहीत करते हैं। यह असुरक्षा, यह अनिश्चितता- मन को चंचल करती है। हम संचय तो करते हैं-समृद्धि का, साधन का, संपदा का, सद्गुणों का संचय नहीं करते। परिणाम यह होता है कि जितना संचय बढ़ता है, जितना परिग्रह बढ़ता है, उतनी मन की चिंता भी बढ़ती है।

जिनके घर में बहुत सारा सामान है. तो अपने घर की सफाई नहीं कर सकते। सफाई करने के लिए उनकी एक सप्ताह पहले प्लानिंग करनी पड़ेगी कि अब सफाई करनी है, क्योंकि उनके घर में बहुत सामान भरा है, इधर का कूड़ा उधर का कूड़ा। कई बार तो लोग ऐसा करते हैं इस कोने का कूड़ा उस कोने ने कर देते हैं और उस कोनो का कूड़ा इस कोने में। यह मन का जो कचरा है मन का जो कूड़ा है, वही हमको अस्थिर करता रहता है, लेकिन हमें अपने मन को स्थिर करना है इसलिए पहले हम पहचानें, जानें कि कहां-कहां हमारा मन जाता है? हमारे मन को कौन अस्थिर करता है।

व्यक्ति की चिंताएं, शंकाएं उसको सबसे ज्यादा अस्थिर करती है। निषेधात्मक चीजें मन को बहकाती रहती हैं, इसलिए सबसे पहले उन्हें पहचानना जरूरी है, समझना जरूरी है। जहां-जहां नकारात्मकता है, जो-जो चीजें आपको चुभती हैं, उस चुभन को निकालना है, उन गांठों को खोलना है और इसके लिए शुभ विचारों को अपनाना जरूरी है। एक शुभ विचार ही हमारे मन को बदलने के लिए पर्याप्त हैं, बस, उस विचार में वह ऊर्जा होनी चाहिए। हमारे यहां उपनिषदों में चार महावाक्य कहे गए हैं, ये चार ब्रह्मसूत्र हैं, इनके बारे में ज्ञानी जन कहते हैं कि अगर ये चार सूत्र समझ में आ गए तो समझो सारा ब्रह्मसूत्र समझ में आ गया। भगवद्गीता है तो सप्तश्लोकी भगवद्गीता भी है यानी भगवद्गीता के ये सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो सात सौ श्लोक समझ में आ गए। दुर्गासप्तशती है, तो सप्तश्लोकी दुर्गा भी है, इसके सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो दुर्गा सप्तशती समझ में आ गई। बात छोटी सी है, लेकिन एक बात भी अगर समझ में आ जाए, तो जीवन बदलने के लिए यह एक बात भी पर्याप्त है। हमारे जीवन में बहुत सारे काम ऐसे हैं, जो हम नहीं कर सकते, लेकिन भगवत्कृपा से सब कार्य संभव हैं। यह विश्वास, यह श्रद्धा, यह आस्था, हमारे मन को बहुत संबल देते हैं, मन को अस्थिर होने से बचाते हैं, उसे एक जगह टिका देते हैं। जीवन में कई बार बड़ी दुर्घटनाएं घटती हैं, जैसे स्वतंत्रता से पूर्व हमारे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र यानी गोरखपुर, बलिया, बिहार का कुछ इलाका आदि, इन जगहों में एक दुर्घटना घटी, अंगरेज लोग वहां के कुछ लोगों को पकड़ कर ले गए। ये लोग घर से दूर, परिवार से दूर, रिश्ते-नातों के बिना वहां पर कैसे रहें। वहां तो उन्हें मजदूरी करनी थी, अपने रिश्ते तो उनके देश में ही छूट गए। कोई उन्हें घर वापस बुला नहीं सकता था। फिर रिश्ते बनाने के लिए वहीं कहीं उन्होंने शादी कर ली, अफ्रीकन वगैरह से शादी हुई। अपने साथ अपने देश से वो कुछ नहीं ले गए थे, लेकिन हनुमान चालीसा और तुलसीदासजी की रामायण की यानी श्रीरामचरतिमानस की कुछ चौपाइयां उन्हें कंठस्थ थीं। वो हनुमान चालीसा, वो रामचरितमानस उनके लिए एक तरह से संजीवनी बन गई, उन्हें भावनात्मक संबल देने के लिए एक आधार बन गई।

आज भी आप देखो तो जो दूर देश के इलाके हैं, और उनमें बसे हुए भारतीय हैं, उनसे पूछो कि वे अपने साथ क्या लाए थे? जब मन टूटता था, तब उस टूटे-बिखरे मन के लिए उनका संबल क्या होता था? हनुमान चालीसा। आज भी वहां पर जब भारत से कोई कथावाचक जाते हैं तो बड़े अनुराग से वे राम-कथा सुनते हैं क्यों? उन राम के नाम से उन हनुमान जी के नाम ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों ने उनके जीवन की डोर बांधे रखी। उनके व्यक्तित्व को बिखरने से बचाया। जीवन की छोटी-बड़ी बातों में बड़ी आस्थाएं छिपी होती हैं। वहां सकारात्मकता का, शुभ चिंतन का, सद्गुणों का विश्वास प्रकाश बिखेरो।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बिहार में जातीय जनगणना के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की तनी भृकुटि, नही करेंगे गैर शैक्षणिक कार्य

बिहार में जातीय गणना के पक्ष में राज्य सरकार हमेशा से रही है। एनडीए के गठबंधन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय जनगणना की पैरवी करने मोदी से भेंट की थी। भाजपा जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की आवश्यकता आन पड़ी है। शिक्षक संघ ने सरकार पर यह आरोप लगाते हुए खण्डन किया है कि बीपीएससी में आवेदन करने वाले शिक्षकों के फेल कराने की साजिश है। मुख्य सचिव का कहना है कि कोई भी शिक्षक गैरशैक्षणिक कार्य नहीं करेगा। बिहार में शिक्षक संघ और सरकार के बीच विचारधारा की लड़ाई छिड़ गई है। शिक्षक जातीय जनगणना करेंगे तो बीपीएससी की गणना कैसे करेंगे? शिक्षक और सरकार के बीच तलवार खींच गई है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरुद्ध सरकार कार्य कर रही है इससे शिक्षकों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। कई राज्यों में जातीय जनगणना का विरोध हुआ है उसके बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जातीय जनगणना की ठान रखी है। फैसलों के खिलाफ शिक्षक संघ आ खड़ा हुआ है जिससे बिहार में आगामी जनगणना की मुहिम में व्यवधान पैदा होने की संभावना है। गणना और गैरशैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षकों को ही आगे किया जाता है। शिक्षक सरकार की गाइड लाइन की पालन हर हालत में करेंगे। यदि ऐसा नहीं है तो शिक्षकों को निलंबित करने में सरकार एक पल का विचार नहीं करेगी। कोरोना के समय में मरीज की गणना, पशु गणना और शौचालय गणना आदि कार्य शिक्षकों ने किए हैं। मकानों की गणना और मेट्रिक में इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद अब जनगणना में लगने से उनके पास पढ़ाई का समय नहीं बचेगा। इन परिस्थितियों में सरकार क्या कदम उठाती है? लोकसभा चुनाव की तैयारी और 2025 में बिहार विधानसभा की भी तैयारी होगी। ऐसे में शिक्षकों पर पड़ने वाली समय की मार को कैसे व्यवस्थित की जाए। उसके लिए सरकार से अपील की जा रही है। शिक्षा मंत्री व पीएम को पत्र लिखकर शिक्षकों ने न्याय की गुहार लगाई है।

# दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या की बढ़ती घटना समाज के लिए चिंताजनक

कोई दिन खाली नही जाता है अखबार में दुष्कर्म की घटना की खबर नहीं छपी हो। आए दिन दुष्कर्म की घटना में दुधमुंही बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत की जाती है। नाबालिग बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है। यह सभ्य समाज पर कलंक है। आवारा घूमते बिगड़े युवाओं को परिवार और समाज की कोई फिक्र नहीं है। अपने परिवार और माता पिता का सिर शर्म से झुकाने वाले नालायक बेटे दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम दे रहे है। वहशीपन की बढ़ती दरिन्दगी से समाज की युवा पीढ़ी विश्वसनीयता खोती जा रही है। युवतियों और महिलाओं के साथ अमानुषिक घटना अखबार में पढ़ने मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पाषाणयुगीन मानव भी इतने क्रूर और निर्लज्ज नहीं थे। शिक्षित परिवार ऐसे बेहूदा कार्य और कभी माफ नहीं किये जाने वाले कार्य करते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दुधमुंही बच्चियों के साथ दुष्कर्म और बाद में हत्या करने वाले विकृत मानसिकता वाले युवाओं में विकृति कहां से आती है। दो-तीन साल की बच्चियों को दुलार करते हैं। उस पर विकृति पैदा कर अमानुषिक कृत्य समाज के लिए कलंक है। कलंकित करने वाले नराधमों को फांसी तो दी जाती है लेकिन यह नाकाफी है। **-कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# दर्जनों बस्ती-कॉलोनी में भरा पानी, महापौर-विधायक उतरे मैदान में...





## प्रभावित बस्तियों में 24 घंटे मुस्तैद रहेगा निगम का अमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में झमाझम बारिश से कई रिहायशी इलाकों में कमर तक पानी भर गया और लोग घरों में कैद हो गये। पानी इतना भर गया था कि लोगों को खाने-पीने और दूसरी जरूरी समस्याओं का सामना करना पड़ा। बिलहरी के चैतंन्य सिटी आदि में जल प्लावन की खबर लगते ही नगर के प्रथम नागरिक और केंट विधायक अशोक रोहाणी अपने साथियों के साथ पहुंच गये और बीमार लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया, और अन्य जरूरी सहायता मुहैया कराई गई। जब तक जलप्लावन बना रहता है उस दौरान तक नगर निगम प्रशासन का दस्ता प्रभावित क्षेत्रों में तैनात रहेगा।

शहर में हो रही लगातार बारिश के चलते अनेक क्षेत्रों में जल प्लावन की स्थिति से निपटने महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने सुबह से ही प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा किया और मौके पर निगम के अमले को बुलाकर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था कराने के साथ-साथ नागरिकों को राहत प्रदान करने का कार्य कराया।

इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू जलप्लावन से प्रभावित लोगों से मिले और उनका हालचाल जानने के बाद आश्वासन दिया कि जो भी नुकसान भारी बारिश के कारण हुआ है। उसकी भरपाई शासन से मुआवजा दिलवाकर करवायेगें।

महापौर श्री अन्नू ने मानवता का परिचय देते हुए प्रभावित सैंकड़ों लोगों को निरीक्षण के दौरान भोजन के पैकेट और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया और कहा कि मुआवजे के लिए वे स्वयं आगे बढ़कर प्रयास करेगें।

निरीक्षण के मौके पर महापौर ने नगर निगम के अमले को निर्देशित किया कि सभी लोग भारी बारिश की संभावना को देखते हुए 24 घंटे सभी संशाधनों के साथ मुश्तैद रहें।

यदि कहीं जलप्लावन होने की सूचना एवं शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल वहाँ पहुँचकर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करने का कार्य करें।

महापौर सुबह-सुबह बारिश के दौरान केन्ट विधानसभा क्षेत्र के अनुराधा कॉलोनी, विनायक कॉलोनी, कजरवारा, ममलेश्वरी नगर, माँ नर्मदा नगर, सिटी होम्स, सविता ग्रीन सिटी, व्ही.के. कैसल, चैतन्य सिटी के साथ-साथ अन्य एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों का सघन दौरा कर जलप्लावन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली और उन लोगों को राहत पहुँचाने का कार्य निगम अमले से कराया।

महापौर खुद भी कई मौके पर निगम के अमले को बुलाकर खुद भी राहत और बचाव कार्य में जुट गए जिससे नागरिकों को काफी राहत मिली।

श्री अन्नू लगातार शहर के अन्य क्षेत्रों के नागरिकों से संपर्क बनाए हुए हैं, और हर एक स्थिति से अवगत हो रहे हैं जिससे कि नागरिकों को किसी भी तरह की कोई परेशानी बारिश में ना हो।

महापौर श्री अन्नू वर्षा के दौरान हर स्थिति पर खुद नजर रख रहे हैं और और नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस मौके पर महापौर के साथ शिव अग्रवाल, के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।

## निगमायुक्त ने किया जलप्लावन वाले क्षेत्रों का किया गया दौरा

निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के द्वारा जलप्लावन वाले शहर के अनेक संभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया गया। उन्होंने बल्देवबाग, दमोहनाका, गोलबाजार, सिविक सेन्टर, कठौंदा, के अलावा अन्य क्षेत्रों का दौरा किया।

जिन-जिन स्थानों पर अतिवृष्टि के कारण जलभराव की स्थिति देखी गई उन सभी स्थानों पर अमले को लगाकर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था कराई।

## निर्माणाधीन फ्लाइओवर प्रोजेक्ट राहगीरों के लिए नासूर बन चुका है : तरुण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले 18 वर्षों के भाजपा शासन में जबलपुर शहर को गड्ढों के शहर में तब्दील कर दिया गया है, शहर का कोई ऐसा कोणा नही होगा जहां विकास के नाम पर सड़कों में गड्ढे ना हो। कायदे से बारिश के पहले पुराने कार्यों को समयावधि में पूरा किए जाने के बजायें, नए विकास कार्यों के नाम पर सड़कों को खोद कर बड़े-बड़े गड्ढे बना दिए जाते है, जहां रोज सैकड़ों राहगीरों को घंटों के जाम में फंसे रहने पर मजबूर किया जाता है, जिससे सड़कों में गड्ढों के कारण राहगीर गंभीर दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं। ऐसी ही विषम स्थिति पश्चिम क्षेत्र में निर्माणाधीन मदन महल दमोह नाका फ्लाइओवर के कारण क्षेत्र में निर्मित हो चुकी है। फ्लाइओवर के निर्माण के साथ सर्विस रोड के निर्माण की अनदेखी के कारण शुभ मोटर्स से मदन महल चौक तक स्थिति बेहद अराजक हो चुकी है। शाम के समय राहगीरों को महज 400-500 मीटर की दूरी को पार करने में एक घंटे तक जाम में



फंसे रहना पड़ता है, लेकिन लोक निर्माण विभाग और स्थानीय भाजपा नेतृत्व की उदासीनता और अनदेखी के कारण रोज ऐसी दर्जनों शिकायतें आ रही है। उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक तरुण भनोत के द्वारा लगाया गया है।

श्री भनोत ने क्षेत्रीय लोगों कि शिकायतों पर आक्रोश व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग को चेतावनी दी है कि विभाग अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने का प्रयास करेगी तो उसे जनाक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

## संत शिरोमणी रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने आयेगी यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यरमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संत शिरोमणी श्री रविदास के बताये हुये मार्ग में चलकर सामाजिक समरसता का संदेश देने के लिये यात्रा प्रारंभ की गई है। प्रदेश में यह यात्रा 25 जुलाई को बालाघाट, धार, नीमच, श्यो,पुर और सिंगरौली जिले से प्रारंभ की गई है। जिससे संत शिरोमणी रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस यात्रा का समापन 12 अगस्तई को ग्राम बड़तूमा जिला सागर में होगा।

समरसता यात्रा बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर जिले से होते हुये 5 अगस्त को जबलपुर जिले में आगमन कर 9 अगस्ता को कटनी जिले में प्रवेश करेगी। समरसता यात्रा को लेकर लोगों में जमकर उत्साोह है। संत शिरोमणी श्री रविदास मंदिर निर्माण के लिए गांव-गांव से मिट्टी और जल का संग्रहण किया जायेगा। इस अवसर पर जन संवाद के कार्यक्रम भी होंगे। समरसता यात्रा गांव-गांव का भ्रमण करेगी। यात्रा में रथ और एलईडी भी लगाई गई है, जिससे सामाजिक समरसता के संदेशों को लोगों तक पहुंचाया

### यात्रा में रात्रि चौपाल, समरसता भोज, वृक्षारोपण और गौसेवा कार्यक्रम भी होंगे

जा सके। समरसता यात्रा 5 अगस्ते को शहपुरा विकाखंड के सनेर नदी देवरी पुरानी से प्रारंभ होगी। जनसंवाद का कार्यक्रम सीएम राईज स्कूमल परिसर चरगांव में होगा।

इस दौरान यात्रा का नागरिकों के द्वारा प्रार्थना व पूजा कर फूल मालाओं से स्वायगत किया जायेगा। 6 अगस्त को समरसता यात्रा का जनसंवाद का कार्यक्रम सामुदायिक भवन पाटन और खेरमाई के पास पनागर में होगा। 7 अगस्तू को जनसंवाद का कार्यक्रम दीनदयाल माढ़ोताल बस्ती आईटीआई और बाबूराव परांजये वार्ड चंडी माता मेला स्था न में होगा। 8 अगस्त को जनसंवाद का कार्यक्रम चुंगी चौक कांचघर, गोकलपुर और सरस्व्ती शिशुमंदिर बड़ा पत्थोर रांझी में होगा। 9 अगस्त को जनसंवाद का कार्यक्रम सिहोरा नगर बस स्टैं ड के पास होगा। इस के बाद समरसता यात्रा पान उमरिया जिला कटनी में प्रवेश करेगी।

कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने कहा कि समरसता यात्रा के दौरान जनसंवाद के कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया जायेगा। श्रद्धालुओं के लिये टैंट बैठक व्यंवस्था, भोजन व विश्राम का प्रबंध किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गांवों से और नगरीय क्षेत्रों के वार्डों से मिट्टी और जल संग्रहण किया जायेगा। इसकी जिम्मे दारी महिला एवं बाल विकास विभाग व जन अभियान परिषद को दी गई है। उन्होंने बताया कि समरसता यात्रा के दौरान विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजित किया जायेगा। समरसता यात्रा प्रतिदिन प्रार्थना व पूजा अर्चना करने के बाद प्रारंभ होगी। जिले में समरसता यात्रा और जनसंवाद के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिये नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होनें बताया कि समरसता यात्रा में रात्रि चौपाल, समरसता भोज, वृक्षारोपण एवं गौसेवा कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा।

## भोंगद्वार फ़िल्टर से सुबह एवं शाम को सप्लाई अवरुद्ध रहेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम जल विभाग के प्रमुख एवं कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि आज खंदारी से भोंगाद्वार फिल्टर प्लांट को जाने वाली लाइन भारी बारिश के कारण बह गई है।

जिस कारण भोंगाद्वार फिल्टर प्लांट से आज सुबह एवं शाम की जलापूर्ति अवरूद्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी उन क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से नागरिकों को जलापूर्ति कराई जाएगी।

## मेडीकल कालेज में अतिआवश्यक जीवन रक्षक दवाओं एवं उपकरणों का अभाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कालेज जबलपुर में जीवन उपयोगी जीवन रक्षक दवाओं और उपकरणों का विगत समय से लगातार अभाव बना हुआ है। जिसमें आईवी सेट, कनूला, सर्जिकल ग्लब्स, माइकोड्रिप सेट, बी.टी. सेट, एग्जामनेशन ग्लब्स, सर्जिकल मास्क, सीरिंज, सेनेटाईजर, हैण्डवास, पी.सी. एनीमा, जैल लिग्योनिल, बीटाडीन सस्पेंशन इत्यादि अतिआवश्यक दवाओं एवं उपकरणों का सभी वार्डों में अभाव है। जबकि शासन की मंशा है कि समस्तजनों को निःशुल्क दवाएं और पर्याप्त मात्रा

### प्रबंधन और स्टोर इंचार्ज की मिलीभगत कर कर रहे गोलमाल

में सभी इलाज और जांच निःशुल्क कराये जायें, परंतु नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडीकल कालेज में प्रबंधन एवं स्टोर इंचार्ज की मिलीभगत से इन आवश्यक दवाओं और उपकरणों की खरीद फरोख्त में गोलमाल किया जा रहा है, जिससे मेडीकल कालेज का स्टाफ सही ढंग से इलाज नहीं कर पा रहा है और इससे गरीब जनता को इलाज करवाने में अत्यंत परेशानी हो रही है।

## दो दिन से है सदर के कई घरों में अंधेरा, काम ना आयीं दो दर्जन शिकायतें

**जबलपुर, देशबन्धु।** सैन्य क्षेत्र सदर के कई घर दो दिन से अंधेरे में डूबे हैं। आलाम यह है कि दो दर्जन से ज्यादा शिकायत दर्ज कराने के बावजूद बरसात की खौफनाक रातों में लोग रोशनी के लिए तरसते रहे। बर्फ फैक्टरी के पास पोल नम्बर एच/111 से कनेक्ट घरों में बुधवार की रात सवा ग्यारह बजे अचानक अंधेरा छा गया। जिसकी शिकायत सर्वप्रथम

1912 नम्बर पर की गयी जहाँ से काफी देर तक यही आश्वासन मिला कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके बाद 1912 सहित 0761- 2560223 व 2560231 पर दो दर्जन से अधिक कम्पलेन करने के बावजूद बिजली महकमे के अधिकारी, कर्मचारी अंधेरे को रोशनी में बदलने का आश्वासन दिलाते रहे। बिजली विभाग के सदर स्थित एई अजय झारिया का निजी मोबाइल नम्बर- 9826291559 सुबह से रात तक बंद रहा। उनके सरकारी मोबाइल को बदल बदल कर कई लोग रिसीव्हड करते रहे। पीड़ित परिवार की राधा बाई कुरील, शबाना बानो, अनिता बाई, रफीना, सीमा हैदर, मुन्नी बाई

पूनम, पूजा आदि ने बताया कि बरसात के दौरान आए दिन जहरीले जीव जन्तु निकल रहे हैं

अंधेरा होने के कारण लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है। लोगों को इस बात का मलाल है कि बिजली जाने के दूसरे दिन गुरूवार की शाम दो कर्मचारी आए लेकिन मौके का मुआयना कर वह यह कहकर वापस लौट गए कि कुछ देर बाद वापस आकर सुधार कार्य करेंगे। लोगों का कहना है कि माह में तीन चार बार इस तरह के हालात बन रहे हैं लेकिन फाल्ट का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

## कृषक पुरस्कार एवं कृषक समूह पुरस्कार के आवेदन 31 अगस्त तक आमंत्रित

**जबलपुर, देशबन्धु।** परियोजना संचालक आत्मा3, किसान कल्या ण तथा कृषि विकास ने जिले के समस्त उन्नतशील कृषकों को अवगत किया कि कृषक पुरस्कार एवं कृषक समूह पुरस्कार के आवेदन 31 अगस्त 2023 तक कर सकते हैं। यह पुरस्कायर कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2022-23 की गतिविधियों के आधार पर कृषकों द्वारा अपनाई गई उन्नत कृषि तकनीकी, उच्च उत्पादकता के आधार पर होगा।

जिसमें जिले से कृषि एवं सहयोगी विभागों की विभिन्न गतिविधियों में एक-एक कृषकों को मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर 25 हजार रूपये एवं जिले में प्रत्येक विकासखंड से 5-5 कृषि एवं सहयोगी विभागों की विभिन्न गतिविधियों की एक-एक कृषक को मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर 10 हजार रूपये का पुरस्कार तथा 5 विभिन्न गतिविधियों के एक-एक कृषक समूह को मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर 20 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जावेगा।

पुरस्कार के विषय में निर्णय लेने का पूर्णाधिकार कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड एवं संयुक्त कमेटी का रहेगा।

उन्होरनें कृषकों से अनुरोध किया है कि पुरस्कार के लिये निर्धारित प्रपत्र प्रत्येक विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, असिसटेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर से प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पर आवेदन पत्र भरकर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, असिसटेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर विकासखंड- जबलपुर, पनागर, पाटन, शहपुरा, कुंडम, सिहोरा, मझौली के कार्यालय में सायं 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही उद्यानिकी कृषक उद्यान विभाग, पशुपालक कृषक पशुपालन विभाग, मछलीपालक कृषक मछलीपालन विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी कृषक कृषि अभियांत्रिकी विभाग से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुये आवेदन संबंधित विभाग से सत्यापन पश्चात् 31 अगस्त 2023 तक सायं 5 बजे तक जमा कर सकते हैं।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान

### हर घर तिरंगा अभियान चलाकर स्वाधीनता दिवस मनाने करेंगे उत्साहित

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मेरी माटी मेरा देश अभियान संपूर्ण देश में एक साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्यक उद्देश्य पंच प्राण की भावनाओं के साथ अमृत काल की ओर बढ़ने के लिये पूरी तरह तैयार है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, एक नई युग की शुरूआत को चिन्हित करने के लिये स्वओतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों और शहीदों को याद करना है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येुक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर या किसी उपयुक्ता स्थाान पर शिलाफलकम (स्माारक) स्थाभपित करना है। जिसमें उन सभी बहादुरों के प्रति हार्दिक आभार व्य क्तय करना है। स्माारक स्थथल पर पंच प्राण की शपथ व वसुधाबंदन करना है जिसमें अमृत सरोवर के आस पास जहां भी संभव हो 75 पेड़ लगाये जायेंगे तथा स्वातंत्रता संग्राम सेनानियों व देश की रक्षा करनें वालों का सम्मोन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्री य ध्वेज फहराकर राष्ट्र गान किया जायेगा। यह कार्यक्रम 9 अगस्ता से 15 अगस्त तक चलेगा। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के लिये नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत व शहरी क्षेत्र के लिये आयुक्त् नगर निगम होंगे। पंच प्राण अंतर्गत विकसित भारत के बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ने, गुलामी के सभी निशान मिटाने, भारत की विरासत पर गर्व करने, राष्ट्री य एकता व खंडता तथा नागरिकों के कर्तव्यों के बारे में शपथ ली जायेगी। मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत मिट्टी व जल संग्रहण किया जायेगा, जिसे कर्तव्यट पथ पर ले जाया जायेगा। जहां सकारात्मलकता, देश भक्ति, स्व तंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति कृतज्ञता का उत्संव मनाया जायेगा।

आजादी का अमृत महोत्समव समापन समारोह में हर घर तिरंगा अभियान का क्रियान्वायन किया जायेगा। इस संबंध में सामान्?य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश जारी किये हैं। जिसमें कहा गया है कि 13 से 15 अगस्तथ की तिथियों में जन सामान्य को उसी उत्साअह और देशभक्ति के साथ स्वादधीनता दिवस मनाने व उन्हें उत्सा3हित करनें के लिये हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा।



## रोजगार महोत्सव में मिलेगी युवाओं को उपयोगी जानकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** आगामी 5 अगस्त 2023 में रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, रोजगार महोत्सव में युवाओं को रोजगार के अवसर के साथ साथ शासकीय स्वरोजगार योजनाएं एवं अन्य शासकीय योजनाओं के बारे में अवगत किया जाएगा। यह कार्यक्रम तक्षशिला महाविद्यालय, मदन महल में सुबह 9 बजे से आरंभ किया जाना है।

कार्यक्रम संयोजक युवामोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अभिलाष पाण्डे ने बताया कि जबलपुर संस्कारधानी में रोजगार महोत्सव कार्यक्रम के निमित लगभग 73 ( विविध सेक्टर) की कंपनियाँ इस कार्यक्रम में सामिल हो रही है और अभी तक 5800 बच्चों ने अपने रजिस्ट्रेशन रोजगार महोत्सव को लेकर कराये हैं। यह रजिस्ट्रेशन मदन महल स्थित सेवा सदन ( नागपाल गार्डेन के सामने) एवम् आनलाईन भी कराये जा रहे हैं। युवाओं में इस महोत्सव को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है । इस कार्यक्रम में जबलपुर संस्कारधानी के जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं मुख्य रुप से मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम का मुख्य आतिथ्य प्राप्त होगा ।

## नक्षत्र वाटिका बनाने हेतु 51 पेड़ पौधे लगाए जाएंगे



**जबलपुर,देशबन्धु।** आगामी 19 अगस्त को स्व.सुभाष चन्द्र बैनर्जी प्रतिमा अनावरण में नक्षत्र वाटिका लगाई जाएगी जिसमें 51 प्रकार के अलग अलग पौधे लगाए जाएंगे। आज नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखेड़े, और अन्य अधिकारियों ने प्रतिमा निर्माण स्थल का दौरा किया और आश्वासन दिया कि अपेक्षित कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा आयोजक राजेन्द्र सिंह ने निर्माण स्थल के बारे में जानकारी देते हुए बताया मूर्ति स्थल के पीछे स्थानीय निवासियों के लिए उद्यान बड़े ही सुंदर तरीके से निर्माण किया जाएगा जो कि शहर के लिए एक अच्छा उदाहरण होगा।

इस अवसर पर नगरनिगम अध्यक्ष रिंकूज विज,शरद जैन,दीपांकर बैनर्जी कमलेश अग्रवाल, श्याम साहनी, प्रदीप ड्योढ़िया प्रसनजीत चटर्जी, नवीन रिछारिया, भूपेन्द्र सिंग, हर्ष जीत सिंग और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र आयेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी कार्य मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र का शुक्रवार 4 अगस्त की सुबह 5.40 बजे रेल मार्ग से भोपाल से जबलपुर आगमन होगा। डॉ मिश्र यहाँ सुबह 8.30 बजे सर्किट हाउस में आमजनों से भेंट करेंगे तथा सुबह 9 बजे स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। गृह मंत्री सुबह 10.30 बजे पार्टी के संभागीय कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्षों की बैठक में तथा सुबह 11 बजे यहीं पर पार्टी की संभागीय बैठक में शामिल होंगे। गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र दोपहर 12.30 बजे जबलपुर से कार द्वारा सागर प्रस्थान करेंगे।

## अऋणी कृषक भी फसल बीमा करा सकते हैं

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत अऋणी कृषक अर्थात जिन कृषकों ने के.सी.सी. ऋण नहीं लिया हो, वे कृषक भी अपनी बैंक शाखा अथवा नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या लोक सेवा केन्द्र से बीमा करवा सकते है।

उप संचालक कृषि रवि कुमार आम्रवंशी ने जिले के कृषकों से अनुरोध किया है कि फसल बीमा कार्य सभी सीएससी केन्द्रों, डबललॉक केन्द्र, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं फसल बीमा के ब्लॉक प्रतिनिधि से संपर्क कर बीमा करवाया जा सकता है। बीमा करवाने के लिये आधार नंबर, खसरा खतौनी, बैंक खाता नम्बर, कृषक द्वारा प्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र और मोबाईल नम्बर की आवश्यकता होगी। इसी क्रम में एग्रीकल्चसर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इडिया लिमिटेड के जिला प्रतिनिधि प्रियांक खरे ने बताया कि कृषक स्वयं गूगल प्ले स्टोर पर क्रॉप इंश्योररेंस ऐप के माध्यम से बड़ी आसानी से घर बैठे बीमा कर सकते है। अधिसूचित फसलों का स्केल ऑफ फाईनेंस का 2 प्रतिशत किसानों को देय होगा। खरीफ वर्ष 2023 के बीमा अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 निर्धारित की गई है। उसके पूर्व फसल बीमा करवाना सुनिश्चित करे।

## नये मतदाताओं को जागरूक करने माता गुजरी एवं हितकारिणी महिला महाविद्यालय में हुये कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता की गतिविधियों के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल ने गुरुवार को माता गुजरी महिला महाविद्यालय एवं हितकारिणी महिला महाविद्यालय में नये मतदाताओं का पंजीकरण, इपिक एवं मतदान के महत्व पर कार्यक्रम किये।

इस अवसर पर शहर के इन दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ संगीता झाम्ब एवं डॉ नीलेश पांडे ने महाविद्यालयों की छात्राओं एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों को मतदान की शपथ दिलाई। जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने स्वीप की विभिन्न गतिविधियों से सभी को अवगत कराया।

कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा पहली बार वोटर आईडी कार्ड मिलने पर अपनी खुशी का इजहार किया तथा मतदान के अधिकार और महत्व पर आपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में डॉ. अजय गुप्ता, वीणा बाजपेई, मनिका कनौजिया एवं भारती सराफ उपस्थित रहे।

## सनातनी ध्वजा लेकर संस्कारधानी को बनायेंगे धर्म धानी




**जबलपुर, देशबन्धु।** सनातन धर्म की धर्म ध्वजा लेकर नित्य प्रति तत्पर रहना चाहिए। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भव्य दिव्य श्रृंगारित होकर अपने अपने बच्चों को बाल गोपाल के रूप में सभी शामिल हों । नगर के समस्त मंदिर, धर्म मठ, संस्थाओं से संगठित होकर सनातन धर्म महासभा के साथ जन्माष्टमी शोभायात्रा में विराट स्वरूप बनाना चाहिए। उक्त विचार नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज ने सनातन धर्म महासभा जबलपुर के तत्वावधान में 7 सितंबर को जन्माष्टमी के अवसर पर 43 वर्षों से परांपरागत निकाली जा रही शोभायात्रा की प्रथम बैठक में नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में कहे।

आचार्य वासुदेव शास्त्री, महंत श्री कृष्ण राज आराध्य, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने घर घर जाकर निमंत्रण पत्र देकर संस्कार धानी जबलपुर के सभी कृष्ण भक्तों को आमंत्रित करूंगा। अनुशासित और मर्यादित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा में धर्म ध्वजा लेकर सभी मित्रों के साथ चलने का आह्वान किया है। श्याम साहनी ,अशोक मनोध्याय ,गुलशन मखीजा,लकी भाटिया,धीरज पटेरिया ने कहा कि ऐतिहासिक शोभायात्रा से ऊर्जा का संचार होता है इसलिए जन जन को सर्वस्व समर्पित भाव से क़दम से क़दम मिलाकर चलना होगा। शंशाक यादव ने यादव समाज के व्दारा भव्य और पारंपरिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और भजन कीर्तन करते हुए चलेंगें। व्यापारिक प्रतिष्ठानों से स्वागत करने का आग्रह करना चाहिए। इंद्र मोहन भाटिया, अनिल तिवारी, विनोद आनंद, हरीश सभरवाल ने बताया कि श्रीकृष्ण मंदिर गोरखपुर से बैंड बाजा ढोल नगाड़ों के साथ संकीर्तन मंडलियों के साथ राधाकृष्ण जी 21 झांकियां शामिल होंगी।

गिरिराज चाचा ने कहा कि श्री गोपाल लाल जी महाराज मंदिर हनुमान ताल हर श्रीकृष्ण भक्त भगवान की पालकी में पुष्प वर्षा कर आरती करने का आग्रह किया। अनिल तिवारी, विजय सरावगी 43 वर्षों से परांपरागत गोविंद गंज रामलीला समिति मिलौनीगंज में भव्य स्वागत अभिनंदन के साथ पूजन अर्चन किया जायेगा

गुलशन मखीजा श्रीराम मंदिर मदन महल से समिति सदस्य अपने विशिष्ट वेशभूषा के साथ झांकियां भी साम्मलित होगी।

राजेश सेठी ने कहा कि जय कृष्णी सभा बाई का बगीचा संस्कारधानी जबलपुर को धर्म धानी बनाने में श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा का बडा योगदान है। गीता पांडे, नीता चावला, प्रीति बाजपेई, वंदना आनंद, मोनिका सोनी ने कहा कि भगवान की शोभायात्रा बहुत सुंदर होती है, घर घर से परिवार सहित निकल कर सामूहिक एकता का परिचय देते हुए चलना चाहिए।

साहू समाज के आभा साहू ने बताया कि सामाजिक संस्थाओं के साथ महिला शक्ति भी सपरिवार शोभायात्रा में शामिल होगी। बैठक में श्याम साहनी, अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा, लकी भाटिया, शरद काबरा, अनिल तिवारी, विजय सरावगी, राजेश सेठी, रमेश शर्मा, कैलाश साहू, विष्णु पटेल, जगदीश साहू, मनोज नारंग, राजेन्द्र यादव, मनोज पटेल, केके शुक्ला, मनीष पोपली, राजेन्द्र प्यासी, राजेश नेमा, मनोज पटेल, विध्येश भापकर सहित बड़ी संख्या में धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही । सभा का संचालन लकी भाटिया आभार धन्यवाद ज्ञापन शरद काबरा ने किया।

## आज फिर बाटेंगे निशुल्क तुलसी पौधे

**जबलपुर, देशबन्धु।** सावन माह के पुरुषोत्तम महीना शुक्ल पक्ष की द्वितीया मैं बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में निशुल्क श्यामा एवं रामा तुलसी पौधों का वितरण स्वर्गीय जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अंतर्गत बृहद रूप से किया गया 4 अगस्त शुक्रवार शाम 5ः00 बजे फिर से वितरित किए जाएंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया तुलसी पौधों का सावन माह में पूजन पाठ करने से सुख समृद्धि बढ़ती है धार्मिक एवं आयुर्वेदिक महत्व को देखते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को सन 1984 के लगातार 93 हजार से अधिक तुलसी पौधों का वितरण किया जा चुका है। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल एडवोकेट सचिन अग्रवाल ने बताया आज बड़ी संख्या में तुलसी के पौधों का वितरण किया गया तुलसी मैया को प्राप्त करने के लिए पहले से ही सैकड़ों लोग मोबाइल नंबर लिखा जाते हैं आते ही उन्हें सूचना दी जाती है तुलसी पौधा बांटते समय उत्सव का माहौल लगता है आनंद की अनुभूति होती है पेड़ पौधे लगाएं पर्यावरण को बचाएं

# मस्ताना मौसम है, रंगीन नजारा...





**जबलपुर, देशबन्धु।** दो दिन से हो रही बारिश ने लोगों को जहां गर्मी और उमस से राहत दी है, वहीं उन्हें सैर-सपाटे का मौका भी दिया है। रिमझिम बारिश की फुहारों के बीच बुधवार को लोग आउटिंग पर निकले। चटपटे व्यंजन, भुट्टों का स्वाद और लॉन्ग ड्राइव के लिए अलग-अलग जगहों को चुना गया। इसके चलते लोग जहां लॉन्ग ड्राइव पर निकले, वहीं सिटी चौपाटी में भी दिनभर भीड़ रही।

**सदर, त्रिपुरी चौक भुट्टों का स्वाद**-बारिश का मजा भुट्टों के स्वाद के बिना अधूरा है। सैर-सपाटे के लिए निकले लोगों ने सदर, विजयनगर, त्रिपुरी चौक, अधारताल और अन्य भुट्टों के ठीयों का रुख किया। लोगों का कहना है कि लंबे समय से बारिश का इंतजार था, ताकि फैमिली के साथ आउटिंग के लिए निकला जा सके। दो दिन से हुई बारिश में सभी को एक साथ हैंगआउट करने का मौका दिया।

### खुशनुमा सीजन में आउटिंग पर निकले जबलपुरियंस

**चाय की चुस्कियों के लिए आउटिंग**-बारिश में चाय की दीवानगी बढ़ जाती है। ऐसे में चाय की ठीयों पर भी दिनभर लोग चाय की चुस्कियां लेने पहुंचे। मौसम का लुत्फ उठाने के लिए लोगों ने आउटिंग के ऑप्शन को चुना। इसके लिए बरगी, बगदरी, ग्वारीघाट, भदभदा, तिलवारा, डुमना और अन्य रूट पर आउटिंग की।

**रील्स मेकिंग में बीता दिन**-सोशल मीडिया के जमाने में रील्स मेकिंग आउटिंग से पहले होती है। इसके चलते न्यू प्लेसेज पर मानसून सेलिब्रेशन के साथ-साथ यूथ ने इंस्टा वीडियोज और पोस्ट शेयर की। प्लस बज मॉडल हाई स्कूल

## कुशन एंड कटंर्स के वार्म शेड्स ने बदला मानसून इंटीरियर

**जबलपुर, देशबन्धु।** रूम डेकोरेशन लोगों के लिए स्पेशल हो चुका है। वे हर सीजन के अकॉर्डिंग अब घर को नया लुक देते हैं। रूम डेकोरेशन और इंटीरियर में इसी तरह का बदलाव मानसून में किया जा रहा है। इसके चलते कुशन, कटंर्स का कलर जहां वार्म शेड्स पसंद किए जा रहे हैं। इसमें अट्रैक्टिव ऑरेंन्जी, रस्टिंग रेड और बबली ब्लू पैटर्न का सिलेक्शन लोग अधिक कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि रूम डेकोरेशन सीजन के अकॉर्डिंग काफी इफेक्टिव हो जाता है।



**रेट्रो पैटर्न की लाइट्स**-बारिश में रूम लाइटिंग काफी मायने रखती है। इसके चलते रूप में विंटेज बल्ब और रेट्रो पैटर्न की लाइटिंग अट्रैक्टिव लुक देती है। मार्केट में इनकी कई वैरायटीज मिल रही है। जिन्हें खासतौर पर मानसून सीजन के लिए लॉन्च किया गया है। चटख कलर कॉम्बीनेशन इंटीरियर डिजाइनर दृष्टि गौतम का कहना है कि मानसून में रूम डेकोरेशन के लिए जमकर इनोवेशन किए जाते हैं। इसमें चटख कलर्स मोस्ट डिमांडिंग होते हैं। पर्दों पर ब्लू और सेज ग्रीन कलर अधिक फबता है। वहीं कुशन, पिलो और बेडशीट में भी डार्क शेड्स लोगों की पसंद में शामिल होते हैं। यह बारिश के दौरान वार्म एटमोस्पफयर क्रिएट करने में मददगार साबित होते हैं।

**गैलरी में अधिक काम**-रूम डेकोरेशन और इंटीरियर के साथ-साथ रूफ टॉप, बालकनी और गैलरी के डेकोरेशन पर अधिक फोकस किया जा रहा है। अल्का तिवारी का कहना है कि उन्होंने घर के टैरिस पर एक सेपरेट रूम बनवाया है। यह विंटर और मानसून के लिए है। मानसून में यहां फैमिली के साथ ज्यादातर समय बिताना होता है इसलिए इसका डेकोरेशन इस तरह से किया गया है कि रूप में बैठकर बारिश का नजारा देखा जा सके। इसके साथ ही चटपटे स्नैक्स का लुत्फ भी उठाया जाता है।



## फिटनेस ही नहीं फिश फेस योग से मिल रही ग्लोइंग स्किन

**जबलपुर, देशबन्धु।** फिटनेस के शौकीनों के लिए सेहत ही सब है। सेहत की नेमत को बरकरार रखने के लिए वे तरह-तरह के योग करते हैं। कभी फिट बॉडी तो कभी फैट लॉस के लिए योग के विभिन्न आसन जबलपुरियंस कर रहे हैं। इन दिनों फेस योग का चलन है। इसके चलते सिटी विमन ग्लोइंग स्किन के लिए फेस योग कर रहीं हैं। उनका कहना है कि इन दिनों कॉस्मेटिक्स और मेकअप प्रोडक्ट के उपयोग से स्किन रफ हो रही है। ऐसे में फेस योग के जरिए इंटरनर्ल एनर्जी को बढ़ाया जा रहा है।

**सर्वांगासन और शीर्षासन**-योग एक्सपर्ट पारुल मिश्रा कहती हैं कि ज्यादातर लोग इन दिनों फेस ग्लो और एंटी एजिंग के लिए कॉस्मेटिक की बजाय घरेलू उपाय अपना रहीं हैं। इसके साथ ही फेस योग भी किया जा रहा है। फेस योग के लिए सर्वांगासन, हलासन और शीर्षासन ट्रेंड में है। इससे चेहरे में चमक बढ़ती है। **चिक्स एक्सरसाइज**-फेस फैट को कम करने के लिए सिटी लेडीज और गर्ल्स चिक्स एक्सरसाइज कर रहीं हैं। इससे जहां फेस फैट दूर होता है, वहीं जॉ लाइंस भी बनती है। इस योग में गालों का अंदर की तरफ खींचकर फिश के जैसा मुंह बनाया जाता है, जिसका समय 10 से 15 सेकंड तक होता है।

### ये योग अपना रहे

- सिंह मुद्रा
- टंग लिफ्टर योग
- चिन लॉकिंग
- माउथवॉश टेक्निक
- चिक अपलिफ्ट
- फिश फेस

इसलिए फेस योग

- एंजी एजिंग
- ग्लोइंग स्किन
- फेस लिफ्टिंग
- फेस फैट कम करने
- स्पॉटलेस स्किन

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 04 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की तृतीया। नक्षत्र-शतभिषा।**

मेष -आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है।

मिथुन -आप का दिन प्रतिकूलता लेकर आएगा। मानसिक रूप से चिंता और शारीरिक रुप से शिथिलता का अनुभव होगा। काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। **क.599-136**

कर्क -वैचारिक रूप से नकारात्मकता छाई रहने से आज दिनभर शारीरिक और मानसिक रुप से अस्वस्थता बनी रहेगी। आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है।

सिंह -आज पति-पत्नी के बीच अनबन हो जाने से दांपत्यजीवन में क्लेश हो सकता है। आप दोनों में से किसी का स्वास्थ्य न बिगड़े इसका ध्यान रखें।

कन्या -व्यावसायिक क्षेत्र में आज यश प्राप्त होने की संभावना अधिक हैं। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।पारिवारिक वातावरण में सुख का अनुभव होगा।

तुला -वैचारिक रूप से विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी और इससे अन्य व्यक्तियों के साथ संबंधों में मेल बना रहेगा। चर्चा-परिचर्चा में भी आप प्रभाव जमा सकेंगे।

वृश्चिक -स्नेहीजनों के साथ संबंधों में सावधानी बरतें। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता के कारण व्यग्रता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

धनु -विरोधी आज परास्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल है। स्नेहीजनों के साथ समय आनंद सहित गुजारेंगे।

मकर -आज का दिन मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव के प्रसंग बनने से मन में ग्लानि छाई रहेगी। निरर्थक खर्च होगा। आरोग्य का ध्यान रखें।

कुंभ -आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। परिवार का वातावरण आनंद से भरा रहेगा। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकेंगे।

मीन -कोर्ट-कचहरी या स्थायी संपत्ति की झंझट में न पड़ें। एकाग्रता से आज सभी कार्यों में फायदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वजनों के वियोग का प्रसंग उपस्थित होगा। **मॉ. 180-580**

0,1,8,9,03,18,83,94,58,96,88,38

## फलदार पौधों से खिला परिसर

**जबलपुर, देशबन्धु।** . मॉडल हाई स्कूल छात्रावास में छात्रों ने फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान आम, जामुन और अमरुद के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जस्टिस उमाशंकर अग्रवाल, प्राचार्य मुकेश कुमार तिवारी, विधिक सहायता अधिकारी बीडी दीक्षित, सब ले. आनंद रैकवार, विधिक साक्षरता क्लब प्रभारी डॉ. गिरीष मैराल मौजूद थे।





## संकुल प्राचार्य से संगठन ने की सौजन्य भेंट

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि तमरहाई संकुल के प्राचार्य आदरणीय मुकेश श्रीवास्तव जी से संगठन के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर संकुल प्राचार्य को बधाई दी द्य एवं संकुल के अंतर्गत सभी शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया द्य जिसमें आदरणीय प्राचार्य ने तमर हाई संकुल के अंतर्गत आने वाली समस्त शालाओं के सहयोग से संकुल के कार्य को संपादन करने के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउररहीम, अशोक सरोज, रऊफ खान, दिनेश गौड़, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास , धनराज पिल्ले , गोपी शाह , विनोद सिंह, राजेश सहरिया आदि उपस्थित रहे।

## मेडिटेशन एन्ड मेंटल हेल्थ विषय पर आज शक्तिभवन में कार्यशाला का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में आर्ट ऑफ लिविंग जबलपुर चेप्टर द्वारा 'मेडि?टेशन एन्ड मेंटल हेल्थ' पर एक कार्यशाला का आयोजन 4 अगस्त को सायं 4.30 बजे शक्ति?भवन स्थि??त केन्द्रीय ग्रंथालय में किया गया है। आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजन की श्रृंखला में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय और आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में 'हर घर ध्यान' के परिप्रेक्ष्य में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने कार्यशाला में सभी विद्युत कंपनियों के कार्मि?कों से उपस्थि?ति का अनुरोध किया है।

# समान वेतनमान नीति को लेकर संगोष्ठी

### कर्मचारी जगत

### लड़ाई को निर्णायक मोड़ पर ले जाने के लिए कर्मचारी और अधिकारी हो रहे एकजुट

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के ऊर्जा विभाग की उत्तरवर्ती कंपनियों में कार्यरत समानता के अधिकार से वंचित कंपनियों द्वारा भर्ती किए गए विद्युत अधिकारी समान कार्य समान वेतन के तहत सातवें वेतनमान में O3 स्टार हटाने हेतु जबलपुर में जन जागरण हेतु संगोष्ठी कर रहे हैं, जिसमें पूरे प्रदेश के कम्पनी कैडर के क्लास दो एवं क्लास एक के अधिकारी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

ज्ञात हो कि 2006 के बाद विद्युत कंपनियों द्वारा नियुक्त अधिकारियों के लिए अधीक्षण यंत्री के वेतनमान में नई श्रेणी बनाते हुए O3 स्टार का निर्माण कर PB-4 वेतनमान से वंचित कर दिया गया है , जो पूरे देश में कहीं भी ऐसी व्यवस्था लागू नहीं है, जिसकी लड़ाई विद्युत अधिकारी कई वर्षों से लगातार लड़ रहे हैं ।

अब यह लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है, कम संसाधनों के बावजूद भी सतत विद्युत आपूर्ति करने में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री से हस्ताक्षर अभियान चलाकर अनुरोध करेंगे,अतः दिनांक 06. अगस्त को प्रदेश के कोने कोने से विद्युत अधिकारी सम्मेलन में पहुंचकर एकजुटता का संदेश सरकार तक पहुंचाएंगे। युवा अभियंताओं को उनके हितलाभ के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी जिससे नये अभियंताओं को अपने हितों की जानकारी हो और अपने अधिकारों की मांग एकजुट होकर रख सकें। सभी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा संगोष्ठी में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए सभी सदस्यों से अपील की गई है।


## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री रमाशंकर मिश्रा नहीं रहे**- बाबू लाइन पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड निवासी गोरखपुर नवीन विद्या भवन शाला से सेवानिवृत्त मप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रहे श्री रमा शंकर मिश्रा (82) का गत सुबह देहावसान हो गया। उनके निधन पर शहर की अनुदानित शालाओं सहित प्रदेश भर के शिक्षकों, कर्मचारी नेताओं तथा उनसे जुड़े लोगों में शोक व्याप्त हो गया। कर्मचारी जगत सहित राजनीतिक जगत से जुड़े कई गणमान्य जनों ने उनके निधन को प्रदेश के लिये अपूर्णीय क्षति बतलाते हुए शोक व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



**श्रीमती आशा मिश्रा**- गोरखपुर बहना मोहल्ला निवासी श्रीमती आशा मिश्रा का निधन हो गया है, वे विशाल और शशांक मिश्रा की मां थी। अंतिम यात्रा आज 4 अगस्त को सुबह 10 बजे गौरी घाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री मनीष कुचबंधिया**- शीतलामाई कुचबंधिया मोहल्ला निवासी श्री दशरथ कुचबंधिया के पुत्र श्री मनीष कुचबंधिया (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोरे लाल नेकाम**- संजय नगर अधारताल निवासी श्री गोरे लाल नेकाम (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती लोधी**- करियापाथर सेवक की दुकान के पास निवासी श्री विजय सिंह लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती लोधी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लता जाट**- कंजर मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री योगेश जाट की धर्मपत्नी श्रीमती लता जाट (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री दीपू अतरोलिया**- खटीक मोहल्ला सिंधी कैंप रोड निवासी श्री अशोक अतरोलिया के पुत्र श्री दीपू अतरोलिया (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुकेश कोरी**- पूर्वी करियापाथर विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री हंसराज कोरी के पुत्र श्री मुकेश कोरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश चौधरी**- बाबा टोला दुर्गा चौक निवासी श्री शंभू लाल चौधरी के पुत्र श्री आकाश चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर चोर, 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** संजीवनी नगर व अधारताल क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर व तांबे के बर्तन बरामद किए हैं। इस आशय की जानकारी एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने पुलिस कंट्रोल रुम में आयोजित पत्रवार्ता में दी। पकड़े गए दो आरोपी नशीले इंजेक्शन बेचने के मामले में भी पकड़े जा चुके है।

एसपी श्री विद्यार्थी ने मामले की जानकारी देते हुये बताया कि महावीर नगर परसवाड़ा संजीवनी नगर में रहने वाले सुरेश कुमार भोज उम्र 65 वर्ष सेवानिवृत शिक्षक है। 18 जुलाई को 7.30 बजे घर में ताला लगाकर उज्जैन महाकाल के दर्शन् करने हेतु गए थे. इस दौरान ताला तोड़कर घुसे



चोरों ने आलमारी के लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवर व 25 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। इसी तरह यशवंत तिवारी उम्र 50 वर्ष निवासी परसवाड़ा धनवंतरीनगर 17 जुलाई की शाम 7 बजे घर का ताला बंद करके अपने पैतृक गांव ग्राम सुनाचर गए थे। इस दौरान घर का ताला तोड़कर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले में नशीले इंजेक्शन के कारोबारी गुल्ली उर्फ अरूण बेन उम्र 28 वर्ष निवासी जोगी मोहल्ला गोरखपुर एवं बादशाह चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी जोगी मोहल्ला गोरखपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 44 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा। दोनों को पुलिस ने पहले भी नकबजनी के मामले में पकड़ा, जिसके चलते दोनों से पूछताछ की तो उन्होने चोरी की वारदातों को अंजाम देना बताया। पुलिस ने आरोपयों के कब्जे से संजीवनी नगर में की गई चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए माल बरामद कर लिया।

**अधारताल क्षेत्र की चोरी का खुलासा-** इसी तरह पुलिस ने अधारताल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाली मोना ठाकुर उम्र 26 वर्ष के घर 16 जून को हुई चोरी की वारदात का भी खुलासा करते हुए एक आरोपी किशन उर्फ गन्नू बर्मन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए जेवर बरामद किए हैं। मोना ठाकुर के घर उस समय चोरी की वारदात की गई जब वे अपनी भाभी के घर रांझी गई थी। रात होने के कारण वे वहीं पर रुक गई, दौरान किशन उर्फ गन्नू पिता पूरन लाल बर्मन उम्र 26 वर्ष निवासी शंकर नगर सुहागी अधारताल ने वारदात को अंजाम दिया।

# दीक्षितपुरा के शातिर बदमाश पर एनएसए की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत दीक्षितपुरा क्षेत्र के एक शातिर बदमाश पर पुलिस ने एनएसए की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार कुख्यात बदमाश नीरज ठाकुर जिसके खिलाफ 50 अपराध हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं न्यायालय परिसर में साक्षियों को अपने पक्ष मे गवाही देने के लिये धमकाना आदि के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि नीरज ठाकुर पिता चंद्रभान सिंह ठाकुर उम्र 33 वर्ष निवासी मन्नू लाल अस्पताल के पास नट बाबा की गली कोतवाली का एक कुख्यात बदमाश है। जिसके खिलाफ थानों में गंभीर अपराध दर्ज हैं। इस बात को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने उपरोक्त आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) 1980 की धारा 3, सहपठित धारा 2 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



करने के लिये आदेशित किया गया। जिस पर जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार सुमन के द्वारा आरोपी की आपराधिक गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुये एनएसए के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुये केन्द्रीय जेल में निरूद्ध कराये जाने के लिये आदेशित दिये गये।



# सीनियर इंस्टीट्यूट चुनाव में सीआरएमएस विजयी घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** सीनियर इंस्टीट्यूट जबलपुर में सहायक कार्मिक अधिकारी के निर्देशन में पदाधिकारियों के चुनाव संपन्न हुए। गुरूवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक मतदान का दौर भारी बारिश के बावजूद भी जारी रहा।

गुरूवार को ही रात्रि लगभग 8 बजे चुनाव के परिणाम घोषित किए गए। इसमें सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के पदाधिकारियों को विजयी घोषित किया गया। द्वारका प्रसाद अग्रवाल सचिव, संदीप श्रोती कोषाध्यक्ष, हर्ष वर्मा, एस के श्रीवास्तव, संतोष कुमार, महफूज अहमद, मुकेश चन्द्र, संजय चौधरी, दीपक केशरी, इन सभी सदस्यों को 325 से 358 मत प्राप्त हुये हैं। इसी के साथ-साथ द्वारका प्रसाद अग्रवाल को 296 मत प्राप्त वहीं संदीप श्रोती के 324 मत प्राप्त हुए हैं।

# भारी बारिश से उद्योदपति भी परेशान, फैक्ट्रीयों में घुसा पानी, तैयार माल व मशीनरी हुई खराब

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में लगातार हों रही बारिश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। जहां एक ओर घरों में पानी घुस गया, सड़कों में जलप्लावन की स्थिति बन गई, वही दूसरी ओर औद्योगिक क्षेत्रों में निजी फैक्ट्रियों में पानी घुसने से लाखों रुपए का कच्चा और पक्का माल खराब हो गया। जिससे फैक्ट्री संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

इसी तारतम्य में मनेरी स्थित परफेक्ट स्टोन वेयर पाइप्स लिमिटेड यूनिट परफेक्ट एसिड वेयर, प्लाट नंबर 49 से 54 सेक्टर बी, एकेवीएन ग्रोथ सेंटर, ग्राम- मनेरी, तहसील- निवास, जिला मंडला में पिछले 40 घंटे से लगातार बारिश होने के कारण प्लांट के अंदर 9 से 10 इंच पानी भर गया। जिससे प्लांट में रखे रॉ मटेरियल, तैयार माल, मशीन एवं उपकरण खराब हो गए हैं। जिसके कारण कंपनी को करोड़ों का नुकसान हो गया है।

# ट्रेन से टकराकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल थाना अंतर्गत गुरूवार को रेलवे स्टेशन मदन महल और शास्त्री ब्रिज के बीच एक व्यक्ति ट्रेन से रन ओवर हो गया है। जिसकी शिनाख्तगी के प्रयास



करने में रेल व थाना पुलिस कर रही है। इसकी उम्र करीबन 40,45 वर्ष रंग गोरा कद 5 फुट लगभग, इकरा बदन, गोल चेहरा, सर में बाल कम, फ्रेंच कट दाढ़ी रखा हुआ, आसमानी लाइनिंग वाली हाफ टीशर्ट काली जींस, काली सैंडल, पहना हुआ है। इसकी पहचान अभी नहीं हुई है। पुलिस ने अपील की है कि यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया जीआरपी चौकी मदन महल से इस नंबर 7587619588 पर सूचना दें।

# पिट्ठू बैग में गांजा रखकर बेचने की फिराक में खड़ा युवक गिरफ्तार

## 1 किलो 950 ग्राम गांजा बरामद



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में आये दिन मादक पदार्थों को पुलिस पकड़ रही व तस्करों को गिरफ्तार कर रही है। लेकिन अवैध कारोबार लिप्त यह तस्कर बेखौफ होकर नशे का व्यापार कर रहे हैं। पुलिस हाल ही में बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन पकड़े। जिससे यह साबित हो रहा है कि संस्कारधानी नशे की मंडी बन गया है। इसी कड़ी में गोरखपुर थाना अंतर्गत महर्षि स्कूल के पास पुलिस ने एक युवक को लगभग दो किलो गांजे के साथ पकड़ा है। इस संबंध में गोरखपुर थाना प्रभारी अरविन्द चौबे ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि महर्षि स्कूल के बगल के मैदान में एक युवक पिट्ठु बैग लिये है जिसमें गांजा है तथा ग्राहक को बेचने की फिराक में खड़ा है।

सूचना पर पुलिस ने तत्काल महर्षि स्कूल के बगल वाले मैदान में दबिश दी। जहां एक युवक पुलिस को देखकर खण्डहर में छिपने लगा, जिसे पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम अमन यादव उम्र 18 वर्ष निवासी शारदा चौक पीली इमारत के पास गढ़ा बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कंधे में टंगे पिट्ठू बैग के अंदर एक पॉलीथीन में गांज रखा मिला। जो तौल करने पर 1 किलो 950 ग्राम गांजा होना पाया गया। जिसे जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।




# मोटर सायकिल की भिड़ंत में दो घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना में बीती रात मनोज ठाकुर उम्र 37 वर्ष निवासी आर्य समाज मंदिर के पास गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे वह अपनी मोटर सायकिल से अपने दोस्त भवानी प्रसाद के साथ तथा दूसरी मोटर सायकिल में उसका भाई प्रमोद ठाकुर और अति शर्मा पाटन से होते हुये बेलखेड़ा जा रहे थे। ग्राम सिन्गौरी के बाद वाली पुलिया के पास पहुंचे तभी पाटन तरफ से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एन जे 4797 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके भाई प्रमोद की मोटर सायकिल में टक्कर मार दिया। जिससे उसका भाई प्रमोद एवं अति शर्मा दोनों मोटर सायकिल सहित गिर गये। दोनों को हाथ-पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं। एक्सीडेण्ट करने वाला मोटर सायकिल चालक मोटर सायकिल से भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# कार को टक्कर मारकर ट्रक चालक फरार

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना अन्तर्गत गौर चौकी में देर रात आकाश चक्रवर्ती उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह कार क्रमांक एमपी 20 एम एम 0022 से मण्डला जबलपुर हाईवे रोड सत्या ढाबा के पास संदीप सतनामी के साथ खाना लेकर घर वापस आने के लिये कार स्टार्ट किया तथा रोड किनारे लाया तभी एकता मार्केट तरफ से ट्रक क्रमांक आरजे 02 जीबी 0326 का चालक सीताराम गुर्जर ट्रक को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये लाया एवं उसकी कार में टक्कर मार दिया जिससे कार छतिग्रस्त हो गयी कार में बैठे संदीप सतनामी को सिर एवं शरीर में चोट आयी ट्रक चालक शराब के नशे में था जो घटना के बाद थोड़ी देर ट्रक को रोका था जिसने अपना नान सीताराम गुर्जन बताया तथा थोड़ी देर बाद ट्रक चालू कर भाग गया।

पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 5 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 78 युवकों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 6 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है, इसी प्रकार 25 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 5 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 12 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 25 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 2 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये।

# डीएसपी के तबादले, जबलपुर के भी अधिकारियों का तबादला

## यातायात के डीएसपी चौकीदार का भोपाल स्थानांतरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के गृह विभाग ने थोक में उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों का तबादला किया है इसमें जबलपुर के डीएसपी मधुकर चौकीकार को भोपाल भेजा गया है इसके अलावा पाटन एसडीओपी सारिका पांडे को जीआरपी जबलपुर नीति इंडोतिया को आईजी कार्यालय से इंदौर, अभिषेक चौधरी का वारासिवनी बालाघाट, तबादला किया गया है। कुल 251 डीएसपी को यहां से वहां किया गया है तब समय से चुनाव के पूर्व बड़ी संख्या में उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों का तबादला सूची की राह देखी जा रही थी।

# जेल कर्मियों ने भत्ते बढ़ाने के लिए शासन को भेजा पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** जेल कर्मियों ने मुख्यमंत्री को अपने पुलिस व वन कर्मियों की तरह भत्ते बढ़ाने के लिये पत्र भेजा है जिसमें जेल कर्मियों ने इस बात का उल्लेख किया है कि 24 घण्टे शासन की सेवा में सेवारत जेल विभाग के सुरक्षा कर्मचारियों को पुलिस विभाग/वन विभाग के कर्मचारियों के समान भत्ते प्रदान किये जायें। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस विभाग/ वन विभाग के कर्मचारियों को 1000/- रूपये पोषण आहार भत्ता एवं अन्य भत्तों का लाभ दिये जाने के लिये की गई घोषणा के संबंध में उन्होंने अवगत कराने हुये बताया कि जेल विभाग में कार्यरत सुरक्षा स्टाफ (प्रहरी संवर्ग) सप्ताह के सातों दिन शासन की सेवा में लगे रहते हैं।

जेल नियमावली अनुसार सभी जेल कर्मचारी, जेल कैम्पस में ही निवास करते हैं, कोई भी कर्मचारी बिना सूचना दिये जेल कैम्पस कभी नहीं छोड़ सकता है, अर्थात वह 24 घण्टे शासन की सेवा में सेवातर रहता है। जेलों में निरुद्ध बंदियों की निगरानी एवं जेल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये सुरक्षा स्टाफ (प्रहरी संवर्ग) 24 घण्टे ड्यूटी पर रहते हैं फिर भी जेल सुरक्षा स्टाफ को पुलिस विभाग / वन विभाग के कर्मचारियों के समान भत्ते एवं अन्य लाभ प्राप्त नहीं होते हैं। जिससे जेल प्रहरी स्वयं को पुलिस एवं वन विभाग के समकक्ष कर्मचारियों से कमतर समझते हैं। मध्यप्रदेश में सुरक्षा कर्मचारियों में जेल प्रहरी की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। जेल विभाग में लगभग 5000 प्रहरी सेवारत हैं। जेल कर्मियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस ओर ध्यान आकर्षित करने का आग्रह किया है। पुलिस एवं वन विभाग के कर्मचारियों के समान जेल प्रहरियों को भी कोई शासकीय अवकाश का लाभ प्राप्त नहीं होता है। अतः जेल सुरक्षा कर्मचारियों (प्रहरी संवर्ग) को पुलिस एवं वन विभाग के कर्मचारियों के समान 13 माह के वेतन का लाभ प्रदान किया जायें।

जेल प्रहरियों को सप्ताह के सातों दिन शासन की सेवा करने के उपरांत भी पोषण आहार भत्ता प्रदान नहीं किया जाता है। अतः जेल सुरक्षा कर्मचारियों को भी पुलिस / वन विभाग के समान पोषण आहार भत्ता, गणवेश भत्ता, स्वास्थ्य बीमा योजना में शामिल किया जाये। जेल विभाग के कर्मचारियों को पदोन्नति संबंधी विभागीय परीक्षाऐं पुनः प्रारंभ कराई जाये ताकि प्रहरियों को योग्यतानुसार आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध हो सके।

# पार्षद ने कहा घर नहीं मौत का आशियाना ख़रीदा है



**जबलपुर, देशबन्धु।** मोती लाल नेहरू वार्ड के लेमा गार्डन राजीव गांधी आवास योज्ना की पोल निर्दलीय पार्षद शफ़ीक़ हीरा ने खोल कर रख दी। उन्होंने विगत दो दिन से हो रही मूसलाधार बारिश के बीच अपने समर्थकों के साथ लेमा गार्डन का मुआयना किया। जिसमें निर्मित भवनों के लैंटर की छत और दिवारों से पानी रिसता देख सभी स्तब्ध रह गये। वहां रहने वालों की दिन और रात खौफ में गुजार रहे हैं। सभी को डर है कि बारिश के दौरान बिल्डंग गिर ना जाये। शफीक ने बताया कि यह मुद्दा पूर्व में भी मेरे माध्यम से सदन में उठाया गया था कि आवास की हालत बिल्कुल जर्जर हो चुकी है। जिसमें निगम अध्यक्ष और निगमायुक्त ने यह कहते हुए मुझे आश्वासन दिया था कि इसकी कमेटी गटित करके इसकी जांच की जाएगी, ना तो कमेटी बनी, ना जांच हुई। अभी तक वहां के मकानों की यह हालत है कि ना बिजली मीटर लगा ना मकानों की कोई मरम्मत हुई है। अब हालत यह है कि छत गिर रही है और रिस रही है।



# वोट देना पड़ेगा तभी काम होगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी विधानसा के अंतर्गत नये वार्ड की पार्षद ज्योति विनोद पटेल लोधी पर क्षेत्र के नागरिकों ने आरोप लगाये हैं कि उन लोगों को धमकी दी गई है कि जब तक वे लोग उनकी पार्टी को वोट नहीं देंगे तब तक उनके यहां की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। बारिश के चलते यहां पर भी कई घरों और बस्ती में पानी भर गया है। इसी समस्या को लेकर स्थानीय महिलाओं ने पार्षद से संपर्क किया था, जिसके जवाब में इस तरह की बात कही गई है। इससे लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर निष्क्रिय रहने के आरोप भी लगाये हैं।

# नदी पार करने के चक्कर में बह गया युवक, चार युवकों को बचाया

## अधारताल के ग्राम पिपरिया की घटना, लापता युवक की तलाश में जुटी पुलिस



**जबलपुर, देशबन्धु। अधारताल** के ग्राम पिपरिया से गुजरने वाली परियट नदी में गुरुवार को पांच युवक स्नान करने पहुंचे। पांचों तैरते हुए नदी के दूसरे किनारे पर पहुंचे, लेकिन लौटते चार युवकों ने तो जहां नदी पार कर ली, वहीं एक नदी में बह गया। सूचना मिलते ही अधारताल और एसडीआरएफ की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम बोट लेकर नदी में उतरी लेकिन देर शाम तक युवक की तलाश नहीं की जा सकी।

अधारताल पुलिस ने बताया कि ग्राम पिपरिया निवासी जुम्मन यादव का बेटा अतुल यादव उर्फ अत्तू (20) चचेरे भाई राहुल यादव समेत अन्य के साथ गुरुवार दोपहर परियट नदी में स्नान करने गया था। पांचों तैराकी जानते थे। इसलिए नदी में कूद पड़े।

# नकली नोट मामले में तीन को पांच-पांच वर्ष का कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** एडीजे उदय सिंह मरावी की अदालत ने नकली नोट मामले में आरोपी शहडोल निवासी संतोष पांडे, जबलपुर निवासी सचिन चक्रवर्ती व रीवा निवासी कौशल प्रसाद उपाध्याय का दोषी करार दिया है। अदालत ने तीनों को पांच-पांच साल की सजा व आठ-आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अदालत को अभियोजन की ओर से सहायक लोक अभियोजक जीत सिंह पटेल ने बताया कि आरोपियों ने परस्पर




सांठगांठ के जरिए नकली नोट तैयार किए। इसके बाद उन्हें बाजार में चलाना शुरू कर दिया। जिसकी भनक लगने पर पुलिस ने धरपकड़ की योजना बनाई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्रिंटर, चमकीले टेप व सफेद कागज बरामद किए।

साथ ही सौ रुपये के अधबने नोट भी जब्त किए। उक्त मामले में हनुमानताल व ओमती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने तीनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया।

# मूसलाधार बारिश से नदी, नाले उफनाए, खेतों में भरा पानी

## राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 फोरलेन पर घुटनों तक पानी, बंजारी माता नदी भी उफान पर

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** लगभग दो दिनों से सुबह व रात्रि के समय लगातर तेज व रुक रुककर ही रही बरसात से छोटे-बड़े नदी नालों में जलस्तर अपेक्षाकृत अधिक बढ़ गया है गुरुवार को सुबह के समय हाईवे के किनारे स्थित खेतों के रास्ते होते हुए बंजारी माता नदी का पानी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर कटनी हाईवे के गांधीग्राम बाईपास फोरलेन तिराहे पर हाईवे सड़क पर लगभग 3 फुट पानी भर जाने से वाहनों को एक ओर से निकालने में असुविधा का सामना करना पड़ा। मुख्य तिराहों व चौराहों पर एनएचआई द्वारा बड़ी नालियों का निर्माण न करने , तिराहों ,चौराहों के पास छोटी पुलियों का निर्माण होने से बरसात का अधिक पानी उक्त पुलियों से नहीं निकल पाता फल स्वरूप पानी जल प्लावन के रूप में हाईवे पर काफी मात्रा में एकत्रित हो गया ।

तेज बरसात से गांधीग्राम की करदही नदी में बरसाती पानी के एकत्रित होने से बंजारी माता पुल पर जलस्तर क्रमशः बढ़ रहा है, पुल पर जलस्तर बढ़ने से कुशनेर नलकूप से जलप्रदाय योजना गांधीग्राम के लिए



पुल से होकर आई पाइपलाइन डूब गई है साथ ही नदी के किनारे स्थित बंजारी माता मंदिर की दीवारों को नदी का पानी हिलोरें मार रहा है।

**नदी लबालब,खेतों में भरा नदी का पानी**-नदी लबालब व फुल बहने की वजह से गांधीग्राम के फोरलेन बायपास के किनारे के बम्होरी हार,पटिया हार,कछरा हार,बंजारी माता मंदिर के किनारे के खेत व कोटखाले के खेतों में लगी धान की फसलों में पानी भर गया। प्राप्त जानकारी में नदी किनारे खेती करने वाले किसानों अरविंद सिंह गौर, प्रकाश मिश्रा, राजेश पटेल, वासुदेव मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, विजय चौरसिया, उत्तम तिवारी,लखन पटेल आदि ने बताया कि वर्तमान में ऊपरी हिस्से का पानी एकत्रित होकर नदी में प्रवाहित हो रहा है जिससे नदी में जलस्तर बढ़ा



है नदी ओवरफ्लो होने से खेतों में पानी भर गया है। यदि पानी लगातर खेतों में भरा रहेगा तो पानी में डूबी हुई धान की फसल को नुकसान की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वही शेष खेतों में बरसात धान के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

**नई बस्ती कुशनेर के घरों में पानी भरा** -बंजारी माता स्टेट नदी का पानी ओवरफ्लो होते हुए ना केवल हाईवे फोरलेन मुख्य सड़क पर भर गया अपितु सड़क किनारे स्थित नई बस्ती कुशनेर की अनेक में पानी भी घुस गया। इस जलप्लावन से आवासीय मकानों में निवासरत लोग न केवल भयभीत हैं बल्कि पानी की निकासी का इंतजार करते रहे किन्तु शासन प्रशासन से कोई भी अधिकारी मरहम लगाने नही आया।

## सार-समाचार

### कांग्रेस पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता होने के नाते धर्म सिंह मरावी ने पेश की अपनी दावेदारी

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की आदिवासी बाहुल्य सिहोरा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 102 से कांग्रेस पार्टी का चर्चित नाम धर्म सिंह



मरावी भी कांग्रेस पार्टी से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। जो वर्तमान में क्षेत्र क्रमांक 07 से जनपद सदस्य हैं इसके अलावा पूर्व में लगातार एक दशक तक ग्राम पंचायत घुघरा से सरपंच रहे है। अभी हाल ही में हुए जनपद पंचायत कुण्डम से अध्यक्ष का चुनाव लडा लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। वर्तमान समय मे कांग्रेस पार्टी के समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव के पद पर हैं। श्री मरावी का जन्म मसूरीकछार गांव में हुआ था आपकी शैक्षणिक योग्यता 12-वीं पास है सिहोरा विधान सभा क्षेत्र में जन सहयोग की भावना को लेकर समर्पण भाव से दसको से जनसेवा करते चले आ रहे है पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के दिशा निर्देशन पर नारी सम्मान योजना के फार्म सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में घर-घर जाकर माताओं बहनों से संपर्क करके भरवाए थे वही श्री मरावी के द्वारा कमलनाथ के पांच वचन पत्रों का प्रचार प्रसार पूरे विधानसभा क्षेत्र में किया जा रहा है आपके द्वारा गांव गांव में जाकर सघन जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार किया जा रहा है। ग्रामीणों का ऐसा मानना है कि यदि कांग्रेस पार्टी सिहोरा विधान सभा क्षेत्र से किसी युवा नेता को विधान सभा की टिकिट देती है तो निश्चित ही कांग्रेस पार्टी जीत का परचम लहराने में कामयाब हो सकती है। ग्रामीणों ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि धर्म सिंह मरावी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता के रूप क्षेत्र में पहचाने जाते है और क्षेत्र के लोग भी श्री मरावी को टिकिट मिलने का इंतजार कर रहे है यदि कांग्रेस पार्टी इनको टिकट देती है तो सिहोरा विधान सभा से कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज कर सकती है।

### आंगनवाड़ी में बच्चों को आहार में न क्वॉलिटी मिल रही और ना ही क्वॉनटीटी






**बरेला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों के. समुचित शारिरिक विकास के लिए महिला एवं बाल विभाग के माध्यम से आंगनबाड़ियों में पोषण आहार के वितरण की व्यवस्था की गई है. यह व्यवस्था. जीरो से 3 आयु वर्ग और 3से 6 आयु वर्ग के बच्चों के लिए अलग अलग की गई है।. जीरो से 3 आयु वर्ग के बच्चों के लिए जहां. दलिया वितरण किया जाता है तो वहीं 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों को आंगनबाड़ी में ही. नाश्ते और खाने की व्यवस्था की गई है ताकि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास समुचित रूप से हो सके किंतु. स्व सहायता समूह द्वारा इस वितरण व्यवस्था में जमकर सेंधमारी की जा रही है और बच्चों को सही मात्रा में ना ही खाना मिल पा रहा है और ना ही गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसा जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण ग्राम पंचायत पहाड़ीखेड़ा स्थित आंगनबाड़ियों है जहां पर स्व सहायता समूह द्वारा आंगनवाड़ी में प्रदान की जाने वाली पोषण को. तौल कर नहीं दिया जा रहा है

**तौल कर नहीं दिया जा रहा है खाना** - प्रत्येक आंगनवाड़ी में दर्ज बच्चों के हिसाब से खाना तौल कर दिए जाने की व्यवस्था है शासन द्वारा प्रत्येक बच्चे को 80 ग्राम नाश्ता और डेढ़ सौ ग्राम खाना देने की व्यवस्था की गई है. किंतु समूह द्वारा आंगनबाड़ी में कम खाना दिया जा रहा है इसका प्रत्यक्ष नजारा गुरुवार को आंगनवाड़ी केंद्र 2 में देखने को मिला जहां पर सरपंच द्वारा पोषण आहार की जांच की गई तो वह कम पाया गया।

**बच्चों को मिल रहा है गुणवत्ता हीन पोषण** - गुरुवार को बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार नाश्ते में हलुआ दिया जाना है तथा खाने में पुलाव और पकौड़े वाली कड़ी जानी है। समूह द्वारा दिये खाने में पुलाव की जगह साधारण चावल तथा.कड़ी में पकोड़े कम दिखाई दिये।सरपंच संतोष पटेल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण करने पर यह कमी पाई गई।

**सरपंच ने की कार्यवाही की मांग** - सरपंच संतोष पटेल ने परियोजना अधिकारी, और कलेक्टर से आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर समूह पर कार्यवाही की मांग की गई थी

## भारी बारिश से पनागर के कई क्षेत्रों में जलप्लावन

### परियट नदी का जल स्तर उफान पर कई गांव प्रभावित

**पनागर, देशबन्धु।** 4 दिन से लगातार बारिश के कारण पनागर के कई हिस्सों में जल प्लावन की समस्या बढ़ गई है जिसमें की सबसे ज्यादा परियट नदी जो कि पुल से केवल 8फुट का फासला बनाई हुई है अगर बारिश जोरदार और ऐसे ही होती रही तो पुल के ऊपर भी नदी का पानी तेज बहाव के साथ आने की संभावना है पर नदी के जल स्तर बढ़ने के कारण परियट पुल के आस-पास के गांव के लगभग 200 मकान बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं शासन प्रशासन द्वारा परियट स्थित धर्मशाला में बाढ़ पीड़ित लोगों को रुकवाया गया है और पनागर नगर मैं नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल एवं पार्षदों द्वारा रात को ही कर्मचारियों की 50 सदस्य टीम को 24 घंटे अलर्ट जारी किया है पनागर के 15 वार्ड में से 6 वार्ड ऐसे है जिनमें जल प्लावन की अधिक समस्याएं देखी गई एवं नगर के प्रमुख बड़े नाले ऐसे हैं जिनमें बिल्डरों द्वारा सरकारी नालों को ही पूर दिया



गया है जिनके कारण कुछ वार्ड प्रभावित है अधिकारियों का ध्यान अभी उस जगह नहीं जा रहा है लेकिन पनागर शिवाजी वार्ड में बड़े नालों पर बिल्डरों द्वारा अतिक्रमण कर दिया गया है जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है।

अनुविभागीय अधिकारी पीके सेन गुप्ता ने बताया कि जल प्लावन नगर में हो रहा है और अगर बिल्डरों द्वारा सरकारी नालों में पुराई की गई है तो ऐसी शीघ्र ही हटवाया जाएगा। तहसीलदार विकास जैन ने बताया की कल ही 2 सदस्य टीम गठित कर कर इसकी जांच करा कर अतिक्रमण को मुक्त कराया जाएगा।

## हिरन नदी का पुराना घाटसिमरिया का पुल डूबा

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** बुधवार की रात भर एवं गुरुवार को सुबह वा दोपहर के बाद लगातार बरसात में जबलपुर सिहोरा हाईवे फोरलेन सड़क मार्ग पर हिरन नदी के पुल पर बना हुआ पुरानी एन एच 7 मार्ग का घाट सिमरिया पुल पर पानी के लगातार बढ़ते रहने से दोपहर पश्चात पानी से डूब गया। दोपहर के समय पानी पुल के ऊपर हल्का-हल्का बह रहा था किंतु शाम होते-होते पुल पर लगभग 4 से 5 फुट पानी बहने लगा जिससे घाट सिमरिया गांव को जाने वाले मार्ग का आवागमन बंद हो गया है।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 पर बने हिरन नदी के घाट सिमरिया पुल से विभिन्न ग्रामों के पढ़ने वाले बालक बालिकाएं शासकीय माध्यमिक शाला पढ़ने घाट सिमरिया के इसी पुल से पैदल



जाते है । गुरुवार को सुबह 10 बजे स्कूल गए बच्चों को शाम के समय पुल के ऊपर लगभग 4 से 5 फुट पानी बढ़ जाने से शाम को अवकाश के पश्चात शाला में पढ़ने वाले विभिन्न ग्रामों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के नए पुल से आना पड़ा।

प्रशासन की लापरवाही दिखी दोपहर के समय जब पुल पर जलस्तर क्रमशः बढ़ रहा था उसी समय लोग हिरन नदी पर बाढ़ का नजारा देखने के लिए बाईक आदि पुल पर खड़े होकर सेल्फी वा फोटो ले रहे थे।जबकि पुल पर पानी खतरे के निशान पर बढ़ने पर प्रशासन को अलर्ट हो जाना चाहिए। शाम के समय भी लोग पुल के काफी नजदीक से नजारा देखने के लिए आ जा रहे थे।

## लगातार हो रही बारिश की भेंट चढ़ा कच्चे मकान

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** जिले में लगातार हो रही भारी बरसात से जहां जी जनजीवन अस्त व्यस्त है, और भारी बरसात से अपनी जी जान बचाने के लिए लोग घरों में दुबके हुए हैं मगर पानी है कि उनका पीछा ही नहीं छोड़ता। कुआ तालाबो मैदानों नदी नालों से लेकर अब पानी लोगों के घरों में घुसकर कहर बरपा रहा है, जिसकी बानगी अंचल के हर गली मोहल्ले में देखने को मिल जाएगी। भारी बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान झोपड़ी एवं कच्चे मकानों को हो रहा है, गांधीग्राम के वार्ड नंबर 1 निवासी फूलचंद पिता गनेश चक्रवर्ती का कच्चा मकान लगातार हो रही बारिश की भेंट चढ़ गया और देखते ही देखते रेत की मानिंद ढह गया जिससे गरीब परिवार की गुजर-बसर का गृहस्ती का सामान गीला हो गया है, फूलचंद चक्रवर्ती लकवा के मरीज है एवं पत्नी गुजर जाने से परिवार में



अकेले ही रहते हैं, ऐसे में उनके सामने रहने एवं खाने-पीने का संकट उत्पन्न हो गया है।क्षेत्रीय जनों सतीश चौरसिया राजकुमार पाल पंडित ज्वाला प्रसाद दुबे उमेश असाटी राजेश चक्रवर्ती संतोष चक्रवर्ती दिलीप चौधरी सुग्रीव गोंटिया विकास कोल आदि ने शासन प्रशासन से शीघ्र ही राहत शिविर लगाकर बाढ़ पीड़ित जरूरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## डीईओ कार्यालय का बाबू 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रेप

**रीवा देशबन्धु।** लोकायुक्त की टीम ने जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय के बाबू को एक शिक्षक से 10 हजार रुपयों की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू ने जिला शिक्षाधिकारी के नाम पर निलंबित शिक्षक से उसकी बहाली को लेकर बतौर रिश्वत 50 हजार की मांग की थी। शिक्षक ने 5 हजार रुपए पूर्व में ही दिए थे जबकि आज 10 हजार की दूसरी किश्त जैसे ही बाबू को दी तभी लोकायुक्त नें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दरअसल यह कार्यवाही गुरुवार की आज दोपहर लोकायुक्त कार्यालय से महज 100 मीटर दूर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में की गई है। लोकायुक्त की टीम नें जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय की स्थापना शाखा में पदस्थ बाबू विजय शर्मा को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। लोकायुक्त की इस कार्यवाही के बाद से शिक्षा कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक बाबू द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत प्राथमिक पाठशाला में पदस्थ शिक्षक रवि शुक्ला नें की थी। कार्रवाई के संबंध में लोकायुक्त एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता रवि शुक्ला प्राथमिक पाठशाला कोष्टा में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। फरियादी शिक्षक के विरुद्ध वर्ष 2013 में तत्कालीन डीओ उदय भान पटेल द्वारा रायपुर कर्चुलियान थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले में फरियादी शिक्षक न्यायालय से दोषमुक्त होने के बाद अपनी बहाली को लेकर जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय के चक्कर काट रहा था। फरियादी शिक्षक ने जिला शिक्षा विभाग कार्यालय में पदस्थ बाबू विजय शर्मा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के नाम पर 50 हजार रुपए बतौर रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में रीवा में दर्ज कराई।

## शिक्षकों की लापरवाही से विद्यार्थियों की संख्या पहुंची शून्य पर

### पाटन ब्लॉक के तिलंगवा प्राथमिक शाला का मामला, कागजों पर दौड़ाकर शिक्षक पा रहे हर माह विभाग से मोटी तनख्वाह

**पाटन, देशबन्धु।** ग्रामीण इलाकों के नौजवान एवं बच्चें यदि शिक्षित हो जाएंगे तो सत्ता के मठाधीशों से सवाल पूछेंगे और युवा पीढ़ी और बच्चें अशिक्षित रहेंगे तो सत्ता में बैठे अपने जनप्रतिनिधि से सवाल नहीं कर पाएंगे। इसलिए हमारे द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि एक बार चुनाव जीतने के बाद फिर कभी दोबारा हमारे गांव देहात में कदम नहीं रखते जिसकी वजह से हमारे बच्चें शिक्षा से वंचित होने को मजबूर है। ऐसा ही एक मामला पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत गुरु-पिपरिया के तिलंगवा गांव से सामने आ रहा है जहां के प्राथमिक शासकीय स्कूल में विगत कई वर्षों से एक भी बालक-बालिका का स्कूल में एडमिशन नहीं है या यूं कहें कि स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या शून्य है लेकिन शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सत्ता में बैठे जिम्मेदारों की मेहरबानी के चलते प्राथमिक शाला में नियुक्त दो शिक्षक कई वर्षों से घर बैठे-बैठे सरकार से मोटी तनख्वाह पा रहे है। और इस बात से शिक्षा विभाग बेखबर है।

**ये है मामला** - पाटन ब्लाक के तिलंगवा गांव में प्राथमिक शाला है यह गांव पाटन जबलपुर मेन सड़क से चंद किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भाजपा के 18 वर्ष के कार्यकाल में और विकास पुरुष की मौजूदगी में आज तक इस गांव में संचालित होने वाले स्कूल को अपना खुद



का भवन नहीं मिला और विगत कई वर्षों से शासकीय प्राथमिक स्कूल एक-दो कमरे के मकान में कागजों पर दौड़ाकर चलाया जा रहा है जिसमें दो शिक्षक की ड्यूटी शिक्षा विभाग ने लगाई थी दिलचस्प बात यह है कि विगत कई वर्षों से इस स्कूल में छात्र-छात्राओं की संख्या शून्य हैं। अब सवाल उठता है कि बिना विद्यार्थियों के शिक्षा विभाग के जिम्मेदार दो शिक्षक इतने वर्षो से किसको पढ़ने तिलंगवा गांव के शासकीय प्राथमिक स्कूल में जाते थे यह जांच का विषय है। क्यों आज तक गांव के सरपंच ने इस खस्ताहाल व्यवस्था वाले स्कूल की सुध नहीं ली। जब तक हमारी विधान सभा क्षेत्र में ऐसे गैर-ज़िम्मेदार जनप्रतिनिधी रहेंगे तब-तब ग्राम पंचायत से ऐसे ही शिक्षा विभाग के सनसनी खेज मामले सामने आते रहेंगे और ऐसे मामले शिक्षा विभाग पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करते रहेंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय प्राथमिक स्कूल के बारे में जब ग्रामीणों से पूछा तो गांव वालों ने बताया कि हमारे गांव के सरकारी स्कूल में दो शिक्षकों की ड्यूटी लगी है लेकिन स्कूल में तैनात शिक्षक,बच्चों को पढ़ाने स्कूल नहीं आते थे जिसकी वजह से हमारे गांव के बच्चें गुरु-पिपरिया एवं कुछ बच्चें निजी स्कूलों में पढ़ रहे है। हमारे गांव का प्राथमिक स्कूल कई सालों से बंद पड़ा है। यहां के दो शिक्षक अपनी ड्यूटी कागजों पर दौड़ाकर घर बैठे- बैठे शिक्षा विभाग से मोटी तनख्वाह पाकर मौज कर रहे है। जब ग्रामीणों ने गांव के प्रधान से शिक्षकों की गैर हाजरी की शिकायत की तो, उन्होंने बताया कि तिलंगवा गांव के सरकारी स्कूल को गुरू-पिपरिया गांव के शासकीय स्कूल में मर्ज कर दिया है। ये मर्ज क्या होता है हमें नहीं पता है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत गुरु-पिपरिया के सरपंच ने बताया कि हमारे गांव के शासकीय प्राथमिक स्कूल तिलंगवा में विद्यार्थी की संख्या शून्य हो गई थी जिस वजह से यह स्कूल गुरु-पिपरिया गांव के शासकीय स्कूल में मर्ज कर दिया है।

**सत्य प्रकाश ठाकुर,** सरपंच, ग्राम पंचायत गुरु-पिपरिया

.जब शासकीय प्राथमिक स्कूल तिलंगवा की संकुल प्राचार्य श्रीमती संध्या हरी प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बोला क्यों इतनी पूछताछ कर रहे हो मुझे उन शिक्षकों के नाम नही पता है। जहां शिकायत करना हो कर दो में आपको तिलंगवा प्राथमिक स्कूल के बारे में कुछ नहीं बता सकती हूं।

.जब इस संबंध में पाटन बीईओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह स्कूल 0 से 6 तक का है यहां दो शिक्षको की पोस्टिंग है जिनके नाम इंद्रजीत सिंह ठाकुर दूसरे पुस्पेंद्र सिंह ठाकुर है वही शिक्षा विभाग को इन शिक्षकों की लगातार शिकायत मिल रही थी जिसकी वजह से विगत दिनों आयुक्त महोदय भोपाल के निर्देश पर इन शिक्षकों के ट्रांसफर किए गए थे उक्त ट्रांसफर आदेश के विरुद्ध इन शिक्षकों के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी जिसमें से एक शिक्षक पुस्पेंद्र सिंह ठाकुर का निराकरण होते ही शिक्षा विभाग के द्वारा उनकी मझौली में पोस्टिंग की गई है। वही दूसरे शिक्षक इंद्रजीत सिंह ठाकुर मेडिकल लीव पर चले गए है। वही बीईओ ने बताया कि शासकीय रिकार्ड में आज भी तिलंगवा गांव का प्राथमिक स्कूल संचालित हो रहा है जहां छात्र-छात्राओं की संख्या शून्य हैं। यह स्कूल मर्ज को गया है जिसने भी यह बात बोली है यह बात सरासर झूठ और गलत है।

**एके शुक्ला,** विकास खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पाटन

## चिली में वायु सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 5 की मौत

**सैंटियागो।** चिली के दक्षिणी हिस्से में वायु सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चिली वायु सेना के पांच सदस्यों मौत हो गई। वायु सेना ने मंगलवार को बताया कि यह दुर्घटना की सोमवार रात घटित हुयी। वायु सेना ने एक बयान में कहा, दक्षिणी चिली के लॉस लागोस क्षेत्र में सोमवार रात एक बेल 412 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान दो पायलटों, दो एयर क्रू सदस्यों और एक बचाव पैराट्रूपर सहित पांच सदस्यीय चालक दल के साथ रात्रि उड़ान प्रशिक्षण मिशन का संचालन कर रहा था। सभी चालक दल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# नूंह हिंसा पर अमेरिका की भी नजर



**वॉशिंगटन।** हरियाणा के नूंह, गुरुग्राम समेत आसपास के इलाकों में जारी बवाल पर अमेरिकी की भी प्रतिक्रिया आई है। राष्ट्रपति जो बाइडेन सरकार ने शांति बनाए रखने और हिंसा से बचने की अपील की है। स्थानीय समयानुसार बुधवार को जारी प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय ने यह बात कही है। इधर, हरियाणा के कई जिलों में सुरक्षा के मद्देनजर 5 अगस्त तक इंटरनेट पर रोक लगा दी है।

प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, %हिंसक झड़पों को लेकर मैं कहूंगा कि हमेशा कि तरह हम शांति और पार्टियों को हिंसक गतिविधियों से बचने की अपील करेंगे। गुरुग्राम की हिंसा में किसी अमेरिकी के प्रभावित होने को लेकर उन्होंने जानकारी दी, मुझे इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। मैं दूतावास से संपर्क कर खुश हूं।

**हरियाणा में क्या हुआ?**


राज्य के नूंह में सोमवार को एक धार्मिक यात्रा पर हुए हमले के बाद दो समूहों में हिंसा भड़क गई। फिलहाल, नूंह, फरीदाबाद, पलवल और गुरुग्राम के तीन सब डिवीजन सोहना, पटौदी और मानेसर

### शांति बनाए रखने की अपील, दी नसीहत

में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। बुधवार को प्रदेश सरकार ने इन सभी जिलों में 5 अगस्त तक के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करने का फैसला किया है। साथ ही इन जिलों में सुरक्षा व्यवस्था को भी बढ़ा दिया गया है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) टी वी एस एन प्रसाद की तरफ से आदेश जारी किए गए। उन्होंने कहा, नूंह, फरीदाबाद, पलवल और गुरुग्राम के उपायुक्तों द्वारा मेरे संज्ञान में यह लाया गया है कि कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई है और सूचित किया गया है कि उनके संबंधित जिलों में स्थिति अब भी गंभीर और तनावपूर्ण है। इसमें कहा गया है, इसलिए, मोबाइल फोन और एसएमएस पर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि जैसे विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से गलत सूचना और अफवाहों के प्रसार, आंदोलनकारियों और प्रदर्शनकारियों की भीड़ को संगठित होने से रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट निलंबन की सीमा को बढ़ाया जा रहा है

# रूसी ड्रोन हमले में यूक्रेन का अनाज भंडार घर नष्ट



**कीव,** (एजेंसियां)। रूस के ड्रोन ने नाटो सदस्य देश रोमानिया से थोड़ी दूरी पर डेन्यूब नदी पर इज़्मेल में यूक्रेनी बंदरगाह सुविधाओं पर हमला किया है। बीबीसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि हमले में एक अनाज गोदाम, एक यात्री भवन और अनाज भरने में काम आनी वाली एक लिफ्ट सभी क्षतिग्रस्त हो गयी।

रूस ने संयुक्त राष्ट्र के उस समझौते को छोड़ने के बाद यूक्रेन के बंदरगाहों को निशाना बनाना शुरू कर दिया, जो दोनों देशों को काला सागर के पार सुरक्षित रूप से अनाज निर्यात करने में सक्षम बनाता था। बुधवार तड़के इज़्मेल के बंदरगाह क्षेत्र में भीषण आग लग गई। लगभग तीन किमी दूर डेन्यूब के रोमानियाई हिस्से से फिल्माए गए वीडियो में आग की भयावहता दिखाई दी। रोमानियाई राष्ट्रपति क्लॉस इओहानिस ने रोमानिया के निकट यूक्रेनी बुनियादी ढांचे पर रूस के लगातार हमलों की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है।

यूक्रेन की वायु सेना ने रात के दौरान कहा कि रूसी ड्रोन डेन्यूब नदी की ओर जाते हुये दिखायी दिये जहां यूक्रेन के इज़्मेल और रेनी दो बंदरगाह हैं। दक्षिण में यूक्रेन की सैन्य कमान ने कहा कि हवाई सुरक्षा लगभग तीन घंटे से काम कर रही है। ओडेसा के क्षेत्रीय नेता ओलेह किपर ने कहा कि ताजा रूसी हमले की जगह पर आपातकालीन सेवाएं काम कर रही हैं और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## आज का इतिहास

1666- नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच समुद्री लड़ाई हुई।
1886- कोलंबिया ने संविधान अंगीकार किया।
1870- ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।
1914- जर्मनी के पहले विश्वयुद्ध में शामिल होने के बाद ब्रिटेन ने भी युद्ध में उतरने की घोषणा की।
1929- अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार का जन्म।
1935- गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट 1935 को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली।
1954- पाकिस्तान सरकार ने हाफिज जलंधरी द्वारा लिखे गीत को राष्ट्रगान के रूप में अपनाने पर सहमति दी।
1956- देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ।
1961- अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा का जन्म हुआ था।
1967- विश्व के सबसे लंबे चिनाई बांध नागार्जुनसागर का निर्माण।
1997- मो. ख़ातमी ने ईरान के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

## सुडोकू 6276

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## नागपुर दौरे पर जाएंगे धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार चार अगस्त को नागपुर जाएंगे, जहां वे राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय (आरटीएमएनयू) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे तथा उस दिन वहां कुछ अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से बुधवार को एक विज्ञप्ति के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान धनखड़ कविवर सुरेश भट्ट सांस्कृतिक सभागार रेशमीबाग भी जाएंगे। उपराष्ट्रपति वहां राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में 'प्रनीति' कार्यक्रम के तहत भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी संबोधित करेंगे।

## कर्नाटक में दूषित पानी पीने से दो की मौत

**चित्रदुर्ग/कर्नाटक।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में दूषित पानी पीने से दो लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य बीमार पड़ गए। अस्वस्थ लोगों में पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान मंजुला व रघु के रूप में की गई, दोनों चित्रदुर्ग के बाहरी इलाके कवाडीगरहट्टी के निवासी थे। सूत्रों ने बताया कि मंजुला की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि रघु, जो पानी पीने के बाद बेंगलुरु चला गया था, में गंभीर लक्षण विकसित हुए और बाद में उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार को हुई व अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों से शहर नगर पालिका द्वारा आपूर्ति किए गए पानी का सेवन नहीं करने को कहा है।

## हैदराबाद में मासूम की बस से कुचलकर मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को एक भीषण दुर्घटना में अपने पिता के साथ स्कूल जा रही आठ वर्षीय बच्ची की बस से कुचलकर मौत हो गई। दिल्ली पब्लिक स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा दिक्षिता अपने पिता के साथ स्कूटी से स्कूल जा रही थी। यह हादसा बाचुपल्ली में हुआ। दोपहिया वाहन सड़क पर एक गड्ढे से टकराने के बाद फिसल गया। पिता और बेटी दोनों सड़क पर गिर गये। बच्ची पीछे से आ रही प्राइवेट बस के पहिये के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। हृदय विदारक दृश्य तब देखने को मिला जब मां छोटी बेटी के शव को लेकर सड़क के पास बैठी रही। पुलिस ने चालक को लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

## कोटबाग में बादल फटने से 59 सड़कें हुई बंद

**नैनीताल।** उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में मंगलवार रात से हो रही भारी बरसात का असर ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ा है। नैनीताल के कोटाबाग में जहां बादल फटने से चार दर्जन मकानों और गौशाला में मलबा घुसने की सूचना है वहीं भूस्खलन के चलते पहाड़ों में 59 सड़कें अवरूद्ध हैं। चीन सीमा को जोड़ने वाले तीन बार्डर मार्ग भी बंद पड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोटाबाग के ओखलढूंगा में बादल फटने से चार दर्जन से अधिक घर और गौशाला पानी और मलबा की चपेट में आ गये। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को विस्थापित कर दिया है। फसलों को भी नुकसान की सूचना है।

# चीन में दो घंटे ही फोन इस्तेमाल करने की होगी अनुमति, कानून बनाने की तैयारी

चीन की साइबर रेग्युलेटर संस्था ने सिफारिश की है कि 18 साल से कम आयु के बच्चों के लिए फोन इस्तेमाल करने की लिमिट तय की जानी चाहिए। रेग्युलेटर ने 2 घंटे की लिमिट तय करने का सुझाव दिया है। साइबरस्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ चाइना का कहना है कि दिन भर में बच्चों को दो घंटे ही फोन इस्तेमाल करने की परमिशन मिले। इससे वे स्वस्थ रहेंगे और वक्त की बर्बादी को भी रोका जा सकेगा। माना जा रहा है कि इसके बाद सरकार कोई नियम बना सकती है। स्वास्थ्य और शिक्षा के लिहाज से भले ही यह फैसला बच्चों के हित में हो, लेकिन इंटरनेट और टेक कंपनियों के लिए यह घाटे का सौदा है।

एजेंसी की सिफारिश के बाद ही चीन में टेक कंपनियों के शेयर लुढ़कने लगे। एजेंसी की सिफारिश है कि बच्चों और किशोरों के पास रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक फोन नहीं रहना चाहिए। इसके अलावा उनके लिए इस्तेमाल की लिमिट भी दो घंटे की तय होनी चाहिए। इस लिमिट में भी कैटेगराइजेशन का सुझाव दिया गया है। इसके तहत 16 से 18 साल के युवाओं को दो घंटे की परमिशन दी जाए। 8 से 16 साल के बच्चों को एक घंटे की परमिशन मिले और उससे भी छोटे बच्चों को महज 8 मिनट के लिए ही फोन इस्तेमाल करने दिया जाए।

यह पॉलिसी लागू करने का जिम्मा पैरेंट्स और टेक कंपनियों पर होगा कि वह बच्चों को फोन कम इस्तेमाल करने दें। इस सिफारिश के बाद से चीनी टेक कंपनियों के शेयरों में गिरावट का दौर जारी है। इन सिफारिशों को 2 सितंबर को सार्वजनिक किया जाएगा, लेकिन उससे पहले ही बाजार में हलचल तेज हो गई है। जानकारों का कहना है कि चीन का यह नियम इंटरनेट कंपनियों के लिए सिरदर्द हो सकता है। इससे यूजर्स की संख्या में गिरावट आएगी तो मांग भी कम होगी और फिर कंपनियों के प्रोडक्शन से लेकर मुनाफे तक पर सीधा असर दिखेगा।

टेक कंपनियों का कहना है कि इस नियम को लागू करने के लिए अतिरिक्त खर्च करना होगा। नियम के उल्लंघन पर भी सजा का प्रावधान होगा। ऐसे में यह नियम कड़ा है और इसके पालन की बजाय बेहतर होगा कि नाबालिग बच्चों को फोन ही ना इस्तेमाल करने दिया जाए। चीन में कई बार बच्चों के फोन इस्तेमाल करने के अडिक्शन को लेकर चिंता जताई जा चुकी है।

चीन के अलावा भारत, अमेरिका समेत दुनिया के किसी भी देश में अब फोन का अत्यधिक इस्तेमाल एक समस्या बन गया है। शारीरिक श्रम कम होने के चलते लोग बड़ी संख्या लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

# कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो पी सोफी से होंगे अलग, शादी के 18 साल बाद ले रहे तलाक


**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी पत्नी सोफी ग्रेगोइरे ट्रूडो से तलाक ले रहे हैं। दोनों शादी के 18 साल बाद अलग हो रहे हैं। कनाडाई न्यूज चैनल सीटीवी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जस्टिन और सोफी दोनों ने अपने तलाक के संबंध में एक संक्षिप्त बयान जारी किया है। दोनों ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बयान जारी किया। बयान में कहा गया, कई सार्थक और कठिन बातचीत के बाद, हमने अलग होने का फैसला किया है।

पीएम ट्रूडो ने अपने पोस्ट में कहा, हमेशा की तरह, हम एक-दूसरे के प्रति गहरे प्यार और सम्मान के साथ एक करीबी परिवार बने रहेंगे और हर हमने साथ मिलकर जो बनाया है उसे जारी रखेंगे। ट्रूडो की पत्नी ने भी इसी बयान को अपने अकाउंट से शेयर किया है। ट्रूडो ने कनाडाई लोगों से अपने बच्चों की भलाई के लिए परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करने के लिए कहा है।

सीटीवी के अनुसार, ट्रूडो के तीन बच्चे हैं। सबसे बड़े बेटे का नाम जेवियर है जिसकी उम्र 15 साल है। इसके बाद, एला-ग्रेस (14), और हैड्रियन (9) हैं। इस बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी एक अलग बयान में पुष्टि की करते हुए कहा है कि इस दंपति ने कानूनी रूप से अलग होने के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएमओ के प्रवक्ता एलिसन मर्फी ने बयान में कहा,उन्होंने यह सुनिश्चित किया है और अलग होने के उनके फैसले के संबंध में सभी कानूनी और नैतिक कदम उठाए गए हैं, और आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगे। ट्रूडो के कार्यालय ने कहा कि पीएम और सोफी अपने बच्चों को सुरक्षित, प्रेमपूर्ण और सहयोगात्मक माहौल में पालने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।और दोनों की अपने बच्चों के जीवन में निरंतर उपस्थिति बनी रहेगी।

बयान में कहा गया है, कनाडावासी यह उम्मीद कर सकते हैं कि उनका परिवार अक्सर एक साथ देखा जा सकता है, और वे अगले सप्ताह से छुट्टियों पर एक साथ रहने की भी योजना बना रहे हैं। सीटीवी के अनुसार, एक दंपति के रूप में, ट्रूडो के पीएम पद पर रहने से पहले से ही दोनों की सार्वजनिक और अंतर्राष्ट्रीय प्रोफाइल खासी चर्चा में रही है। जस्टिन ट्रूडो की शादी 28 मई 2005 को मॉन्ट्रियल में हुई थी।

## वर्ग पहेली 6276



**बायें से दायें:-**

१. किसी बखेड़े या झमेले में पड़ा हुआ
४. क्रमांक
६. घिसाव, घर्षण
७. दया, कृपा (उर्दू)
८. आज्ञाकारी सेवक (उर्दू)
१०. प्राप्त लब्ध (उर्दू)
११. आपस में
१३. पिंजरा (उर्दू)
१४. जल में उत्पन्न
१५. चंदन
१७. स्थान (उर्दू)
१९. सतह, तह
२१. द्वितीय
२२. जांचने वाला
२४. दूसरा जन्म

**ऊपर से नीचे:-**

१. ब्यौरा
२. किसी कार्य के बनने, बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी (उर्दू)
३. मूल्य, दाम (उर्दू)
४. जांच, निरीक्षण (उर्दू)
५. गंभीर, संवेदनशील (उर्दू)
९. रत्नों का ढेर
१०. पराजित
११. शुरूआत, आरंभ (उर्दू)
१२. छूने से पैदा होने वाला
१३. दासी, सेविका (उर्दू)
१४. टूटा-फूटा
१५. श्रमिक (उर्दू)
१६. मृत्यु का देवता
१८. झरोखा
१९. पढ़ा हुआ
२०. तपस्या
२३. उधार, ऋण

### वर्ग पहेली-6275

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | क्र | पा | णि | ■ | ■ | खु | ले | आ | म |
| म | ■ | र | ■ | आ | गो | श | ■ | तं | ■ |
| क | पा | ल | ■ | ग | ■ | हा | नि | क | र |
| ना | ■ | ग | ■ | ज | ली | ल | ■ | ■ | ख |
| ■ | आ | ना | का | नी | ■ | ■ | भा | स्क | र |
| ■ | ख्या | ■ | म | ■ | नू | पु | र | ■ | खा |
| अ | न | म | ना | ■ | त | ■ | त | ना | व |
| द्धा | ■ | हा | ■ | ज | न | क | ■ | स्ति | ■ |
| गि | र | वी | ■ | ता | ■ | स | म | क | क्ष |
| नी | ■ | र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | ति |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**निर्णय** *बिहार में जातिगत गणना को वैध करार दिए जाने के बाद हरकत में आई नीतीश सरकार*

# जातिगत गणना को पूर करने को शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द

**पटना, (देशबन्धु)। जातीय गणना को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद शिक्षा विभाग के सुधार अभियान पर ग्रहण लग गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को लेकर शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहे थे मगर फिर से जातीय गणना शुरु कराने के निर्णय के बाद केके पाठक के अभियान की हवा निकल गई।**



■ हाईकोर्ट के फैसले के बाद शिक्षा विभाग के सुधार अभियान की निकली हवा

सरकारी स्कूल के शिक्षक अब न तो बच्चों को पढ़ाएंगे और न हीं उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। जातिगत गणना को लेकर सरकार के आदेश पर शिक्षा विभाग ने यह निर्णय लिया है। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक सज्जन आर. ने बिपार्ड के एडीजी से लेकर अध्यापक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। निदेशक ने कहा है कि राज्य सरकार के आदेश के आलोक में एससीईआरटी समेत राज्य के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित सभी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है। सभी प्रशिक्षुओं को अपने विद्यालय में योगदान करना है और जातिगत आधारित आधारित गणना 2022 के द्वितीय चरण के शेष कार्यों को कम समय में पूर्ण करना है। बिहार में शैक्षणिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में कई सख्त फरमान जारी करने वाले शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने अब शिक्षकों को जातीय गणना के लिए प्रतिनियुक्त करने की अनुमति दे दी है।

दरअसल, पटना हाई कोर्ट ने मंगलवार को ही अपने आदेश में बिहार में सरकार को जातीय गणना कराने की अनुमति दी थी। उसके बाद से बड़ा सवाल उठ गया था कि क्या केके पाठक इस बार शिक्षकों को प्रतिनियुक्त करेंगे। शिक्षा विभाग सँभालने के बाद से पाठक ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जिससे शिक्षा विभाग में चली आ रही वर्षों पुरानी परम्परा पर ब्रेक लग गया। ऐसे में तमाम अटकलों को विराम देते हुए बुधवार को केके पाठक ने इस सम्बंध में राज्य के सभी जिलाधिकारियों को एक चिट्ठी जारी की है। जिसमें उन्होंने शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति को मंजूरी दी है लेकिन उसके साथ कुछ शर्तों का भी उल्लेख किया है। केके पाठक की ओर से सभी जिलाधिकारी को जारी चिट्ठी में कहा गया है कि बुधवार से जातीय जनगणना फिर से प्रारम्भ हो रही है। सभी डीएम से अनुरोध है कि शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करते समय इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी विद्यालय पूरी तरह शिक्षक विहीन न हो जाए शिक्षकों को केवल जातीय जनगणना के कार्य में लगाया जाए। अन्य कोई प्रशासनिक कार्य न लिया जाए।

# खेल जगत

## मैं अगले साल होने वाले इंग्लैंड के भारत दौरे का हिस्सा नहीं हूं : मोईन अली

**लंदन**। अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मोईन अली ने पुष्टि की है कि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम की अपील के बावजूद वह अगले साल इंग्लैंड के भारत के टेस्ट दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। जैक लीच के पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एशेज सीरीज से बाहर होने के बाद सितंबर 2021 में टेस्ट से संन्यास लेने वाले मोईन अली वापस आए। उन्होंने रोमांचक एशेज श्रृंखला में चार मैच खेले। आईसीसी ने मोईन अली के हवाले से कहा, अगले साल होने वाले भारत दौरे के लिए मैकुलम ने मुझसे फिर पूछा, लेकिन मैंने साफ मना कर दिया। मेरे लिए अपने करियर को इस तरह खत्म करना काफी अच्छा रहा। एशेज 2-2 से ड्रा करने के बाद इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे।



# मौजूदा चैंपियन द. कोरिया ने पिछड़ने के बाद जापान पर जीत के साथ शुरू किया अभियान



**■ द. कोरिया के लिए जियोलियांग व जुंगहो किम ने दागा एक-एक गोल**


■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, (देशबन्ध)। रयोमा ओका के बेहतरीन मैदानी गोल से तूफानी अंदाज से आगाज कर पहले क्वॉर्टर में बढ़त लेने के बाद आखिरकार पिछली उपविजेता जापान का किला दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले बिखर गया। जियोलियांग पार्क के 26 वें मिनट में दागे गोल से एक एक की बराबरी लेने बाद तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में जुंगहो किम के मैदानी गोल से हासिल बढ़त को आखिर तक कायम रखते हुए मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया ने जापान पर पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 हॉकी के पहले राउंड रॉबिन लीग मैच में बृहस्पतिवार को 2-1 से जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। भुवनेश्वर में इस साल हुए विश्व कप में भी दक्षिण कोरिया ने जापान को इसी अंतर से हराया था। पिछली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में लीग में दोनों टीमों का लीग मैच 3-3 से बराबर रहा था और फाइनल में भी 3-3 की बराबरी के बाद दक्षिण कोरिया ने शूटआउट में 4-2 से जीत के साथ खिताब जीता था।

राइकी फुजीयामा, रयोमी ओका, योसी कातो, युमा नगाई और सेरेना तनाका की अगुवाई में जापान ने मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खासतौर दाएं छोर से तेज हमले बोल कर अपने किले की चौकसी कर रहे कप्तान सेंटर बैक जोंगहयुन जांग और जंगजुन ली जैसे दक्षिण कोरिया के बूढ़े शेरों को चौंका दिया। रयोसी कातो दाएं से गेंद को लेकर दक्षिण कोरिया की डी में पहुंचे और उनके तिरछे पास पर बाएं डी के ठीक उपर रयोमा ओका ने गेंद को कब्जे में ले पूरी रक्षापंक्ति को छका गोल कर जापान को 1-0 से आगे कर दिया। दक्षिण कोरिया को इससे दो मिनट पहले मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला था लेकिन जापान के रिव्यू पर तीसरे अंपायर ने इसके नकार दिया। जापान ने पांच मिनट बाद मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन मनाबू यामाशिता के तेज फ्लिक को दक्षिण कोरिया के 'रशर'जूनवू जियोंग ने रोक कर दक्षिण कोरिया को बराबरी पाने से रोक दिया। जिंगवांग हयुन के तेज फ्लिक पर दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले जियोलियांग पार्क ने चतुराई से तेज पुश से गोल कर दक्षिण कोरिया को एक-एक की बराबरी दिला दी।

दक्षिण कोरिया ने तीसरे क्वॉर्टर में अपनी रणनीति बदली और शुरू से जापान के गोल पर तेज हमले बोले। जूनवु जियोंग ने तीसरे क्वॉर्टर क्वॉर्टर में दाएं से तेज पास डी की ओर बढ़ते साथी जुंगहो किम के लिए फेंका और इस पर उन्होंने बाएं से बाएं से तेज से शॉट जमा गोल कर दक्षिण कोरिया को मैच के 35 वें मिनट में 2-1 से आगे कर दिया। जापान ने तीसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने के लिए और दक्षिण कोरिया ने अपनी बढ़त को और मजबूत करने के लिए हमले तेज कर दिए लेकिन और गोल नहीं हुआ। जापान ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में अपनी पूरी ताकत झोंक दी और पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन बराबरी पाने में नाकाम रही।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे किदांबी, प्रियांशु





**सिडनी**। भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत और युवा प्रतिभा प्रियांशु राजावत ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

प्रियांशु ने 59 मिनट चले पुरुष प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के वांग जू वेई को 21-8, 13-21, 21-19 से मात दी। किदांबी ने ताइपे के सू ली यांग को 21-10, 21-17 से हराने में सिर्फ 39 मिनट का समय लिया। क्वार्टरफाइनल में किदांबी और प्रियांशु आमने-सामने होंगे।

इस बीच, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने भी अपने-अपने दूसरे चरण के मुकाबले जीते, जबकि मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज हारकर सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

खराब फॉर्म से जूझ रहीं सिंधु ने महिला एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में हमवतन आकर्षि कश्यप को 21-14, 21-10 से हराया। प्रणय ने चीनी ताइपे के ची यू जेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट में 19-21, 21-19, 21-13 से जीत दर्ज की।

पहले दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को मात देने वाले मंजूनाथ मलेशिया के ली ज़ी जिया से 21-13, 12-21, 19-21 से हार गये। किरण को इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग के हाथों 15-21, 18-21 की सीधे सेटों की हार का स्वाद चखना पड़ा।

महिला युगल प्रतियोगिता में, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी जापान की मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा के हाथों 10-21, 20-22 से हारी।

## कोलंबिया पर उलटफेर कर सुपर-16 में मोरक्को



**पथ**। विश्व रैंकिंग में 72वें नंबर की मोरक्को ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में बड़े उलटफेर को अंजाम देते हुए गुरुवार को कोलंबिया को 1-0 से मात दी। मोरक्को ने निब स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-एच मुकाबले में अनीसा लहमारी (45+4वां मिनट) के गोल की बदौलत जीत हासिल करते हुए सुपर-16 में प्रवेश किया। इस हार के बावजूद कोलंबिया ग्रुप-एच की शीर्ष टीम के रूप में प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी, हालांकि मोरक्को ने विश्व नंबर दो जर्मनी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। जर्मनी को सुपर-16 में पहुंचने के लिये दिन के एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया को हराना था। एशियाई टीम ने जर्मनी को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। चो सो ह्यून ने छठे मिनट में गोल जमाकर दक्षिण कोरिया को शुरुआती बढ़त दिला दी। एलेक्ज़ेंड्रा पॉप ने 42वें मिनट में गोल जमाया लेकिन यह जर्मनी को ड्रॉ से आगे नहीं ले जा सका। दूसरी ओर, मोरक्को ने कोलंबिया के विरुद्ध पहले क्वार्टर में ज्यादा से ज्यादा समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखा। शुरुआती मौके गंवाने के कारण मोरक्को पहले हाफ में गोलरहित रह सकती थी, लेकिन अनीसा लहमारी ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में लहमारी ने गेंद को नेट में पहुंचाकर अपनी टीम को निर्णायक बढ़त दिला दी।

कोलंबिया इसका जवाबी गोल नहीं ढूंढ सकी और मोरक्को ने मुकाबला जीत लिया। मोरक्को सुपर-16 में पहुंचने वाली पहली अरब टीम है, जहां उसका सामना विश्व की नंबर पांच टीम फ्रांस से होगा। कोलंबियाई टीम अगले चरण में जमैका से भिड़ेगी।

# मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा



**क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे : मनोज तिवारी**

**कोलकाता**। भारत और पश्चिम बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। तिवारी ने सोशल मीडिया पर साझा किये गये संदेश में लिखा, क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे।

पश्चिम बंगाल के हावड़ा में जन्मे तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के 2006-07 सीज़न में 99.50 की औसत से 796 रन बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चोट के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर उतरने के लिये लंबा इंतजार करना पड़ा। तिवारी ने तीन फरवरी 2008 को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिसबेन वनडे में अंततः भारतीय जर्सी पहनी।

मनोज ने भारत के लिये 12 एकदिवसीय मैचों में 287 रन बनाये जहां उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा। टी20 प्रारूप में वह सिर्फ तीन बार ही भारत का प्रतिनिधित्व कर सके। पश्चिम बंगाल के पूर्व कप्तान तिवारी ने अपना प्रथम श्रेणी करियर 2004 में ईडन गार्डन में शुरू करने के बाद 2023 में कोलकाता के उसी मैदान पर समाप्त किया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका आखिरी मैच सौराष्ट्र के विरुद्ध खेला गया रणजी ट्रॉफी फाइनल था जहां दूसरी पारी में अपनी टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। तिवारी ने कहा, मेरे बचपन से लेकर पिछले साल तक मेरे सभी कोचों को धन्यवाद, जिन्होंने मेरी क्रिकेट उपलब्धियों में भूमिका निभाई है। मनबेंद्र घोष, मेरे पिता समान कोच इस क्रिकेट यात्रा में स्तंभ की तरह रहे हैं। अगर वह नहीं होते तो मैं क्रिकेट जगत में कहीं भी नहीं पहुंच पाता। धन्यवाद सर और आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2012 में खिताब जीतने के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, दिल्ली डेयरडेविल्स और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया।

उन्होंने कुल मिलाकर 183 टी20 मैचों में 3436 रन बनाये, जिसमें 15 अर्द्धशतक शामिल रहे।

# दो बार का विजेता जर्मनी पहली बार ग्रुप चरण में बाहर



**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)**। यहां 2023 फीफा महिला विश्व कप में गुरुवार को ग्रुप एच में जर्मनी को दक्षिण कोरिया ने 1-1 से ड्रा पर रोक दिया, क्योंकि दोनों टीमें ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहीं। यह पहली बार है कि दो बार का टूर्नामेंट विजेता जर्मनी नौ महिला विश्व कप में इस चरण में बाहर हुआ है। इसी समय पर्थ में हुए ग्रुप एच के दूसरे मैच में पहले हाफ में अनीसा लाहमरी के गोल की मदद से मोरक्को ने कोलंबिया को 1-0 से हराया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, समूह में शीर्ष पर रहने के लिए कोलंबिया के पास छह अंक थे, जबकि विश्व कप में पदार्पण करने वाला मोरक्को, जो अपने शुरुआती मैच में जर्मनी से 6-0 से हार गया था, ने लगातार दो जीत के साथ वापसी की और उपविजेता रहा।

अंतिम दौर के ग्रुप मैचों से पहले, कोलंबिया छह अंकों के साथ ग्रुप एच में शीर्ष पर था, उसके बाद जर्मनी और मोरक्को दोनों तीन अंकों के साथ थे। स्कोररहित दक्षिण कोरिया सहित, सभी चार टीमों के पास राउंड 16 के लिए क्वालीफाई करने का मौका था। दक्षिण कोरिया अपने मैच में सिर्फ दो मिनट में स्कोर करने के करीब था, जब केसी फेयर शानदार तरीके से पेनल्टी क्षेत्र में आगे बढ़ी, लेकिन उनके शॉट को जर्मन गोलकीपर मर्ले फ्रोहम्स ने पोस्ट पर गिरा दिया। फ़ेयर के लगभग चूकने के चार मिनट बाद, दक्षिण कोरिया ने एक बार फिर जर्मनी की रक्षा को ध्वस्त कर दिया क्योंकि ली यंग-जू ने एक सटीक थ्रू-पास दिया जिससे चो सो-ह्यून को शुरुआती गोल करने का मौका मिल गया। हाफ टाइम से ठीक पहले, जर्मनी ने एलेक्जेंड्रा पोप के माध्यम से बराबरी की, जिनके हेडर ने स्वेंजा हथ के दाईं ओर से क्रॉस के बाद गेंद को शीर्ष कोने में भेज दिया। नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जर्मनी को जीत की सख्त जरूरत थी, जर्मनी ने दूसरे हाफ में भी आक्रमण जारी रखा। 57वें मिनट में पोप ने फिर से गोल किया, लेकिन ऑफसाइड के कारण वीएआर द्वारा गोल को अस्वीकार कर दिया गया। तीन मिनट बाद, पोप ने हथ के क्रॉस के साथ अपने बराबरी के गोल को लगभग दोहराया, लेकिन इस बार जर्मनी की कप्तान का शक्तिशाली हेडर क्रॉसबार से टकरा गया। कोलंबिया को अगले मंगलवार को मेलबर्न में जमैका से भिड़ना है, जबकि दुनिया की 72वें नंबर की टीम मोरक्को उसी दिन एडिलेड में फ्रांस से भिड़ेगी।

## स्टोक्स-मैकुलम ने पिछले साल ब्रॉड को संन्यास लेने से रोका था : एंडरसन



लंदन। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया कि स्टुअर्ट ब्रॉड ने पिछले सीजन में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बारे में सोचा था, लेकिन टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। टेस्ट में 604 विकेट के साथ, स्टुअर्ट ब्रॉड इस प्रारूप में विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं और 600 से अधिक विकेट लेने वाले केवल दो तेज गेंदबाजों में से एक हैं। दूसरे तेज गेंदबाज एंडरसन हैं। ब्रॉड ने अगस्त 2006 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 121 एकदिवसीय मैचों में 178 विकेट और 56 टी20 में 65 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने कहा, तीसरे दिन के खेल के लिए टीम बस में चढ़ने से पहले स्टुअर्ट ने मुझे कॉफी पर अपने संन्यास के बारे में बताया। शुरू में मुझे थोड़ा झटका लगा। लेकिन उसकी बात सुनने के बाद मैंने उसका समर्थन किया। उसने मुझे बताया कि वो पिछले सीजन में भी इसके बारे में सोच रहा था, मगर स्टोक्स और मैकुलम ने उसे रोक लिया था।

## सार संक्षेप

### एमआई केप टाउन ने आगामी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को बरकरार रखने की घोषणा की

**केप टाउन/मुंबई।** एमआई केप टाउन ने गुरुवार को एसए20 की आगामी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की। दक्षिण अफ़्रीकी कोर को रैसी वान डेर डुसेन, रयान रिकेलटन - जिन्होंने 2023 सीएसए पुरस्कारों में डिवीजन 1 वन-डे कप प्लेयर ऑफ़ द सीज़न और डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ़ द सीज़न के रूप में कई सम्मान प्राप्त किए -, ग्रांट रोलोफ़सेन, डेलानो पोटगिएटर, जॉर्ज लिंडे, डुआन जेन्सन और ब्यूरन हेंड्रिक्स के साथ बरकरार रखा गया है। पिछले सीज़न के वाइल्डकार्ड पिक जोफ्रा आर्चर और स्पीडस्टर ओली स्टोन दूसरे सीज़न के लिए एमआई केप टाउन के साथ बने रहेंगे। इस बीच, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, डेवाल्ड ब्रेविस, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन और टॉम बैंटन सहित खिलाड़ी पूर्व-हस्ताक्षर में शामिल हुए। टिम डेविड और हेनरी ब्रूक्स के साथ ज़ियाद अब्राहम, वेस्ले मार्शल, ओडियन स्मिथ और वकार सलामखिल को रिलीज़ कर दिया गया है, जिन्हें सीज़न प्रतिस्थापन खिलाड़ियों के रूप में अनुबंधित किया गया था।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शाजन, मैकार्टन और मुकुल के साथ अनुबंध किया

गुवाहाटी। नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने गुरुवार को 2023-24 सीजन से पहले तीन प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों शाजान फ्रैंकलिन, मैकार्टन लुइस निकसन और मुकुल पंवार के साथ अनुबंध की घोषणा की। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शाजन के साथ एक साल, वहीं मैकार्टन और मुकुल दोनों ने हाईलैंडर्स के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। शाजन और मैकार्टन दोनों एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड में मिडफील्ड में टीम के साथी थे और इस साल की शुरुआत में द्वितीय डिवीजन लीग में खेले थे। दूसरी ओर, मुकुल चंडीगढ़ फुटबॉल अकादमी से जुड़े हुए हैं और पेशेवर फुटबॉल में अपना पहला कदम रख रहे हैं। 16 वर्षीय डिफेंडर 2023 अंडर-17 एएफसी एशियाई कप में भारतीय राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा था। सहायक कोच नौशाद मूसा ने तीन युवाओं के अनुबंध की सराहना की। मूसा ने कहा, शाजन इस साल की शुरुआत में संतोष ट्रॉफी जीतने वाली कर्नाटक टीम का अहम हिस्सा थे। मैं मैकार्टन पर तब से नजर रख रहा हूं जब वह इंडियन एरोज के साथ थे। दोनों खिलाड़ी लंबे हैं और तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं। मुकुल ने अंडर-17 में अच्छा प्रदर्शन किया है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के अनुसार, हाईलैंडर्स में शामिल होने के पीछे इस तिकड़ी का मुख्य कारण क्लब की युवा फुटबॉलरों को अवसर देने की इच्छा के साथ-साथ इंडियन सुपर लीग में खेलने की उनकी उत्सुकता है।

# टीम का कोच कोई भी हो मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर : विवेक सागर



**■ हमारा ध्यान एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत एशियाई खेलों के लिए बेहतर तैयार होने पर**

**■ मैं फिलहाल डिफेंसिव मिडफील्डर के रूप में खेल रहा हूं**

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, (देशबन्धु)। सदाबहार पूर्व कप्तान और मौजूदा टीम में सबसे ज्यादा 334 अंतराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने वाले सेंटर हाफ मनप्रीत सिंह भारतीय पुरुष हॉकी की टीम की रीढ़ हैं। मनप्रीत की तरह उन्हीं के नक्शेकदम पर चलने वाले और उन्हें अपना आदर्श मानने वाले 22 बरस विवेक सागर प्रसाद भारत के लिए 114 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल कर हमलों के सूत्रधार और रक्षण की अहम कड़ी के रूप में अब टीम की रीढ़ बन चुके हैं। विवेक सागर प्रसाद ब्रेडा में 2018 में सम्पन्न आखिरी चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक और 2021 के टोक्यो ओलंनिपक में 41 बरस बाद कांसे के रूप में अपना पहला पदक जीतने वाली आठ बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे ही अपने घर में पिछल एफआईएच हॉकी विश्व कप में नौवें स्थान पर रहने वाली टीम का हिस्सा थे। अपने जमाने में कलाकार के रूप में ख्यात भारत को 1975 में क्वालालंपुर में विश्व कप जिताने वाली अहम भूमिका निभाने वाले अशोक कुमार सिंह के काबिल शागिर्द हैं। विवेक सागर ने हॉकी का शुरुआती पाठ मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी में अशोक कुमार सिंह जैसे चतुर हॉकी उस्ताद से सीखा। विवेक सागर फिलहाल यहां आठवीं एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अहम हिस्सा हैं। चोट के कारण विवेक सागर 2016 में लखनउ में चीफ कोच हरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जूनियर पुरुष हाकी विश्व कप में स्थान बनाने से चूक गए थे। विवेक की सबसे बड़ी ताकत हॉकी की कलाकारी के साथ भारत हॉकी टीम के हर उस्ताद के मार्गदर्शन में उसी के मुताबिक खेलने की क्षमता है। ग्राहम रीड के ओडिशा हॉकी विश्व कप में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चीफ कोच के पद से इस्तीफा देने के बाद चीफ कोच की जिम्मेदारी संभालने वाले क्रेग फुल्टन की रणनीति के मुताबिक विवेक सागर प्रसाद ने अपने खेल को पिछले करीब ढाई महीने में ढाला है। इस बाबत पूछे जाने पर विवेक सागर कहते हैं, %टीम का कोच कौन होगा इसका फैसला करने का अधिकार तो हॉकी इंडिया का है। भारत के लिए करीब पिछले छह बरस से ज्यादा में मैं अलग-अलग हॉकी उस्तादों के मार्गदर्शन में खेला हूं। मैं तो हॉकी खिलाड़ी हूं। बेशक किसी भी कोच के मार्गदर्शन में उसकी रणनीति के मुताबिक खुद को ढालने में लगता है और नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन की रणनीति के मुताबिक भी खुद को ढालने में बेशक कुछ वक्त लगा। टीम का कोच कोई भी हो मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए हर मुकाबले और टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर रहता है। आपको इसके लिए जेहनी तौर तैयार करना पड़ता है। भारत के लिए अब करीब सात बरस से खेलने से मैंने बतौर खिलाड़ी खुद को भारत के कोच के रूप में अलग-अलग हॉकी उस्तादों के मार्गदर्शन में उसके मुताबिक खेलना सीख लिया है।बतौर टीम फिलहाल हमारा ध्यान यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत एशियाई खेलों के लिए जेहनी तौर पर बेहतर तैयार होने पर है। मैं खुशकिस्मत हूं कि हमारी टीम में मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह जैसे चतुर और अनुभवी सेंटर हाफ हैं। जब आप अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बतौर खिलाड़ी आपसे अपेक्षाओं के साथ जिम्मेदारी भी बहुत बढ़ जाती है। मैं अब मौजूदा भारतीय हॉकी टीम में मूलत- रक्षात्मक सेंटर हाफ के रूप में खेल रहा हूं लेकिन मौका मिलने और टीम की जरूरत के मुतबिक पर आगे खुद हमले के लिए भी जाता हूं। अब भारतीय टीम में मेरी जिम्मेदारी प्रतिद्वंद्वी टीम के गोल के हमलों को नाकाम करने साथ अपने साथियों को आगे गोल के अभियान में मदद करने की है।

हमारी मौजूदा टीम में हर खिलाड़ी टीम की जरूरत के मुताबिक एक साथ दो भूमिकाएं निभा रहे हैं। अब भारतीय टीम में मैं डिफेंसिव मिडफील्डर के रूप में खेल रहा हूं कि लेकिन मौका मिलने पर आक्रामक सेंटर हाफ के रूप में साथी स्ट्राइकर की ओर बराबर गेंद बढ़ाने की कोशिश करता हूं।


SENSEX BSE 65240.68 ▼ 542.10 NSE 19381.65 ▼ 144.90 MCX Gold 59185 ▲ 58 silver 72436 ▼ 524



# अर्थ जगत

## रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे टूटकर 82.72 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट के रुख और कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती के बीच बृहस्पतिवार को रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे टूटकर 82.72 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि अमेरिकी मुद्रा में मजबूती तथा विदेशी कोषों की सतत निकासी से भी रुपये की धारणा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.71 पर खुला और फिर 82.72 प्रति डॉलर के भाव पर पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर की तुलना में पांच पैसे की गिरावट है।



## जुलाई में बढ़ा गेहूं और चावल का खुदरा मूल्य



**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि गेहूं और चावल के औसत खुदरा मूल्य जुलाई में बढ़कर क्रमशः 29.59 रुपये प्रति किलोग्राम और 40.82 रुपये प्रति किलोग्राम हो गये। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि गेहूं और चावल के खुदरा मूल्य लगातार बदल रहे हैं और सरकार इनकी कीमत पर नजर रख रही है।

**खुदरा मूल्य में जुलाई में एक बार फिर वृद्धि**

उन्होंने बताया कि जनवरी में गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 31.58 रुपये प्रति किलोग्राम था जो मई में घटकर 28.74 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया था। इसके बाद गेहूं का औसत खुदरा मूल्य जुलाई में एक बार फिर बढ़कर 29.59 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। ज्योति ने कहा कि इसी तरह चावल का औसत खुदरा मूल्य भी जनवरी में 38.09 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर जुलाई में 40.82 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता को मजबूत करने और मूल्यों को स्थिर करने के लिए समय-समय पर अनेक कदम उठाये हैं।

# सरसों की कीमतों में तेजी, महीने भर में करीब 500 रुपये क्विंटल बढ़े दाम

*__नई दिल्ली।__ सरसों की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। इसकी वजह आवक कमजोर पड़ना है। साथ ही इसकी मांग बढ़ने से भी कीमतों में तेजी को सहारा मिला है। इस तेजी से पहले सरसों के भाव में सुस्ती देखी जा रही थी क्योंकि इस साल सरसों की बंपर पैदावार हुई है।*



**महीने भर में करीब 500 रुपये क्विंटल बढ़े सरसों के दाम-** बीते एक महीने से सरसों के भाव सुधर रहे हैं। महीने भर में सरसों के भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ चुके हैं। सरसों की बेंचमार्क मंडी जयपुर में सरसों 5,950 रुपये बिक रही है। महीने भर पहले भाव 5,400 से 5,500 रुपये क्विंटल था। सरसों के भाव बढ़ने की वजह इसकी आवक कमजोर पड़ना है। कमोडिटी एक्सपर्ट ने कहा कि जून महीने के दौरान मंडियों में करीब 2.35 लाख टन सरसों की आवक हुई थी, जो जुलाई महीने में घटकर 2.05 लाख टन रह गई। आवक 12 फीसदी से ज्यादा घटने के कारण सरसों की कीमतों में तेजी आई है। आवक के साथ ही सरसों की मांग बढ़ी है। बारिश और आगे त्योहारों के दौरान सरसों तेल की खपत बढ़ने की उम्मीद में तेल मिल वालों की ओर से सरसों की मांग बढ़ी है। जानकारों के मुताबिक त्योहारी मांग को देखते हुए आगे भी सरसों की कीमतों में तेजी जारी रह सकती है।

**इस साल देश में सरसों की बंपर पैदावार-** किसानों को बीते दो साल सरसों की ऊंची कीमत मिली। जिससे उन्होंने सरसों की खेती खूब की। इस कारण इस साल सरसों की बंपर पैदावार हुई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल देश में रिकॉर्ड 128.18 लाख टन सरसों पैदा होने का अनुमान है, जो पिछले साल के 119.63 लाख टन उत्पादन से 7.14 फीसदी ज्यादा है।

इस साल लक्ष्य से भी ज्यादा सरसों पैदा हुई। सरकार ने इस साल 121 लाख टन सरसों उत्पादन का लक्ष्य रखा था, जबकि उत्पादन लक्ष्य से 5.93 फीसदी अधिक हुआ।

# रूस से बड़ी मात्रा में गेहूं आयात कर सकता है भारत

*__नई दिल्ली।__ गेहूं की कमी को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार रूस से आयात करने पर विचार कर रही है. इससे घरेलू गेहूं के स्टॉक में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है और आटे की कीमतों में राहत मिल सकती है.*



इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार सरकारी सौदे के माध्यम से रूस से 9 मिलियन टन गेहूं के आयात पर विचार कर रही है. गेहूं का अधिक भारतीय उपभोक्ता थोक प्राइस बुधवार को 6.2 फीसदी बढ़कर 2,480 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2,633 रुपये हो चुका है. रिपोर्ट में कहा गया है कि गेहूं के आयात को लेकर उच्च स्तर पर चर्चा की जा रही है. आयात की प्लानिंग इसलिए भी की जा रही है, क्योंकि घरेलू उत्पादन में कमी की चिंता बरकरार है, जिसे लेकर खुले बाजार में व्यापारियों को अनाज बेचने से कीमतें बढ़ रही हैं.

जून में अनाज और उत्पादों की अखिल भारतीय खुदरा महंगाई दर 16.3 फीसदी थी. वहीं वित्त वर्ष 2024 में जून के अंत तक थोक महंगाई दर 7.6 फीसदी थी, जो वित्त वर्ष 23 में 10.7 फीसदी बढ़ गई. रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले छह महीनों में गेहूं, चावल और मोटे अनाज की महंगाई दोहरे अंक में देखी गई है. यह बढ़ोतरी कम उत्पादन, घटते स्टॉक और बढ़ती मांग के कारण हुई है.

**कितना होगा गेहूं का उत्पादन**

सरकार ने 2023 में भारत का गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 112.7 मिलियन टन (एमटी) होने का अनुमान लगाया है, लेकिन व्यापारियों और मिल मालिकों का अनुमान है कि उत्तरी, मध्य और पश्चिमी मैदानी इलाकों में फरवरी-मार्च में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसल 101-103 मिलियन टन होगी, जिससे नुकसान हुआ है. अमेरिकी एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट की विदेशी एग्रीकल्चर सर्विस ने अनुमान लगाया है कि भारत का गेहूं उत्पादन करीब 108 मिलियन टन होगा.

**गेहूं की खरीद में आई रिकॉर्ड कमी-** मार्च में गर्मी की लहर के कारण 2022 में गेहूं का उत्पादन गिरकर 107.7 मिलियन टन हो गया, जो एक साल पहले 109.6 मिलियन टन था. वहीं 1 जुलाई तक केंद्रीय पूल में 30.1 मिलियन टन गेहूं था, जो 27.6 मिलियन टन के बफर मानक से अधिक है, लेकिन जुलाई 2021 में 60.3 मिलियन टन के आधे से भी कम है. वहीं एमएसपी के तहत गेहूं की खरीद 26.14 मिलियन टन थी, जो 34 मिलियन टन के लक्ष्य से कम थी.

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन धड़ाम, सेंसेक्स 542 अंक लुढ़का

*__मुंबई।__ ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग के अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग घटाने के बाद निवेशक कम उत्साहित नजर आए। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी कोषों की निकासी के बीच गुरुवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में घरेलू शेयर बाजार में जोरदार गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 542 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर बंद हुआ।*



निफ्टी में भी 145 अंकों की भारी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 542.10 अंक यानी 0.82 फीसदी की भारी गिरावट के साथ 65,240.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,820.82 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 64,963.08 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 144.90 अंक यानी 0.74 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,381.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,537.65 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,296.45 तक आया।

**इंफोसिस बना सेंसेक्स का टॉप गेनर-** आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में केवल 7 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। इंफोसिस,एनटीपीसी , सन फार्मा, रिलायंस और कोटक बैंक सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा इंफोसिस के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 0.60 फीसदी तक चढ़े। इसके अलावा टाटा स्टील और पावर ग्रिड लाभ में रहा।

# 300 रुपये प्रति किलो तक जा सकती है टमाटर की कीमत

*__नई दिल्ली।__ टमाटर की कीमतों में महीने भर से जारी तेजी के बीच थोक व्यापारियों ने आने वाले दिनों में इस सब्जी के भाव 300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाने की आशंका जताई है। थोक कारोबारियों ने आवक कम होने से टमाटर के थोक दाम बढ़ने की बात कही है। उनका कहना है कि इसका असर खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में देखने को मिल सकता है।*



दिल्ली स्थित आजादपुर टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष और कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) के सदस्य अशोक कौशिक ने कहा, ''पिछले तीन दिनों में टमाटर की आवक कम हो गई है क्योंकि भारी बारिश के कारण उत्पादक क्षेत्रों में फसल खराब हो गई है।''उन्होंने कहा कि थोक बाजार में टमाटर के भाव 160 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 220 रुपये प्रति किलो हो गए हैं, जिसके कारण खुदरा कीमतों में भी बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि सब्जियों के थोक विक्रेताओं को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि टमाटर, शिमला मिर्च और अन्य मौसमी सब्जियों की बिक्री में भारी गिरावट आई है। प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने से टमाटर की कीमत एक महीने से अधिक समय से चढ़ी हुई है। आजादपुर सब्जी मंडी के थोक विक्रेता संजय भगत ने मीडिया से कहा, ''हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन और भारी बारिश के कारण सब्जियों के परिवहन में काफी कठिनाई हो रही है। उत्पादकों से सब्जियों को लाने में सामान्य से छह-आठ घंटे अधिक लग रहे हैं। ऐसी स्थिति में टमाटर की कीमत लगभग 300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकती है।''

उन्होंने कहा कि टमाटर और अन्य सब्जियां जो हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से आती हैं, उनकी गुणवत्ता में गिरावट आई है। हिमाचल प्रदेश में जुलाई में भारी बारिश होने से फसलों को नुकसान हुआ है।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 10000-11000, मीडियम बोल्ड 12000-12500, फाइन 13000-14000, एकस्ट्रा बोल्ड 14000-1450, चना दाल एवरेज 6000-6200 चना दाल मार्का 6200-6500, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7200-7500, उड़द छिलका 8500-9000, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 10800-11000, मूंग दाल छिलका 9000-9200, मूंग दाल फाइन 9400-9500, मूंगदाल धुली 9800-10000,फाइन 10000-10200।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3100-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3500-3700, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4800 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 4800-5000, फाइन 5300-5500, बासमती कनकी चालू 2800-2900, बासमती कनकी मीडियम 3200-3400, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 6000-6200, तिबार- 7200-7500, बासमती 10000-11500, बेस्ट 11500-12000 पोहा-4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा-5000-5200, फाइन- 6500-7000, रु.।


# एथनॉल योजना में आपूर्ति की बाधा

**नई दिल्ली।** पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के कार्यक्रम से आपसी लाभ के लिए भारत के किसान व उद्योग एक साथ आए, लेकिन अब सरकार की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। हालांकि सरकार को भरोसा है कि गन्ने और अनाज से बनने वाले एथनॉल सेगमेंट में संभावनाओं और निवेश को देखते हुए मिश्रण का लक्ष्य हासिल करना कठिन नहीं होगा। लेकिन उद्योग से जुड़े कुछ लोग इसे लेकर आशंका जता रहे हैं।

अक्टूबर 2023 में खत्म होने जा रहे 2022-23 एथनॉल आपूर्ति वर्ष में देश ने पहले ही जुलाई की शुरुआत तक 11.75 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को 2025 तक 10.16 अरब लीटर एथनॉल की जरूरत होगी। अनुमान से पता चलता है कि अगर रसायन उद्योग की मांग को ध्यान में रखा जाए तो जरूरत बढ़कर 13.5 अरब लीटर तक पहुंच सकती है। इसमें से (मिलावट के मकसद से एथनॉल की जरूरत) करीब 6 अरब लीटर गन्ने से बनने वाले शीरे से मिलेगा।

**एथनॉल क्षमता 2025 तक बढ़कर 10.16**



**अरब लीटर होने का अनुमान**

वहीं शेष करीब 4.16 अरब लीटर एथनॉल अनाज पर आधारित स्रोत से आएगा, जिसमें बड़े पैमाने पर टूटे चावल, मक्के और चावल से तैयार किया जाता है और इसकी आपूर्ति भारतीय खाद्य निगम सस्ती दर पर करता है। नीति आयोग ने एथनॉल क्षमता 2025 तक बढ़कर 10.16 अरब लीटर होने का अनुमान लगाया है, जबकि अन्य जरूरत के लिए 3.34 अरब लीटर का अनुमान है। जुलाई 2023 की शुरुआत (2022-23 एथनॉल आपूर्ति वर्ष, जो अक्टूबर 2023 में खत्म होगा) तक गन्ने और अनाज से तैयार होने वाले करीब 3.51 अरब लीटर एथनॉल की आपूर्ति की गई। करीब 2.85 अरब लीटर आपूर्ति यानी मोटे तौर पर 82 प्रतिशत आपूर्ति गन्ने से तैयार एथनॉल की हुई है। वहीं 0.66 अरब लीटर या 18 प्रतिशत अनाज से बना एथनॉल रहा।

2022-23 आपूर्ति वर्ष में गन्ने पर आधारित एथनॉल आपूर्तिकर्ताओं ने 3.90 अरब लीटर आपूर्ति के लिए समझौता किया है। जुलाई की शुरुआत तक उन्होंने करीब 2.85 अरब लीटर की डिलिवरी कर दी है, जो उनके लक्ष्य का करीब 76 प्रतिशत है। इसके विपरीत अनाज आधारित एथनॉल की आपूर्ति करने वालों ने 1.64 अरब लीटर आपूर्ति के लिए समझौता किया, जबकि इसका सिर्फ 40 प्रतिशत आपूर्ति की। अभी यह देखना बाकी है कि अनाज से एथनॉल बनाने वाले अपने सौदे की बाध्यता कैसे पूरी करते हैं, क्योंकि एफसीआई से मिलने वाले सस्ते अनाज की आपूर्ति रोक दी गई है। इसकी जगह पर टूटे चावल या मक्के जैसे कच्चा माल खोजना चुनौतीपूर्ण है। इसकी वजह से आपूर्ति करने वाली कंपनियां गन्ने से बनने वाले एथनॉल की दरों के मुताबिक भुगतान करने पर जोर दिया है, क्योंकि टूटे चावल और मक्के की कीमत बढ़ने के कारण उनके उत्पादन लागत में कमी आई है। उद्योग का कहना है कि तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने अक्टूबर 23 में समाप्त होने वाले 2022-23 आपूर्ति वर्ष में गन्ने से उत्पादित एथनॉल की खरीद 65.61 रुपये प्रति लीटर के भाव की है। इस दर का निर्धारण मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति करती है। इसके विपरीत इस दौरान भारतीय खाद्य निगम के चावल से तैयार किए गए एथनॉल की खरीदारी 2022-23 में 58.50 रुपये प्रति लीटर के भाव हुई है।

मक्के के एथनॉल की खरीद 56.35 रुपये लीटर और टूटे अनाज के एथनॉल की खरीद 55.54 रुपये प्रति लीटर हुई है। इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन ने मांग की है कि 2023-24 आपूर्ति वर्ष में शीरे से बने एथनॉल की कीमत बढ़ाकर 69.50 रुपये प्रति लीटर की जाए।


**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60500 चांदी टंच- 73400
चांदी रिफाइन -74600

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60500 चांदी टंच- 73400
चांदी रिफाइन -74600


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 72 |
| एक यूरो | 90. 32 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104. 68 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 98 |
| एक जापानी येन | 00. 57 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6500, 6 एम एम 6500, 8 एम एम 6100, 10 एम एम 5900,12 एम एम, 5900 एवं 16 एम 5900 रु.। तार- 78 रु. किलो।


## श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड को कपास निर्यात करने का ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली।** कपास के बीज प्रोसेसिंग उद्योग में एक अग्रणी खिलाड़ी, श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड (एनएसई: एसआरपीएल), जिसने यह घोषणा की है कि उसे शंघाई, चीन को 63277.20 मीट्रिक टन 100 प्रतिशत सूती धागा एनई 32 सीसीएच के एक्सपोर्ट का ऑर्डर मिला है। कंपनी को इस ऑर्डर से प्रति वर्ष लगभग 50 से 60 करोड़ रुपये का रेवेन्यू प्राप्त होने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप सालाना 6 प्रतिशत प्रॉफिट हो सकता है।

कंपनी का राइट्स इश्यू फिलहाल खुला है, जहां कंपनी ने अपने शेयरहोल्डर्स को रिकॉर्ड डेट के अनुसार प्रत्येक मौजूदा इक्विटी शेयर के लिए 1 राइट्स एंटाइटलमेंट दिया है। राइट्स इक्विटी शेयर 2.30 रुपये प्रति शेयर की दर से पेश किए जा रहे हैं। यह इश्यू 10 अगस्त 2023 को बंद हो जाएगा। श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड की स्थापना 2005 में कपास बीज प्रोसेसिंग उद्योग में खुद को एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने के स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ की गई थी। कंपनी कपास के बीजों के सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन के साथ-साथ कपास के बीज, कपास के बीज के तेल केक, कपास प्रसंस्करण, लिंटर, डी-लिंटर और कपास प्रसंस्करण के इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट के व्यवसाय में भी है। कंपनी के प्रमोटर्स ने कपास के बीज के व्यवसाय की गहरी समझ के साथ एक प्रभावशाली 400 मीट्रिक टन प्रतिदिन (एमटीपीडी) सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्लांट स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी दूरदर्शिता और विशेषज्ञता कंपनी के विकास और एक मार्केट लीडर के रूप में उभरने में महत्वपूर्ण रही है। श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड का प्राथमिक उद्देश्य दुनिया भर में ग्राहकों की मांगों को पूरा करना और उससे आगे बढ़ना है। यह सुनिश्चित करते हुए कि इसकी पेशकशें दुनिया भर में ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करती हैं, कंपनी विविध उत्पाद श्रृंखला पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मल्टी-ईयर बुल मार्केट की हो रही शुरुआत, चीन का दौर अब खत्म!- मॉर्गन स्टेनली



*__नई दिल्ली।__ दुनियाभर के बड़े निवेशकों के लिए भारत सबसे बड़ा डेस्टीनेशन के तौर पर उभरा है और अब वो ड्रैगन यानि चीन को भी आने वाले दिनों में पीछे छोड़ने की क्षमता रखता है. ग्लोबल इंवेस्टमेंट बैंकिंग फर्म मार्गन स्टेनली ने अपने इमर्जिंग मार्केट की सूची में भारत को अपग्रेड किया है जबकि चीन को उसे डाउनग्रेड कर दिया है. मार्गन स्टेनली ने भारत की रेटिंग को अपग्रेड करते हुए ओवरवेट कर दिया है. भारत सीधे पांच स्थान ऊपर छलांग लगाते हुए हुए इमर्जिंग मार्केट की सूची में पहले स्थान पर आ चुका है.*

**लंबी अवधि की तेजी की शुरुआत-** मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक पॉजिटिव डेमोग्राफी ट्रेंड के साथ भारत की प्रति व्यक्ति आय फिलहाल केवल 2500 डॉलर है जबकि चीन की 12,700 डॉलर है. मॉर्गन स्टेनली के एनालिस्ट ने कहा कि भारत लंबी अवधि की तेजी की शुरुआत के कगार पर खड़ा है जबकि चीन में ये तेजी अब खत्म होने जा रही है.

**कोविड के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने भरी रफ्तार-** मॉर्गन स्टेनली के एनालिस्ट के मुताबिक भारत हाउसहोल्ड डेट जीडीपी का 19 फीसदी है जबकि चीन का 48 फीसदी है. साथ ही केवल 2 फीसदी भारतीय परिवार के पास ही लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी उपलब्ध है. कोविड की बंदिशों के हटने के बाद भारत में मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस पीएमआई में तेजी देखने को मिली है जबकि चीन में तेजी के साथ गिरावट देखने को मिली है. भारत में रियल एस्टेट ट्रांजेक्शन में तेज उछाल देखने को मिला है.

## अदानी ग्रुप ने सांघी सीमेंट को 5000 करोड़ रुपए में खरीदा

**नई दिल्ली।** अदानी ग्रुप की सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट ने 5,000 करोड़ रुपए में सांघी इंडस्ट्रीज में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है। सांघी इंडस्ट्रीज पश्चिम भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी है.अदानी समूह की इकाई अंबुजा सीमेंट द्वारा सांघी इंडस्ट्रीज लि. (एसआईएल) के मौजूदा प्रवर्तकों यानी रवि सांघी और परिवार से कंपनी की 56.74 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया जाएगा।


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# 48 घंटे में 12 इंच से अधिक बारिश, रेड अलर्ट जारी, शहर के कई हिस्से जलमग्न

## ग्रामीण अंचलों में नाव के सहारे मौके पर पहुंचा बचाव दल, चैतन्य सिटी में कमर तक पानी



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ जबलपुर में मानसून की झमाझम बारिश हो रही है। नगर और आस-पास के क्षेत्रों में लगातार होने वाली बारिश के चलते कई क्षेत्र जलमग्न हो गये हैं।

पानी कमर तक पहुंच गया है, इतना ही नहीं नगर की मुख्य सड़कों पर भी जल भराव हो गया है। जबलपुर में अब तक औसत से 25 प्रतिशत अधिक बारिश हो गई है। जिससे प्रशासन की पोल खुल गई है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि ऐसी स्थितियों का जायजा लेने भी निकल गये थे। ग्रामीण क्षेत्र परियट के कंदरा खेड़ा मे इतना पानी भर गया था, जिसको देखते हुए बचाव दल को नाव के सहारे लोगों को बचाने पहुंचना पड़ा है और बचाव आपरेश भी चलाय गया। वहीं मंडला और डिंडौरी से जबलपुर का सड़क मार्ग टूट गया है। जिसके चलते वाहनों का आना जाना बंद हो गया है। नर्मदा नदी उफान पर है। मंडला, डिंडौरी में नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बारिश से बरगी बांध में लगातार जल बढ़ रहा है। जिसके बाद यहां पर 15 से ज्यादा गेट खोले गये हैं। जिससे ग्वारीघाट समेत अन्य घटों में तीस से पैंतीस फीट तक पानी ऊपर आ सकता है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने तटीय इलाकों में रहने वालों के लिये अलर्ट जारी कर दिया है।

जबलपुर में बाढ़ जैसे हालात हैं। जबलपुर में मौसम करीब दस दिन बाद मेहरबान हुआ है। बीते 24 घंटे में 12 इंच से ज्यादा बारिश हो गई है, पानी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस तरह जबलपुर में अब तक 35 इंच के करीब बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने जिले भर में रेड अलर्ट जारी किया है, अभी भी भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग की माने तो बंगाल की खाड़ी व उससे लगे बांग्लादेश के तट पर गहरा दबाव का क्षेत्र बन गया है। मानसून द्रोणिका भी अपनी सामान्य स्थिति से ऊपर चली गई है। बंगाल की खाड़ी में बनी मौसम प्रणाली के असर से आज भी जबलपुर सहित संभाग के कई जिलों में गरज चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

आगामी दो दिनों में भी शहर में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। दो दिन से हो रही लगातार बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में पानी भर गया है, निचले इलाकों में निवासरत लोगों को लगातार बारिश होने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है, वहीं गुरंदी, बल्देवबाग, नरघैया बाजार सहित कई इलाकों में पानी भरने के कारण व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जलमग्र क्षेत्रों का दौरा किया है। दूसरी ओर कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को भी बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### डिंडौरी में नर्मदा दिखा रही रौद्र रूप



डिंडौरी में नर्मदा भी रौद्र रूप दिखा रही है। डिंडौरी में ऊंचाई करीब 22 फीट ऊंचा पुल डूब गया है। सैंकडों ग्रामों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। डिंडोरी जिले में पिछले दो दिनों से लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। मूसलाधार बारिश के चलते नर्मदा नदी खतरे के निशान के ऊपर से बह रही है और जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे में नर्मदा नदी पर बना पुल बाढ़ में पूरी तरह से डूब गया है। इसके चलते हाईवे पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

### दमोह के भदर हितर्वा नाला में आई बाढ़, दो गांव डूबे



दमोह जिले जबेरा ब्लॉक के भदर हितर्वा नाला में भीषण बाढ़ आ गई। इससे ग्राम पंचायत बंशीपुर सहित तांवरी और सैकड़ों घर बाढ़ के पानी में डूब गए। तांवरी का मंगला टोला के लोग बाढ़ से घिर गए थे। टापू बने मंगला टोला बाढ़ में फंसे दर्जनों घर के सैकड़ों लोगों का दमोह से आई एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर नाव के सहारे बाहर निकाला। बता दें कि भदर हितर्वा नाला के बीच टापू में बसे इस गांव को बाढ़ के पानी ने घेर लिया था। इसकी सूचना मिलने पर जनपद सीईओ डॉ. आरपी पटेल मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुए एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर बाढ़ में फंसे सैकड़ों लोगों का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। एसडीआरएफ प्रमुख प्राची दुबे और टीम को लेकर गांव पहुंचीं और नाव व अन्य संसाधनों के सहारे सभी को बाहर निकाला।

### बरगी डेम के 15 गेट देर शाम खोले गये



रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने गुरुवार की देर शाम 8 बजे इसके 21 में से 15 जलद्वारों को औसतन 1.76 मीटर ऊंचाई तक खोलने का निर्णय परियोजना प्रशासन ने लिया गया था जिस पर अमल करते हुये गेट को खोल दिया गया है। कार्यपालन यंत्री बरगी बांध अजय सूरे के अनुसार बरगी बांध के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण इसका जलस्तर बढ़ता जा रहा है। गुरुवार दोपहर इसका जलस्तर 420 मीटर दर्ज किया गया था। इसमें बांध में 13 हजार घन मीटर जल की आवक हो रही है। इसे देखते हुए रात 8 बजे लगभग 4 हजार 017 क्युमेक, 1 लाख 41 हजार 860 क्यूसेक जल की निकासी की गई है। इसके लिये बांध के 15 गेट 1.76 मीटर औसत ऊंचाई तक खोले गये हैं। बांध से पानी छोड़े जाने से निचले क्षेत्र में नर्मदा नदी के जल स्तर में 30 से 36 फुट तक की बढ़ोतरी हो जायेगी।

### स्कूलों में दो दिन का अवकाश

शहडोल और डिंडौरी जिलों में लगातार हो रही बारिश के चलते जिला प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। शहडोल कलेक्टर वंदना वैद्य ने बताया कि जिले में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिस कारण कई नदी-नाले उफान पर हैं। इससे आवागमन में कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति है। इस समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने 3 और 4 अगस्त को जिले की सभी स्कूलों में तत्काल प्रभाव से अवकाश घोषित कर दिया है।

## मवेशी चराने गए शख्स पर बाघ ने किया जानलेवा हमला

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले में बाघ आए दिन लोगों को अपना शिकार बना रहा है। वहीं, कुरई विकास खंड के पिपरवानी गांव के एक शख्स पर परासपानी में बाघ ने हमला कर दिया, जिससे व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों के शोर को सुनकर बाघ भाग



गया। बचाने आए लोगों ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, कुरई क्षेत्र के पिपरवानी का रहने वाला कृष्ण गोपाल गाय चराता है। पिपरवानी और परासपानी के बीच मवेशियों को चराते समय बाघ ने उस पर हमला दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग उसे बचाने के लिए दौड़े, जिसके बाद बाघ भाग गया। लोगों ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरई में भर्ती कराया। यहां के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना वन विभाग को भी दी गई। इसके बाद वन अमला जांच में जुट गया है।

## बारिश में जबलपुर-कटनी रेलवे ट्रैक पर आई मिट्टी

### इंदौर-बिलासपुर ट्रेन नागपुर रूट से रवाना, इटारसी-कटनी मैमू रद्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर-कटनी रेलवे स्टेशन के बीच बारिश की वजह से रेलवे ट्रैक पर मिट्टी आ गई। ऐसे में इंदौर-बिलासपुर ट्रेन को रूट डायवर्ट कर चलाना पड़ा। यह ट्रेन भोपाल से इटारसी रेलवे जंक्शन पर पहुंची, लेकिन 2 घंटे यहां पर खड़ी रहने के बाद इस ट्रेन को नागपुर रूट से डायवर्ट कर चलाया गया है। रेलवे के अफसरों का कहना है कि अब रूट चालू है। ट्रेन में बैठे पिपरिया, नरसिंहपुर और जबलपुर के 100 यात्रियों को इटारसी रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। उन्हें दूसरी ट्रेन में बैठा कर गंतव्य तक रवाना किया गया।

रेलवे स्टेशन के अधीक्षक ने बताया कि ट्रैक में मिट्टी बह जाने की वजह से सुबह चलने वाली मैमू ट्रेन इटारसी-कटनी को रद्द कर दिया गया है। इन यात्रियों को जनता एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में बैठाकर जबलपुर की ओर रवाना किया। इटारसी स्टेशन पर पहुंची इंदौर-बिलासपुर करीब 2 घंटे की देरी से रवाना हुई। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि जबलपुर रोड का ट्रैक शुरू हो गया है, अन्य गाड़ियों को अब यहां से सुचारू रूप से चलाया जा रहा है।

## होमगार्ड सैनिकों को राहत, कॉल ऑफ देने पर रोक, अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से होमगार्डस सैनिकों को राहत मिली है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की अदालत ने होमगार्ड्स की ड्यूटी में दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय ने ने याचिका को पूर्व से लंबित मामलों के साथ लिंक करते हुए राज्य शासन, डीजी होमगार्ड व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश भी दिए।

छिंदवाड़ा होमगार्ड्स में पदस्थ आनंद सूर्यवंशी और भानू मिंटो की ओर से दायर मामले में सरकार द्वारा 13 सितंबर 2022 को होमगार्ड रूल्स 2016 में किए गए संशोधन को चुनौती दी है। जिसमें कहा गया कि संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर 3 साल में 2 माह का कॉल ऑफ कर दिया गया। जबकि वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य अनुतोष की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इस आदेश को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन सुकों ने हाईकोर्ट के आदेश को यथावत रखा। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2016 में नियम बनाये और आदेश के विपरीत पुन: एक वर्ष में 2 माह का बाध्य कॉल ऑफ का प्रावधान रख दिया। इसे लेकर कई याचिकाएं हाईकोर्ट में लंबित हैं।

वर्ष 2020 में होमगार्ड विभाग द्वारा बाध्य कॉल ऑफ का आदेश जारी किया गया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हाईकोर्ट ने विभाग के आदेश पर स्टे कर दिया। जब विभाग ने आदेश का पालन नहीं किया तो अवमानना याचिकाएं प्रस्तुत की गईं। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## जिले की सबसे बड़ी कार्रवाई- पुलिस ने 38 लाख के नशीले इंजेक्शन बरामद किये

### दोनों आरोपी गिरफ्तार, हो सकते हैं और भी खुलासे

**जबलपुर, देशबन्धु।** नशे की मंडी बन चुके संस्कारधानी में बेखौफ होकर नशीले इंजेक्शन, अवैध शराब-गांजा खुलेआम बेच रहे हैं और बेतहाशा रूपया कमा रहे हैं। जिसके कारण लगभग युवा नशे की चपेट में आ रहा है, और युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है।

इसी कड़ी में पुलिस को लाखों रूपये के नशीले इंजेक्शन बर्बाद किये हैं। जिस पर पुलिस ने एक दवा माफिया के अड्डे पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन पकड़े हैं। नशा माफिया के खिलाफ जिले की यह सबसे कार्रवाई है। पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी ने पुलिस कंट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता बुलाकर इस बात खुलासा किया है।

एसपी ने बताया कि 28 जुलाई को क्राईम ब्रांच एवं थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने एमएन फार्मा मनी



प्लाजा बड़ी ओमती के संचालक नीरज परियानी एवं नशीले इंजेक्शन बेचने वाले राजू विश्वकर्मा को पकड़ा था जिससे 8 लाख रूपये के 7400 नशीले इंजेक्शन बरामद किये गये थे।

पूछताछ पर नीरज ने पुलिस को बताया था कि आनंद कॉलोनी में एक और मकान किराये पर लेकर उक्त मकान में नशीले इंजेक्शन बेचने के लिये छिपाकर रखा हुआ है तथा 10 हजार इंजेक्शन बेचने के लिये राजू विश्वकर्मा को देना बताया। नीरज परियानी की निशादेही पर पुलिस ने आनंद कॉलोनी स्थित मकान में दबिश देते हुये 26 कार्टूनों में 52 हजार नशीले इंजेक्शन तथा राजू विश्वकर्मा के लालमाटी स्थित घर में दबिश देते हुए 10 हजार नशीले इंजेक्शन इस प्रकार कुल 62 हजार नशीले इंजेक्शन बुप्रेनोरफिन हाईड्रोक्लोराईड इंजेक्शन फारजेसिक-2 कीमती 38 लाख रूपये के जप्त करते हुये दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## नशीले इंजेक्शन के सौदागर को जमानत नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** एडीजे चन्द्रसेन मुवेल की अदालत ने नशीले इंजेक्शन के सौदागर रांझी निवासी नीरज परियानी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

अदालत को बताया गया कि कोतवाली पुलिस ने आरोपित को नशीले इंजेक्शन सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी सुनियोजित तरीके से राजू विश्वकर्मा के माध्यम से नशीले इंजेकशन जगह-जगह बिकवाता है। इस अवैध कारोबार के लिए गोदाम तक बनाकर रखा गया है। जिसमें बड़ी तादाद में पुलिस ने नशीले इंजेक्शनों का जखीरा बरामद किया है।

सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामले में शासन की ओर से एजीपी कुक्कू दत्ते पक्ष रखा।

## बाओबाब वृक्षों के मामले में जवाब पेश करने मोहलत

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने धार जिले में बाओबाब वृक्षों की कटाई बिक्री तथा परिवाहन पर रोक बरकरार रखते हुए सरकार को जवाब पेश करने एक सप्ताह की मोहलत प्रदान की है।

गौरतलब है कि धार जिले में बाओबाब के पेड़ों को काटने, बिक्री करने तथा परिवाहन की अनुमति दिये जाने संबंधित अखबार में प्रकाशित हुई खबर पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। जिसकी जनहित के रूप में सुनवाई करते हुए उसके विक्रय, परिवहन पर न्यायालय ने पूर्व में रोक लगा दी थी।

## रेलवे बोर्ड में सलाहकार अरूण सक्सेना ने इलेक्ट्रिक लोको शेड में कवच प्रणाली का किया निरीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के कोटा मंडल के अंतर्गत विद्युत लोको शेड तुगलकाबाद में नवाचार कार्य नियमित रूप से किये जाते हैं। वर्तमान में सम्पूर्ण भारतीय रेल में टक्कर रोकने में मददगार कवच प्रणाली अपनाने पर मुख्य रूप से फोकस किया जा रहा है। जिसके मद्देनजर बुधवार, 02 अगस्त को रेलवे बोर्ड में रेलमंत्री जी के तकनीकी सलाहकार अरुण सक्सेना ने विद्युत लोको शेड तुगलकाबाद में कवच की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया।

श्री सक्सेना ने कवच (ट्रेन कोलीजन अवाइडेड सिस्टम) के इन्स्टालेशन एवं संचालित करने के बारे मे आवश्यक जानकारी प्राप्त की व दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही अधिकारियों, पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों से रू-ब-रू होकर तकनीकी फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान शेड द्वारा किए जा रहे नवाचारों एवं परफॉर्मेंस को देखते हुए शेड के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों की सराहना की। शेड के प्रांगण मे स्थित नवग्रह वाटिका में वृक्षारोपण भी किया ।

निरीक्षण के दौरान कार्यकारी निदेशक/सिग्नल रेलवे बोर्ड श्री श्याम वर्मा, निदेशक/आर.एस./रेलवे बोर्ड श्री किशोर वैभव, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस), तुगलकाबाद श्री वांछित खरे उपस्थित रहे।


सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 90 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 92 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 96 |

मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 100 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 96 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 94 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 94 |

मो.-9039925000, 9425800409



आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496


## बारिश के मद्देनजर जिले की सभी शालाओं में 4 अगस्त को अवकाश घोषित

### कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जिले में पिछले चौबीस घण्टे से लगातार हो रही बारिश और आगामी 24 घण्टे में बारिश के संभावनाओं को देखते हुये शुक्रवार 4 अगस्त को जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में कक्षा एक से बारहवीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये अवकाश घोषित किया है। बता दें कि प्रदेश में लगभग सभी जिलों में बारिश चलते स्थानीय कलेक्टरी ने अवकाश घोषित किया है।